बैशाख मास, कृष्ण पक्ष 11, वर्ष 12, अंक 67, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, रविवार, 16 अप्रैल, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : अलग कथा संसार है अमित श्रीवास्तव का



अन्दर : रोहित शर्मा की टीम के लिये सबसे बड़ी चुनौती केकेआर के आक्रामक बल्लेबाजों को रोकने की होगी

# नदी में गिरी ट्रैक्टर-ट्रॉली, 14 की मौत

## ओवरटेक के दौरान शाहजहांपुर में हुआ हादसा, कई गंभीर

**हादसा**

**भागवत कथा के लिए जल लेने जा रहे थे लोग**

**शाहजहांपुर।** तिलहर निगोही रोड पर शनिवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली पुल से नीचे गर्रा नदी में गिर गई। एसपी ने हादसे में 14 लोगों की मौत की पुष्टि की है। ट्रॉली में 39 लोग सवार थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली रटा पुल से रेलिंग तोड़ती हुई नदी में गिरी। मौके पर स्थानीय लोगों के साथ पुलिस पहुंच गई है। ग्राम सनौरा के लोग गांव में भागवत कथा के लिए जल लेने जा रहे थे। एसपी एस आनंद के मुताबिक हादसे में 28 लोग घायल हुए हैं। मौके पर एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम पहुंची और घायलों को नजदीकी सीएचसी भेजा गया। जिला अस्पताल को भी अलर्ट किया गया है। गंभीर घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। मृतकों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और डीसीएम से लोग



अजमतपुर गांव में हो रही भगवत कथा के लिए जल लेने जा रहे थे। इसी दौरान दोनों ट्रॉलियां एक दूसरे को ओवरटेक करने लगीं। जिसके बाद एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पुल की रेलिंग तोड़कर करीब 40 फीट नीचे गिर गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में ट्रैक्टर भी क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने ट्रॉली से ट्रैक्टर को अलग किया। आस-पास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। लोगों ने पुलिस को सूचना देने के साथ ट्रॉली को सीधा किया। ट्रॉली के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया।

ट्रैक्टर-ट्रॉली से आगे चल रहे बाइक सवार रामवीर ने बताया, मैं उसी ट्रैक्टर के आगे चल रहा था। पीछे धमाके की आवाज सुनाई दी, देखा तो ट्रॉली ट्रैक्टर समेत नीचे गिरी थी। ट्रॉली में सवार कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसे में मेरी पत्नी को चोट आई है।

### सीएम योगी ने जताया दुःख, सहायता घोषित

सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं। इसी के साथ घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है। मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है।वहीं सीएचसी में डॉक्टर ने 11 लोगों को मृत घोषित कर दिया। 30 घायलों में से 27 को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बरेली जोन के अपर पुलिस महानिदेशक प्रेमचंद्र मीना, आईजी डॉ. राकेश, डीएम उमेश प्रताप सिंह, एसपी एस. आनंद आदि अधिकारी सीएचसी पहुंचे।

### श्रावस्ती में भी हादसा, पिता को मुखाग्नि देने आ रहे 3 बेटों की मौत



शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार इनोवा अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 8 लोग घायल हो गए। मरने वालों में तीन वो बेटे हैं, जो पिता की मौत के बाद उन्हें मुखाग्नि देने के लिए लुधियाना से घर आ रहे थे। पिता की एक दिन पहले किसी बीमारी के चलते मौत हुई थी। कार में 14 लोग सवार थे। घायल 8 लोगों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसा इकौना थाना क्षेत्र के सोन नदी के पास तड़के 4 से 5 बजे हुआ है। घटनास्थल से घर की दूरी महज 12 किमी रह गई थी। पुलिस का आशंका है कि ड्राइवर को नींद आने के चलते हादसा हुआ है। घायलों की स्थिति गंभीर है। डीएम ने बताया कि मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये सहायता राशि प्रदान की जा रही है। घायलों के समुचित इलाज के लिए प्रबंध किए गए हैं। एजेंसी

# बिहार में शराब पार्टी के बाद 16 की मौत



**जहरीली दारू**

**12 की हालत गंभीर, परिजन बोले- खेत में की थी शराब पार्टी**

**गेहूं की फसल काटने के बाद शराब पी थी**

**पटना।** मोतिहारी के तुरकौलिया, हरसिद्धी और पहाड़पुर थाना शुक्रवार को दो मौतें हुईं। लोगों ने जहरीली शराब कहा। पोस्टमार्टम नहीं हुआ। प्रशासन डायरिया बताता रहा। फिर शनिवार दोपहर तक 16 लोगों की मौतें हो गईं। मरने वालों की उम्र 19 से 48 साल के बीच की है। इनमें सबसे अधिक तुरकौलिया से 11, हरसिद्धी से 3 और पहाड़पुर से 2 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों के परिजनों का कहना है कि गुरुवार शाम गेहूं की फसल काटने के बाद खेत में शराब पार्टी हुई थी। रात में घर आकर सो गए। सुबह कई लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। अस्पताल में पहले पिता-पुत्र ने दम तोड़ा। इसके बाद प्रशासन ने गांव में मेडिकल टीम भेजी। जहरीली शराब से मौत की बात से इनकार कर दिया। शनिवार सुबह तक प्रशासन डायरिया और फूड प्वाइजनिंग पर डटा रहा। इधर, लोग मर रहे हैं और पोस्टमार्टम बगैर परिवार वालों ने 7 लाशों को जला दिया गया। 12 लोग गंभीर है, उनके बारे में कोई जानकारी खुलकर नहीं आ रही है। इनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इन लोगों द्वारा भी शराब पीने की बात सामने आ रही है। इधर, मामला गंभीर होते देख पुलिस मुख्यालय के मोतिहारी एसपी को जांच का निर्देश दिया है। पटना से मद्य निषेध विभाग की एक स्पेशल टीम मोतीहारी पहुंच गई है। इधर, इस मामले में डीआईजी ने 7 लोगों की गिरफ्तारी की बात कही है। मुख्यमंत्री मोतिहारी के सवाल पर कहा कि लोगों को तो गलत काम नहीं करना चाहिए। सबको कितनी बार समझाया गया है कि गलत काम मत करो। गलत काम से नुकसान होता है। मृत छोटू कुमार की बहन प्रतिमा कुमारी ने बताया कि गुरुवार को वह काम करने बालगंगा गांव गया था। गेहूं की फसल काटने के बाद ध्रुप पासवान भी उसके साथ ही काम करने गया। शाम में ध्रुप पासवान ने उसे शराब पिला दी। यहां पर कुल 6 लोग शराब पार्टी की थी। इसमें से 4 की मौत हो गई। इनमें ध्रुप पासवान भी शामिल था। वहीं मृत अशोक कुमार की बेटी शोभा ने कहा कि पिताजी ने भी शुक्रवार शाम को शराब पी थी। घर आए तो रात में एक रोटी खाकर सो गए। उन्होंने सिर बहुत दर्द कर रहा, आराम से सोने दो। शुक्रवार सुबह उनकी तबीयत बिगड़ी गई। सदर अस्पताल लेकर गए तो वहां से मुजफ्फरपुर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## रायगढ़ में खाई में गिरी बस, 13 की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के रायगढ़ में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां के खपोली इलाके में एक बस सड़क से उतरकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 13 लोगों की मौत हुई है, जबकि 29 से अधिक घायल हुए हैं। इस दुर्घटना के ठीक बाद स्थानीय लोगों ने ही बस में सवार लोगों के बचाव की कोशिशें शुरू कर दीं। बताया गया है कि रेस्क्यू ऑपरेशन अब भी जारी है। पुलिस के मुताबिक, निजी बस पुणे से मुंबई जा रही थी। मुंबई-पुणे हाईवे पर ही शिंगरोबा मंदिर के पास ही यह नियंत्रण खोकर सड़क से उतरकर 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। बस में 42 के करीब यात्री सवार थे। राहत-बचाव कर्मियों ने सभी घायलों को पास के अस्पताल पहुंचाया।

# मलिक के दावों पर घमासान

**पुलवामा अटैक**

**कांग्रेस के 5 सवाल, मोदी सरकार पर वार**

**नई दिल्ली।** सत्यपाल मलिक जम्मू कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश बनने से पहले यहां के आखिरी राज्यपाल थे। जिस वक्त पुलवामा हमला हुआ, उस वक्त भी वह राज्यपाल के पद पर आसीन थे। एक इंटरव्यू के दौरान सत्यपाल मलिक ने उस वक्त के गृहमंत्री राजनाथ सिंह पर सवाल खड़े किए तो वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी जिक्र किया। जिस पुलवामा अटैक ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था, 4 साल बाद भी उस पर सियासत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। एक बार फिर इस सियासत को हवा दी है जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल रहे सत्यपाल मलिक ने। जिन्होंने एक इंटरव्यू में पुलवामा हमले की एक वजह केंद्र सरकार की खामी को बताया है। दरअसल, सत्यपाल मलिक जम्मू कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश बनने से पहले यहां के आखिरी राज्यपाल थे। जिस वक्त पुलवामा हमला हुआ, उस वक्त भी वह राज्यपाल के पद पर आसीन थे। एक इंटरव्यू के दौरान सत्यपाल मलिक ने उस वक्त के गृहमंत्री राजनाथ सिंह पर सवाल खड़े किए तो वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी जिक्र किया। सत्यपाल मलिक के इस इंटरव्यू के बाद एक बार फिर कांग्रेस मोदी सरकार पर हमलावर हो गई है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार से पुलवामा अटैक को लेकर पांच सवाल किए हैं। वे सवाल हैं- मोदी सरकार ने सीआरपीएफ जवानों को एयरक्राफ्ट क्यों नहीं दिए? खुफिया इनपुट और जैश की धमकी को अनदेखा क्यों किया? आतंकियों को भारी मात्रा में आरडीएक्स कैसे मिला? पुलवामा हमले की जांच कहां तक पहुंची?एनएसए अजीत डोभाल और तत्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह की क्या जिम्मेदारी तय की गई? पुलवामा हमले के बाद संवैधानिक पद पर बैठे गवर्नर को मोदी ने 'चुप रहने' की धमकी क्यों दी?



# कर्नाटक में पूर्व सीएम शेट्टार के बागी तेवर

**अल्टीमेटम**

**कहा- टिकट नहीं मिला तो 20-25 सीटों पर होगा असर**

हुब्बाली। कर्नाटक विधानसभा चुनावों के लिए टिकटों के बंटवारे के बाद से ही भारतीय जनता पार्टी जबर्दस्त बगावत झेल रही है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार ने बागी तेवर अपनाते हुए कहा कि उन्हें टिकट न दिए जाने का असर राज्य में कम से कम 20 से 25 सीटों पर पड़ेगा। बता दें कि भाजपा आलाकमान ने उनसे हुब्बाली-धारवाड मध्य सीट से विधानसभा चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के लिए कहा है। इस पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता शेट्टार ने कहा कि वह रविवार तक टिकट दिए जाने पर पार्टी के फैसले का इंतजार करेंगे और उसके बाद अगले



कदम पर निर्णय लेंगे। बीजेपी ने अभी तक हुब्बाली-धारवाड मध्य समेत कर्नाटक की 12 विधानसभा सीटों पर कैंडिडेट्स की लिस्ट जारी नहीं की है। शेट्टार ने कहा, ह्यमैं कल तक इंतजार करूंगा और फिर अपने अगले कदम पर फैसला लूंगा। शेट्टार ने कहा कि पार्टी को यह सुनिश्चित करना होगा कि इसका कोई नकारात्मक असर न पड़े। उन्होंने कहा, ह्यपूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने भी कहा है कि अगर शेट्टार को टिकट नहीं मिलता है, तो इसका केवल एक क्षेत्र पर असर नहीं पड़ेगा। इसका उत्तरी कर्नाटक में कई निर्वाचन क्षेत्रों पर तत्काल असर पड़ेगा। कम से कम 20 से 25 निर्वाचन क्षेत्रों पर। शेट्टार ने कहा सका निश्चित तौर पर पूरे कर्नाटक पर असर पड़ेगा, लेकिन 20 से 25 सीटों पर ज्यादा देखा जाएगा। हुब्बाली-धारवाड नगर निगम के कुछ पार्षदों द्वारा इस्तीफे की पेशकश किए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह अपना प्यार दिखाने के लिए उनके आभारी हैं।

शेट्टार ने कहा कि पार्षदों ने अपनी नाखुशी जताई है। वे आहत हैं। उनकी भावनाएं आहत हैं, इसलिए नगर निगम से इस्तीफा देकर अपना आक्रोश जता रहे हैं। शेट्टार ने कहा कि वह पार्षदों की राय पर गौर करेंगे और फिर अगले कदम पर फैसला लेंगे।




# सपा ने जारी की दूसरी लिस्ट छह मेयर प्रत्याशी की घोषणा

**उप निकाय चुनाव**

**लखनऊ।** दो चरणों में होने वाले यूपी निकाय चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने शनिवार को मेयर प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इससे पहले सपा ने पहली लिस्ट जारी की थी जिसमें आठ प्रत्याशियों के नामों की ऐलान किया था। सपा की दूसरी लिस्ट में छह जिलों में मेयर प्रत्याशी घोषित किया है। सपा ने बरेली से संजीव सक्सेना, मथुरा से तुलसीराम शर्मा, वाराणसी से ओपी सिंह, आगरा से ललिता जाटव, अलीगढ़ से पूर्व विधायक जमीर उल्ला खां और गाजियाबाद से पीएन गर्ग की पत्नी नीलम गर्ग को मेयर पद का प्रत्याशी घोषित किया है। बीते बुधवार को सपा ने 17 में से आठ मेयर प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की थी। इस दौरान सपा ने लखनऊ के साथ गोरखपुर, इलाहाबाद, झांसी, मेरठ, शाहजहांपुर, फिरोजाबाद, अयोध्या के लिए मेयर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की। इसके अलावा तिलहर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए लालबाबू और कुन्दरकू नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए शमीना खातून को उतारा गया है।



**मेयर के लिए किसे कहां से मिला टिकट**

लखनऊ बन्दना मिश्रा<br>
गोरखपुर काजल निषाद<br>
इलाहाबाद अजय श्रीवास्तव<br>
झांसी रघुवीर चौधरी<br>
मेरठ सीमा प्रधान<br>
शाहजहांपुर अर्चना वर्मा<br>
फिरोजाबाद मशरूर फातिमा<br>
अयोध्या आलोक पाण्डेय<br>
बरेली से संजीव सक्सेना<br>
मथुरा से तुलसीराम शर्मा<br>
वाराणसी से ओपी सिंह<br>
आगरा से ललिता जाटव<br>
अलीगढ़ से पूर्व विधायक जमीर उल्ला खां




### सभी नगर निगमों में होंगी योगी की सभाएं व रोड शो

**लखनऊ।** निकाय चुनाव में महापौर पद के नामांकन के साथ भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान का आगाज होगा। पार्टी का पूरा फोकस सभी 17 नगर निगमों और जिला मुख्यालय वाली नगर पालिका परिषदों की जीत पर है। निगमों में होने वाले महापौर के नामांकन में केंद्र व राज्य सरकार के मंत्री, सांसद-विधायक और वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी सभी नगर निगमों के साथ बड़ी नगर पालिकाओं में चुनावी सभा और रोड शो करेंगे। वहीं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के साथ सरकार के मंत्रियों को भी जातीय समीकरण के लिहाज से चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी दी जाएगी। पार्टी ने चुनाव प्रभारियों को साफ संदेश दिया है कि चुनाव जीतने के लिए हर संभव प्रयास करें। किसी भी बड़े नेता या मंत्री की सभा की आवश्यकता हो तो प्रदेश मुख्यालय में बताएं।

# कांस्टेबल भर्ती की परीक्षा अब क्षेत्रीय भाषाओं में भी होगी

**खुला दायरा**

**गृह मंत्रालय का ऐतिहासिक फैसला**

**नई दिल्ली।** हिंदी और अंग्रेजी ही नहीं, इस बार से केंद्रीय सशस्त्र बल के कांस्टेबल पद की परीक्षा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में दी जा सकती है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी आई है। गृह मंत्रालय के एक बयान में बाद में कहा गया कि गृह मंत्री अमित शाह ने सशस्त्र बलों में स्थानीय भर्ती बढ़ाने के लिए एक ऐतिहासिक फैसला लिया है।

इस बार से केंद्रीय पुलिस के कांस्टेबल पद के लिए परीक्षा क्षेत्रीय भाषा में भी दी जा सकती है। अभी तक नौकरी के इच्छुक उम्मीदवार यह परीक्षा हिंदी या अंग्रेजी में दे सकते थे। लेकिन कई संगठनों और राजनीतिक दलों ने क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए गृह मंत्रालय से विभिन्न राज्यों की व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली भाषाओं में प्रश्नपत्र तैयार करने की अपील की है। गृह मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि उम्मीदवार हिंदी और अंग्रेजी के अलावा बंगाली, असमिया, गुजराती, मराठी, मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, उड़िया, उर्दू, पंजाबी, मणिपुरी और कोंकणी भाषाओं में परीक्षा दे सकते हैं।



कुछ दिन पहले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर अनुरोध किया था कि परीक्षा तमिल में भी कराई जाए। मंत्रालय का नया फैसला सामने आने के बाद स्टालिन ने ट्वीट किया, मुझे खुशी है कि गृह मंत्रालय ने मेरे पत्र के बाद यह फैसला लिया। मैं सभी राज्यों की स्थानीय भाषाओं में परीक्षा कराने के फैसले का स्वागत करता हूं। स्टालिन ने इस भर्ती परीक्षा में 'बेसिक हिंदी अंडरस्टैंडिंग के लिए रखे गए 25 प्रतिशत अंकों को लेकर शिकायत की थी। स्टालिन ने कहा था कि इसमें तमिल के साथ ही दूसरी क्षेत्रीय भाषाओं को भी रखा जाना चाहिए। स्टालिन ने कहा कि इसके कारण सीएपीएफ में नौकरी पाने के इच्छुक तमिलनाडु के युवाओं के चयन के मौके कम हो जाते हैं।

# राजस्थान में कांग्रेस विधायकों की नब्ज टटोलेंगे रंधवा

**लेंगे हाल**

**सचिन पायलट के अनशन से उपजे विवाद के बीच हाईकमान का निर्देश**

**जयपुर।** राजस्थान में सचिन पायलट के अनशन से उपजे विवाद के बीच प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा 17. 18 और 20 अप्रैल को कांग्रेस विधायकों से वन टू वन संवाद करेंगे। जबकि 19 अप्रैल को कार्यशाला का आयोजन होगा। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, सीएम अशोक गहलोत और पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा विधायकों से वन टू वन संवाद करेंगे। पायलट के अनशन के बाद कांग्रेस पसोपेश में है। प्रदेश प्रभारी सुखदर सिंह रावा कांग्रेस विधायकों के वन टू वन संवाद करेंगे। विधायकों की नब्ज टटोलेंगे। 17 अप्रैल को अजमेर, टोंक, नागौर और भीलवाड़ा, जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर के कांग्रेस विधायकों से संवाद करेंगे। 18 अप्रैल को उदयपुर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, राजसमंद, कोटा, बारां, बूंदी, झालावाड़, भरपुर, धौलपुर, करोली और सवाई माधोपुर के कांग्रेस विधायकों से संवाद करेंगे। कांग्रेस प्रभारी 19 अप्रैल को एआईसीसी डेलीगेट्स, मेंबर्स, पीसीसी मेंबर्स, एमी प्रत्याशी, पूर्व सांसद, पूर्व पीसीसी चीफ, पूर्व सीएलपी लीडर, विधायक प्रत्याशी, पूर्व विधायक और पूर्व जिला अध्यक्ष,

# अतीक का बेटा असद दफनाया गया

## जनाजे में नहीं पहुंच सका गैंगस्टर, नाना-मौसा समेत 25 रिश्तेदार हुए शामिल

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के बेटे असद को शनिवार सुबह 10 बजे प्रयागराज के कब्रिस्तान में दफना दिया गया। असद के नाना हामिद अली समेत 20-25 रिश्तेदारों को ही कब्रिस्तान में पुलिस ने जाने दिया। अतीक बेटे के जनाजे में शामिल नहीं हो पाया। सुपुर्द-ए-खाक की रस्म के दौरान कसारी-मसारी कब्रिस्तान की ड्रोन से निगरानी की गई। पुलिस की सुरक्षा की भी सख्त थी।सुबह 9.30 बजे असद और गुलाम के शवों को झांसी से प्रयागराज लाया गया। असद की बॉडी को अतीक के घर की जगह सीधा कसारी-मसारी कब्रिस्तान ले जाया गया। वहीं, गुलाम के शव को प्रयागराज के ही मेहदौरी कब्रिस्तान ले जाया गया। वहां सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अतीक के रिश्तेदारों को कसारी-मसारी कब्रिस्तान पुलिस खुद अपनी गाड़ी से लेकर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों को कब्रिस्तान से करीब 200 मीटर दूर रोक दिया। मीडिया को भी एंट्री नहीं दी गई। अतीक के चकिया स्थित घर से कब्रिस्तान तक कदम-कदम पर फोर्स तैनात रही। इससे पहले, शुक्रवार रात 1.30 बजे पुलिस सुरक्षा में दोनों के शवों को पुलिस और रिश्तेदार लेकर झांसी से रवाना हुए। झांसी में गुरुवार को हुए एनकाउंटर में एसटीएफ ने दोनों को मार गिराया था। दोनों 24 फरवरी को प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड में फरार थे। यूपी पुलिस ने दोनों पर 5-5 लाख का इनाम घोषित कर रखा था। अतीक ने बेटे के जनाजे में शामिल होने के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी। हालांकि, सुनवाई नहीं हो पाई। वहीं, मां शाइस्ता फरार हैं। असद के रिश्ते में लगने वाला नाना हामिद अली ने कहा कि हमने शव को नहलाने के बाद सुपुर्द-ए-खाक किया। उनकी मां यहां नहीं है तो वह मजबूरी है। उनके दिल से पूछना चाहिए (क्या यह सही है)। अउढ प्रयागराज आकाश कुलहरि ने कहा कि असद परिवार के 20-25 लोग हैं। असद के नाना यहां हैं। उन्होंने दफनाने की प्रक्रिया की। असद के साथ एनकाउंटर में मारे गए शूटर गुलाम के शव को प्रयागराज के मेहदौरी कब्रिस्तान ले जाया गया। वहां सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान काफी फोर्स तैनात रही है। गुलाम को जब सुपुर्द-ए-खाक किया गया, तो उसके कुछ चुनिंदा रिश्तेदार ही मौके पर रहे हैं। असद के अंतिम संस्कार में अतीक के वकील विजय मिश्रा भी पहुंचे थे। कब्रिस्तान से निकलकर उन्होंने मीडिया से बात की। कहा, ङ्कोर्ट के समय के पहले असद को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

**सुपुर्दे खाक**

**पब्लिक को 200 मीटर दूर रोका मीडिया को भी नो-एंट्री**

**नाना ने कहा- असद की मां यहां नहीं है तो वह मजबूरी है**



### असद-गुलाम एनकाउंटर की होगी मजिस्ट्रियल जांच, जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किए आदेश

झांसी के थाना बड़ागांव इलाके में बृहस्पतिवार को एसटीएफ के साथ हुई मुठभेड़ में माफिया अतीक अहमद का बेटा असद अहमद और शूटर गुलाम मारा गया था। पुलिस का कहना था कि दोनों अतीक अहमद को पुलिस कस्टडी से छुड़ाने के लिए झांसी पहुंचे थे। दोनों की गिरफ्तारी की कोशिश की गई थी, लेकिन उन्होंने एसटीएफ पर फायरिंग कर दी थी। एसटीएफ की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई में असद और गुलाम मारे गए थे। जिला मजिस्ट्रेट रविंद्र कुमार ने इस घटना की मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश जारी कर दिए हैं। जांच अधिकारी नगर मजिस्ट्रेट अंकुर श्रीवास्तव को बनाया गया है। नगर मजिस्ट्रेट ने जांच शुरू कर दी है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि कोई घटना के संबंध में किसी तरह की जानकारी या साक्ष्य देना चाहता है तो तीन दिन के भीतर उपलब्ध करा सकता है। एजेंसी

संक्षेप

## सिरखिड़ी पंचायत भवन में लगा सोलर पैनल उठा ले गए चोर

**मेजा।** मेजा क्षेत्र में चोरी का सिलसिला लगातार जारी है। आये दिन क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। लेकिन स्थानीय पुलिस कुम्भकर्णी नींद से बाज नहीं आ रही है। बीती रात अज्ञात चोरों ने मेजा विकास खंड से सिरखिड़ी पंचायत भवन के मुख्य गेट का ताला तोड़ा और भवन में घुस गए। मध्यरात्रि सुनसान होने के कारण चोरों ने भवन के उपर चढ़कर प्रधान द्वारा लगवाए गए सोलर पैनल को खोल लिया गया। चोर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। सुबह ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। जानकारी पर पहुँचे ग्राम प्रधान ने मौके का निरीक्षण कर डायल 112 पुलिस बुलाया। सूचना पर पहुची पुलिस निरीक्षण के बाद बैरंग लौट गई। उधर ग्राम प्रधान ने मेजा कोतवाली में लिखित तहरीर देकर पुलिस से कार्यवाही की मांग किया है। ग्राम विकास अधिकारी अर्जुन सिंह ने बताया कि चोरी की सूचना एडीओ पंचायत, खंड विकास अधिकारी को सूचना दे दी गई है ।

# रस्तीपुर में बाइक सवार दो युवकों की दुर्घटना में मौत

हादसा

**रस्तीपुर पेट्रोल पंप के आगे जंघई की तरफ अंधा मोड़ पर गाड़ी की स्पीड अधिक होने के कारण बाइक सड़क के बगल गहरे खड्डे में गिरने से हुआ हादसा**



शव को अपने कब्जे में लेती पुलिस

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत जंघई बरना मार्ग पर रस्तीपुर गांव मे दो बाइक सवार युवक गड्ढे में चले गए जिससे उनकी मौत हो गई। आकाश दुबे पुत्र अरविंद दुबे उम्र 21 वर्ष श्रेयांस दुबे पुत्र राजेंद्र प्रसाद दुबे उम्र 19 वर्ष निवासी गोसैसीपुर बरेस्ता कलां थाना फूलपुर दोनों पड़ोसी थे शुक्रवार रात बिना बताए एक साथ घर से निकले रस्तीपुर पेट्रोल पंप के आगे जंघई की तरफ अंधा मोड़ है गाड़ी की स्पीड अधिक होने के कारण बाइक सड़क के बगल गहरे खड्डे में चली गई जिससे आकाश की मौके पर मौत हो गई जबकि श्रेयांस की मौत स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज में हुई । दोनों में आकाश को अधिक चोट लगी थी दोनों हाथ पैर सीने में अधिक चोट लगने से आकाश की तुरंत मौके पर मौत हो गई। जबकि श्रेयांस के सीने और पैर में चोट लगी थी। चौकी इंचार्ज जंघई सुधीर कुमार पांडेय ने बताया कि डायल 112 द्वारा शनिवार भोर में सूचना मिली कि दो युवक दुर्घटना ग्रस्त बाइक के साथ रस्तीपुर में गिरे पड़े हैं तो मैं एवं चौकी स्टाफ जंघई मौके पर पहुंचे तो देखा एवं मृतकों के परिवार से संपर्क करके शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। आकाश इकलौता बेटा था और दो बहन है आकाश की मां का दो साल पहले निधन हो चुका है आकाश के पिता मुंबई रहते हैं और श्रेयांस के पिता झूंसी में प्राइवेट अध्यापक हैं। श्रेयांस दो भाई था एवं एक बहन है दोनों परिवार में कोहराम मचा हुआ है परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# शोभायात्रा निकालकर धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती

**उरुवा।** मेजा क्षेत्र में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती शुक्रवार को बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाई गई। जिसमें शोभायात्रा निकालकर विविध प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रामनगर में सैकड़ों युवाओं ने बाइक रैली निकाली। बाइक रैली की शुरूआत रामनगर से अनेक स्थानों पर होते हुए मेजारोड अमिलहवा होते हुए पुनः रामनगर बाजार में समाप्त हुई। रामनगर बाजार में युवाओं ने बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा के साथ जुलूस के रूप में शोभायात्रा निकाली। सैकड़ों की संख्या में एकत्र हुए युवाओं ने बाइक रैली के साथ डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को लेकर पदयात्रा करते रामनगर बाजार तथा डोरवा मोड़ से करीब एक किलोमीटर दूर जटा की मोरी से पुनः रामगरीब का तारा मुहल्ले में समाप्त हुई। इस दौरान युवाओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। डीजे बैंड के साथ रहे सैकड़ों युवाओं ने नारा लगाते हुए कहा कि जब तक सूरज चांद रहेगा डॉ. भीमराव आंबेडकर का नाम रहेगा, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर अमर रहे,जय भीम के नारों से वातावरण गूंज उठा। इसके पूर्व रामनगर प्रधान प्रतिनिधि नीरज सिंह यादव ने शोभायात्रा कार्यक्रम की शुरूआत की।



बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की शोभायात्रा में शामिल लोग व झांकिया

संक्षेप

## रामनगर ग्रामसचिवालय पर हुआ बाबा साहब डॉ. आंबेडकर की मूर्ति का अनावरण



**उरुवा।** ग्राम पंचायत के पंचायत भवन को शहीदों के नामकरण के बाद महापुरुषों की मूर्ति लगाने की कड़ी में विकास खंड क्षेत्र उरुवा के रामनगर ग्राम सचिवालय पर शुक्रवार को बाबा साहब की 132वीं जयंती के उपलक्ष में उनकी मूर्ति का अनावरण किया गया। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति का अनावरण मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे मेजा विधायक तथा रामनगर ग्राम प्रधान संगीता नीरज सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विश्वम्भर नाथ पटेल,विजय राज सिंह यादव,यशवंत सिंह,गुलजार अहमद,रियाज अली,एडवोकेट अजय कुमार यादव सहित रामनगर गांव एवं क्षेत्र की जनता हजारों की संख्या में मौजूद रही।

## 23वें रोजा पर की गई इफ्तार पार्टी मांगी सलामती की दुआ

**सहसों।** ग्राम सभा चंदौहा में तेइसवां रोजा के मौके पर आयोजक मंजूर अहमद की देखरेख में माहे रमजान के 23वें रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बेला यादव मौजूद रहे। रोजा इफ्तार कार्यक्रम में देश के अमनोचैन के लिए दुआ मांगी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से आपसी भाईचारा व प्रेम सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। किसी एक स्थान पर एक साथ बैठने से समाज में सामाजिक मजबूती आती है। इस मौके पर भाजपा गंगापार शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रमेश दूबे, सपा के जिला महासचिव राम सुमेर पाल, बीडीसी रमेश भारतीया, मोहम्मद अजीम, मोहम्मद मफ्फन, मौलाना अफसार उद्दीन, अबरार अहमद, डॉ अनवर अली, डॉक्टर जगदीश मौर्य, रामबाबू गौतम सहित आदि शामिल है।

## धूमधाम से मनाई गयी बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती



**नैनी।** दलित बस्ती नैनी में बाबा भीमराव अंबेडकर साहब की जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में किन्नर अखाड़ा की सदस्य महामंडलेश्वर टीना मां प्रमोद शुक्ला जी समाज सेवी अंजुम नाज जी संतोष मौर्यजी नवाब खान जी शहर कांग्रेस कमेटी महासचिव नयन कुशवाहा जी शहर महासचिव राकेश श्रीवास्तव जी शत्रुघ्न भारतीय जी राजू नागेश भारतीय जी अभिजीत तिवारी जी वाअन्य स्थानीय गण शामिल रहे।

## पोस्टर प्रतियोगिता में मुस्कान रही अव्वल



**करछना।** इन दिनों संचारी रोगों से बचाव के लिए चल रहे प्रचार प्रसार अभियान के तहत रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कॉलेज में शनिवार को बच्चों के बीच पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान कई बच्चों ने रंग-बिरंगे जानकारी पूर्ण पोस्टर बनाए। विद्यालय के प्रवक्ता जितेंद्र कुमार शिक्षक मोहम्मद परवेज सिद्दीकी और जगतपाल, एनसीसी अधिकारी रमेश चंद्र तिवारी द्वारा पोस्टरों का निरीक्षण करने के उपरांत कक्षा 10 की छात्रा मुस्कान को पहला स्थान प्राप्त हुआ।विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने पोस्टर प्रतियोगिता की विजेता छात्रा को पुरस्कृत करते हुए बच्चों से संचारी रोगों के प्रति सजग रहने और अपने पास पड़ोस भी लोगों को जागरूक करने पर बल दिया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक,कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## ब्लास्टिंग से पर्यावरण को हो रहा नुकसान

**कोहड़ार।** अबैध और मानक के विपरीत ब्लास्टिंग होने से पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है । बताया कि मेजा के गड़ेवरा गाँव मे एनटीपीसी रेलवे लाइन के पास तीन साल पहले लीज बना दिया गया था उस वक्त गाँव के लोगों ने ब्लास्टिंग करने से मना कर दिया था । अब लीज होल्डर से दबंग किस्म के लोगों ने ले लिया है और धुआंधार ब्लास्टिंग कर रहे हैं । बताया गया कि वहाँ आस पास आम, महुआ, पेड़ लगे हुए हैं जो ब्लास्टिंग के कारण सूखते जा रहे हैं । साथ ही वहीं पर आदिवासी बस्ती है । राम जी आदिवासी, कृष्ण गोपाल कोल, मुनेश कोल, नंदलाल कोल सहित दर्जनों लोगों ने ब्लास्टिंग बंद कराने की मांग की है ।

## चोरी की मोटरसाईकिल के साथ अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**थरवई।** शनिवार को थरवई पुलिस द्वारा चोरी की मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। मामला बीते तीन दिन पूर्व बृहस्पति को भुक्तभोगी मान सिंह पुत्र हरिश्चंद्र यादव निवासी थाना थरवई अंतर्गत लखरांवा गांव गारापुर का रहने वाला है। उनकी दुपहिया वाहन चोरी हो गई थी तभी भुक्तभोगी मान सिंह को सूत्रों द्वारा जानकारी मिली की उनकी पैसन प्रो बाइक जो थाना थरवई खेवराजपुर का रहने वाला राकेश भारतीया पुत्र स्व लाल बहादुर भारतीया ने रखा है। उन्होंने इसकी सूचना 13 अप्रैल 2023 को स्थानीय थाना थरवई में लिखित रूप से सूचना दी। थरवई पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए अभियुक्त राकेश भारतीया पर धारा 379 दर्ज कर कर जाँच पड़ताल में जुट गईं जो 15 अप्रैल शनिवार सुबह में ही थाना थरवई प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में अभियुक्त को थाना क्षेत्र थरवई के खेवराजपुर तिराहे से चोरी हुई मोटर साईकिल हीरो पैसन प्रो के साथ गिरफ्तार करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक बृजेश कुमार यादव, हंसलाल, नैइमुद्दीन आदि द्वारा गिरफ्तार किया गया।

## करछना ब्लाक के सोलर पैनल में शार्ट सर्किट से लगी आग

**करछना।** ब्लाक परिसर में पावर सप्लाई करने वाले सोलर पैनल में शार्ट सर्किट से आग लगने से अफरातफरी मच गई शनिवार दोपहर ब्लाक परिसर में छत पर लगा सोलर पैनल में आग की लपटे निकलते देख एडीओ पंचायत विवेक मिश्रा ने देखा तो कर्मियों को सूचना दी मौके पर पहुंचे कर्मियों ने मिट्टी, बालू डाल कर आग पर काबू पाया गया, जिस छत पर सोलर पैनल लगा था उसके निचे कयी अधिकारियों के बैठने के आफिस संचालित है हालांकि कि समय रहते ब्लाक कर्मी एक जुट होकर सीढ़ी के सहारे छत पर चढ कर आग बुझाने में सफल रहे, बताया जाता है कि केवल जलने से सप्लाई में रूकावट आ गई है, इस बावत एडिओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि जैसे आग की लपटे निकलते देखा तुरंत कर्मचारियों को लेकर आग पर काबू पाया जा सका।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण



विकास कार्यों का निरीक्षण करते मुख्य विकास अधिकारी

**उरुवा।** मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज ने उरुवा ब्लाक के रामनगर और औंता गांव में हुए विकास कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने दोनों स्थानों पर हुए विकास कार्यों की सराहना की। उरुवा विकास खंड क्षेत्र के रामनगर पंचायत भवन पर शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज गौरव कुमार ने आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने रामनगर स्थित शहीद सुखदेव ग्राम सचिवालय और शहीद सुखदेव स्मृति वाटिका तथा प्राचीन शिव मंदिर कैलाश धाम स्थित तालाब देखा। ग्राम प्रधान संगीता देवी की तारीफ करते हुए उन्होंने उक्त कैलाश धाम स्थित तालाब को अमृत सरोवर के रूप में सुंदरीकृत करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने खंड विकास अधिकारी उरुवा दिनेश सिंह, एडीओ पंचायत उरुवा सुदामा राम गावड़े तथा जेई एमआई प्रदीप अवस्थी, डीसी मनरेगा कपिल कुमार को निर्देशित करते हुए कहा कि ड्रोन कैमरे से मैपिंग कराकर तालाब का सौंदर्यीकरण कराया जाए। निरीक्षण के उपरांत सीडीओ प्रयागराज गौरव कुमार ने औंता स्थित अमृत सरोवर का भी निरीक्षण किया। वहां पर उन्होंने अमृत सरोवर की सुंदरता का अवलोकन कर सरोवर में पल रहे कछुओं को चारा के रूप में लाई खिलाया। इस मौके पर ब्लॉक टीम के साथ रामनगर प्रधान प्रतिनिधि नीरज सिंह यादव,सचिव सविता यादव,ग्राम प्रधान संगीता यादव तथा अनेक लोग मौजूद रहे।

# जन अधिकार पार्टी से मोहन लाल सोनकर ने चेयरमैन पद का भरा पर्चा



चेयरमैन पद हेतु पर्चा भरने जाते प्रत्याशी मोहन लाल सोनकर उर्फ कल्लू

**मेजा विधान सभा से सिरसा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के कई प्रत्याशी में डाला पर्चा**

**खीरी।** मेजा विधान अंतर्गत नगर पंचायत सिरसा अध्यक्ष पद हेतु शनिवार को कई प्रत्याशियों ने मेजा तहसील में बने चुनाव अधिकारी के यहां पर्चा दाखिल किया। पर्चा दाखिला हेतु सरकार द्वारा कई तरह से मुस्तैदी बरती जा रही थी। जिसमें सिरसा नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु जन अधिकार पार्टी से प्रत्याशी मोहन लाल सोनकर उर्फ कल्लू ने अपना पर्चा भरा। मौके पर मंडल अध्यक्ष बबलू कुशवाहा, मंडल मीडिया प्रभारी अनुज कुमार, छठु सिंह शाक्य विधानसभा अध्यक्ष कोराव, अर्जुन कुशवाहा युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष समेत अशोक कुमार, जिला अध्यक्ष अभय राज पासवान समेत कई महत्वपूर्ण पदाधिकारी मौजूद रहे। पर्चा दाखिल होने के पश्चात प्रत्याशी मोहन लाल सोनकर ने बताया कि हमारा पहली प्राथमिकता गरीब, कमजोर मजदूर के विकास हेतु विभिन्न योजनाएं लागू करेंगे। साथ ही साथ गंगा घाट सड़क, खरंजा, नाली इत्यादि के लिए प्रयास करेंगे।

# लालापुर की प्रधानमंत्री सड़क ध्वस्त, जगह जगह गड्ढे में तब्दील, राहगीर त्रस्त

## वाहन लेकर चलना तो दूर, पैदल चलना हुआ मुस्किल




खस्ताहाल सड़क का दृश्य



"सुबह से शाम तक चलने वाली सड़क पूरी तरह गड्ढे में वर्षो से तब्दील है पूरा क्षेत्र इस सड़क से परेशान है किसी गाँव मे बिन बारिश तालाब बनी है,इस पर चलना ब मुश्किल है सरकार से गुजारिश है क्षेत्र के हित मे इस सड़क को जल्द बनवाएं।"

**-श्यामाकांत मिश्र चिल्ला गौहानी**



"प्रधानमंत्री स ा ड़ क जगह-जगह टूट चुकी है राहगीर तो दूर स्कूली बच्चे आए दिन चुटहिल होते है सरकार इस सड़क को जल्द से जल्द बनवाए"

**-राजू यादव अधिवक्ता ग्रामीण सुजौना**



"वर्षो से सड़क गड्ढे में तब्दील हो रखी है इस सड़क पर चलना जान जोखिम भरा है,एक जगह नही पूरी सड़क ध्वस्त है सरकार प्रधानमंत्री सड़क को जल्द से जल्द बनवाए।"

**-शंकर लाल पाण्डेय, ग्राम प्रधान लालापुर भटपुरा**

**पी0सी0 पाण्डेय**

**लालापुर।** लालापुर क्षेत्र में सरकार के विकास के नाम पर सिर्फ धोखा जहाँ अन्य क्षेत्र में अच्छी सड़क बनी दिखाई पड़ रही है। वही परतापपुर से घूरपुर को जाने वाली 32 किलोमीटर की सड़क कही तालाब तो कही नदी का रूप वर्षो से ले रखी है। राहगीरों का चलना इस सड़क पर दूभर हो रखा है। ज्यादातर सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे में तब्दील हो गयी है। बिन बारिश जब इन गड्ढो में पानी भरा रहता है तो बारिश के मौषम में तालाब का रुप ले लेती है। आखिर इस सड़क की सही ढंग से रिपेरिंग क्यो नही कराई जाती। सुबह से लेकर शाम तक चलने वाली सड़क पर लोग जहाँ एक तरफ परेशान है वही दूसरी तरफ स्कूली बच्चों का जान जोखिम भरा रहता है। प्रतापपुर, से लालापुर, चिल्ला, सुजौना, चितौरी, गांव में सड़क पर जान लेवा गड्ढे वर्षो से तब्दील है।

चिल्ला गांव के आसुतोष सिंह, अतुल मिश्रा, नीरज पाण्डेय, श्यामाकांत मिश्र, सुजौना, के राजू यादव, चितौरी के जगत शुक्ला, लालापुर के चन्द्र निधान पाण्डेय, विवेक शुक्ला, शंकरलाल पाण्डेय, राजू यादव अधिवक्ता सुजौना, ने सरकार से मांग किया है कि इस सड़क को जल्द से जल्द मरम्मती करण करवाये जिससे क्षेत्र वासियों को आने जाने की हो रही समस्या से छुटकारा मिल सके।

इस सड़क पर कब जाएगा सरकार का ध्यान 32 किलोमीटर की सड़क पूरी छति ग्रस्त हो चुकी है वही इस पर बनी कई पुलिया जरजर हो गई है। ग्रामीणों ने इस सड़क पर चलना बन्द कर दिया क्योंकि प्रतापपुर से घूरपुर तक चलने लायक बिल्कुल नही है, राहगीरों ने इस सड़क पर चलने से अलविदा कह दिया उनका कहना है खेत के चकरोट से भी बद्तर है इस पर चलना जान जोखिम के साथ साथ गाड़ी का नुकसान होना स्वाभाविक है।

अब देखना यह है कि कब तक सड़क बनती है या ऐसे ही गड्ढे में तब्दील बनी रहेगी।

## महिलाओं का सशक्तिकरण आवश्यक है : सीडीओ

**खीरी।** महिलाओं का सशक्तिकरण आवश्यक है। लेकिन ये तभी सम्भव है जब महिलाएं आय सृजन के लिए खेती के साथ ही अन्य स्रोतों बारे में में भी जाने और करें वे डेयरी और वर्मीकम्पोस्टिंग को अपने रोजगार का माध्यम बनाएं क्योंकि मात्र खेती से ही परिवार की सम्पूर्ण जरूरतों को पूरा करना आसान नहीं होता। इस 15 दिवसीय प्रशिक्षण में उन सभी चीजों की जानकारियां दी जाएंगी जिससे महिलाएं अपनी आय को बढ़ाने के लिए सक्षम बन सकेंगी। ये उदबोधन मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त करते हुए महिलाओं को प्रोत्साहित किया। नाबार्ड के सहयोग से संस्था 'विकास' प्रयागराज द्वारा सूक्ष्म उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत चांद खम्हरिया के 6 स्वयं सहायता समूहों से 30 महिलाओं को डेयरी फार्मिंग और वर्मीकम्पोस्टिंग के 15 दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन सीडीओ गौरव कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर के किया। इस अवसर पर आयोजक संस्था की सदस्य नीलम सिंह ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया। संस्था विकास के निदेशक डॉ एस के सिंह ने खाली डिब्बे से चमत्कारिक माला निकाल कर के अतिथियों को पहनवाने की प्रक्रिया तथा जोरदार तालियों से सभी प्रतिभागियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय आजीविका मिशन के उपायुक्त श्री राजीव सिंह ने बतौर विशिष्ट अतिथि महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए यदि आप अपनी आय को बढ़ाने के लिए आवश्यक है कि सम्बंधित ज्ञान एवं सम्पूर्ण जानकारियां प्राप्त कर के अपने व्यवसाय को स्थापित करें लेकिन ये तभी सम्भव है जब कब महिलाएँ मुखर हों, अपनी समस्याओं को अच्छी तरह से पहचानें और उससे सम्बंधित प्रश्न करें तथा उनका समाधान ढूँढ़ कर के आय सृजन को विकसित करने में सक्षम हो सकें। उन्होंने बताया कि डेयरी, केंचुओं द्वारा खाद, मत्स्य, कुक्कुट, बकरी, गाय, भैंस, भेंड़ आदि का पालन करें और मार्किट में बेंच कर के आय बढ़ाये। प्रशिक्षण के दौरान सम्बंधित जानकारियां प्राप्त कर जीवन मे स्थापित करने का प्रयास अवश्य ही करें ताकि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने सहित अपने परिवार की आय बढ़ाने में सफल हो सकेंगी। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा श्री कपिल कुमार, बीबीएम अमिता कुमारी, राजकुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता श्री हरिश्चंद्र द्विवेदी, खेमराज सिंह, अजय सिंह, कमलेश कुमारी, आशा विनोद कुमारी सिंह, नीलम सिंह, डॉ अरविन्द सिंह, सुशील कुमार, राज बहादुर सिंह, अवध नारायण सिंग, नागेश्वर मिश्र, एवं ग्राम प्रधान केदार नाथ आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## चार पहिया वाहन ने महिला को रौंदा हालत नाजुक

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना अंतर्गत महरौंडा गांव निवासनीय सुमन देवी 36.वर्ष पत्नी मख्खनचू लाल अपने बीमार बच्चे का इलाज कराने के लिए छीतेमऊ स्थित एक अस्पताल में भर्ती करायी थी। बताते हैं कि महिला सडक पार कर रही थी तभी एक हाफ डाला ने जोरदार टक्कर मार कर भाग गयी। सुमन देवी को डाक्टरों ने जवाब दे दिया तो उसे शहर के कि प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताते है कि महिला की हालत नाजुक बनी हुई है।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बहादुरपुर, प्रयागराज

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

एतद्द्वारा विकास खण्ड बहादुरपुर प्रयागराज में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से पन्द्रहवीं वित्त आयोग एवं पंचम वित्त आयोग के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों का बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार सील बंद निविदा दिनांक 25.04.2023 को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सायं 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा उक्त तिथि को 04 बजे निविदा दाताओं के समक्ष (यदि उपस्थित नही रहेंगे) अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित पूर्व गठित कमेटी के द्वारा खोला जायेगा। कार्य परियोजना का योजनावार विवरण निम्नवत हैः-

पन्द्रहवॉ वित्त आयोग

| परियोजना का विवरण एवं परिमाप | टाइड/ अनटाइड | स्वीकृत प्राक्कलन की धनराशि (लाख रू0) (श्रम+सामग्री) | टेण्डर विक्रय मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | प्रतिभूति की धनराशि 5% |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| सरायलाहुरपुर में काली दास जू0हा0स्कूल में बालक एवं बालिका शौंचालय निर्माण कार्य | टाइड | 9.61 | 300 | 2 माह | 48050.00 |

**टेण्डर/निविदा की शर्तेः-**

**1.** उपरोक्त कार्य हेतु निविदा केवल पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा ही ठेकीदारी का वैध प्रमाण पत्र दिखाने पर व प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। **2.** टेण्डर/ निविदा फार्म का मूल्य-300.00 रू0 है। निविदा के साथ 100.00 का स्टाम्प पेपर संलग्न करना आवश्यक है। बिल आफ क्वान्टिटी निविदा फार्म के साथ उपलब्ध करायी जायेगी एवं तदनुसार ही निविदा स्वीकार की जायेगी। **3.** टेण्डर/निविदा स्वीकृति होने पर तीन के अन्दर प्रतिभूति की धनराशि अद्योहस्ताक्षरी के पद नाम से बंधक कराना अनिवार्य होगा तथा शासन द्वारा निर्धारित मूल्य के स्टैम्प पर अनुबंध कराना तथा समय सीमा के अन्दर कार्य पूर्ण कराना आवश्यक होगा। **4.** टेण्डर/निविदा से सम्बंधित अन्य जानकारियॉ किसी भी दिवस में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। **5.** टेण्डर/निविदा के स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अन्तिम अधिकार बिना किसी कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी में पूर्णतयः निहित है।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**बहादुरपुर, प्रयागराज।**

पत्रांक- / आंकिक/पंचम वित्त आ0-पन्द्रहवॉ वित्त आ0/2022-23 दिनांक- 15/04/2023

## कार्यालय ग्राम पंचायत उमरपुर रीवॉ वि0खं0 चायल, जनपद कौशाम्बी

**अल्प कालिक निविदा सूचना**


सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उमरपुर रीवॉ विकास खण्ड चायल जनपद कौशाम्बी में 15वॉ वित्त आयोग, 14वॉ वित्त आयोग, पंचम राज्य वित्त योजना, मनरेगा योजना, कायाकल्प योजना, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौंचालय निर्माण मरम्मत, स्वच्छता व नाली निर्माण मरम्मत, खड़ंजा निर्माण, हैंडपम्प मरम्मत, रिबोर, इण्टर लाकिंग, पंचायत भवन मरम्मत, आंगनवाड़ी केन्द्र निर्माण व मरम्मत, सोलर लाइट पम्प, सेनेटाइजर कार्य, सोक्ता गड्ढा, व अन्य कार्यों में उपयुक्त होने वाली सामाग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों द्वारा दिनांक 16-04-2023 से 28-04-2023 तक सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 28-04-2023 को समय दोपहर 3 बजे में उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। सामाग्री की मात्रा पंचायत में स्वीकृत प्राकलन के अनुसार पृथक-पृथक होगा।

**चन्दा देवी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत उमरपुर रीवॉ
वि0खं0 चायल
जनपद कौशाम्बी।

**प्रीतम सिंह**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत उमरपुर रीवॉ
वि0खं0 चायल
जनपद कौशाम्बी।

पत्रांक-मेमो/वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक-15/04/2023

# प्रयागराज



## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 35.00 |
| न्यूनतम : | 22.00 |
| सूर्योदय : | 06.03 |
| सूर्यास्त : | 06.15 |

### परिषदीय विद्यालयों के समय परिवर्तन के लिए शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ संघ संबद्ध (अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली) के जिला अध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी एवं जिला मंत्री डॉ प्रशांत कुमार ओझा ने जिलाधिकारी प्रयागराज को पत्र लिखकर अत्यधिक गर्मी को देखते हुए विद्यालयों के समय में परिवर्तन करने की मांग की है। इस समय विद्यालयों का समय प्रातः 8:00 से अपराह्न 2:00 बजे है ।संगठन द्वारा इसे 7:30 से 12 करने की मांग की है ।इस समय प्रयागराज जिले का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस है। जिससे बच्चे विद्यालय से घर जाते समय लू के लपेट में आ सकते हैं।

# भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच माफिया अतीक के बेटे असद व शूटर गुलाम का हुआ अंतिम संस्कार

**अंतिम संस्कार**

असद के नाना ने किया सुपुर्द ए खाक की रस्म पूरी, कानूनी अड़चन की वजह से पुलिस के डर से शामिल नहीं हो पाए शाइस्ता अतीक

ड्रोन से होती रही पूरे क्षेत्र की निगरानी



अशद के शव को सुपुर्द ए खाक करते परिवारीजन

**प्रयागराज।** शनिवार की सुबह माफिया डान अतीक के बेटे असद तथा शूटर गुलाम के शवो को झांसी से प्रयागराज लाया गया । माफिया डान अतीक के बेटे असद को लगभग दस से सवा दस बजे के बीच थाना धूमनगंज थानाअन्तर्गत कालिन्दीपुरम स्थित कसारी मसारी कब्रिस्तान मे दफनाया गया। नाना हामिद अली समेत बीस से पचीस रिशतेदारो को शामिल होने की इजाजत मिली थी । असद की शव को अतीक के चकिया स्थित मकान (धवस्त)के बजाए सीधे कसारी मसारी कब्रिस्तान ले जाया गया ।अतीक के रिशतेदारो को कसारी मसारी कब्रिस्तान पुलिस स्वमं लेकर गयी थी ।आम जनता को कब्रिस्तान से 200मीटर दूर ही रोक दिया गया था ।यहां तक की कब्रिस्तान मे मिडिया को भी नो इंट्री कर दिया गया था । अतीक ने जनाजा मे शामिल होने की मंशा जाहिर की थी परन्तु इजाजत नही मिली । माँ शाइस्ता परवीन फरार है ।नाना हामिद अली ने कहाँ असद की माँ यहा नही है तो यह मजबूरी है हमने शव को नहलाने के बाद सुपुर्द ए खाक किया । एसीपी प्रयागराज आकाश कुलहरि ने कहाँ असद के परिवार से 20-25 लोग थे असद के नाना दफनाने की प्रक्रिया पूरी की ।

असद के अंतिम संस्कार मे अतीक के वकील विजय मिश्रा भी शामिल होने पहुँचे थे। कब्रिस्तान से निकलकर मिडिया से बात करते हुए अतीक के वकील विजय मिश्रा ने कहाँ की कोर्ट के समय के पहले असद को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया इस लिए अर्जी नही लग सकी हमारी मांग थी कि अतीक को बेटे असाद के जनाजे मे शामिल किया जाए। शाइस्ता परवीन यहाँ मौजूद नही थी। शासन प्रशासन ने अंतिम प्रक्रिया कराने मे सहयोग किया और किसी को कोई एतराज नही है।

बीते एकदिन पूर्व अतीक के चकिया स्थित आवास(धवस्त)पर दिन मे भारी भीड एकत्रित होने के कारण प्रशासन सबक लेते हुए चकिया कसारी मसारी तथा आसपास के इलाको मे भारी सुरक्षा बल के इंतजाम किए गए थे पूरे क्षेत्र की निगरानी ड्रोन से भी होता रहा । असद के सुपुर्द ए खाक के दौरान प्रयागराज के जिलाधिकारी संजय खत्री पुलिस कमीशनर रमित शर्मा तथा बडी संख्या मे अधिकारी कसारी मसारी कब्रिस्तान मे मौजुद रहे ।

वही दूसरी ओर शूटर गुलाम के शव को प्रयागराज के मेंहदौरी कब्रिस्तान मे सुपुर्द ए खाक किया गया ।कब्रिस्तान मे गुलाम के पिता पत्नी सना समेत कुछ ही रिशतेदार थे । यहाँ भी सुरक्षा ब्यवस्था चाक चौबंद थी।

### शहर में अन्य दिनों की अपेक्षा चहल-पहल रही कम

जहाँ शहरभर मे सुरक्षा के कडे इंतजाम किए गए थे वही चकिया तथा चकिया कसारी मसारी के आस पास क्षेत्र राजरूपपुर कालिन्दीपुरम झलवा चकनिरातुल मे दूकाने बंद रही तथा सन्नाटा पसरा रहा वही शहर के प्रमुख ब्यापारिक क्षेत्रो सिविल लाइन कटरा चौक रोशन बाग खुलदाबाद आदि क्षेत्रो मे आम दिनो की अपेक्षा चहल पहल कम दिखी ।

## संक्षेप

### गाजे-बाजे के साथ रैली निकालकर स्थापित की गयी बाबा साहब मूर्ति



**मऊआइमा।** मऊआइमा में गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाल कर संविधान रचयता डॉ भीमराव अंबेडकर की एक नई मूर्ति की स्थापना की गई ।जिसमें बडी संख्या में ग्रामीण एंव विधायक भी शामिल हुए। मऊआइमा के छाता गांव में भारत के संविधान रचियता गरीबों के मसीहा कहे जाने वाले डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति। लायी गयी ।जिसे पूरे गांव में ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ घूमाया बाद में मूर्ति की स्थापना की गई ।बताया गया कि मूर्ति में लगभग साठ हजार का खर्च आया। बाबा के जीवन पर सपा की सोरांव विधायक गीता पासी ने प्रकाश डाला। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र यादव ने बताया कि मूर्ति खरीदने से लेकर स्थापना तक एम एल सी सुरेंद्र चौधरी , सोरांव क्षेत्र की विधायक गीता पासी, ब्लाक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्रा ,के अलावा उमेश कुमार बीडीसी, अतुल गौतम, मनोज कुमार, रवि कुमार, सोनू यादव ,मोहम्मद शमीम, सूरज कुमार आदि बडी संख्या में ग्रामीण और महिलाओं ने भाग लिया है।

### बसपा के कथनी और करनी में कोई अंतर नही है जो कहती है वही करती है : पंकज गौतम

**मऊआइमा।** बसपा के कथनी और करनी में कोई अन्तर नहीं है। यह सर्व समाज की पार्टी है। उक्त बातें बसपा के मंडल प्रभारी तथा मुख्य अतिथि के रूप में पंकज गौतम ने मऊआइमा नगर पंचायत के मोहल्ला बैरहना में आयोजित एक सभा में कही। उन्होंने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहे कि जीने अधिकार बाबा साहब ने दिया ।नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए बसपा से चुनाव लड रहे अय्यूब अंसारी को भारी मतों से जीताने की अपील की। इस अवसर पर सभा की अध्यक्षता राज कुमार, संचालन राजेंद्र दिवाकर ने किया। शेखू राशिद ने आए हुए आगंतुकों का स्वागत किए। सभा को अय्यूब अंसारी, ओमप्रकाश, पत्ती देवी, शारदा प्रसाद, राज कुमार पाल आदि मौजूद थे।

### बेटी भूमिका बचाओ अभियान में जुटे गांव के आफीसर से लेकर क्षेत्र के लोग

**लालापुर।** लालापुर क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी संतोष सिंह चौहान की बेटी भूमिका की दोनों किडनी खराब हो गयी थी। जिसका इलाज पी जी आई लखनऊ में चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक किडनी ट्रांसप्लांट का खर्च लगभग 13 लाख बताया था। वही किडनी भूमिका की माँ अपनी बेटी के लिए ट्रांसप्लांट करेगी। भूमिका का इलाज पिछले कई महीनों से चलने के कारण परिवार पहले ही कर्ज में डूब चुका था। इतनी बड़ी रकम जुटाना आसान नहीं था। भूमिका के भाई हिमालय सिंह ने गॉव वालों, वानर सेना, फेसबुक,के जरिए,अपील की। वही हर खबर आप तक प्रयागराज ने बेटी बचाओ अभियान अपना शुरू किया, जिसमे ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, इंडियन बैकशाखा, दुकानदार, स्कूल प्रबंधक से लेकर क्षेत्र के अलावा बाहरी लोगों ने भी बेटी के इलाज में मदद की। इस काम को मिशन भूमिका बेटी बचाओ नाम दिया गया। मानपुर ग्राम वासियों ने इस मिशन को बहुत ही मेहनत करते हुए पूरा कर लिया। इलाज के लिए पैसे जुटाने में सभी ग्राम वासी , गॉव गॉववासियों में जो कहीं भी सेवा में हैं वो बेटे,बेटी, रिश्तेदारों के साथ साथ पूरे क्षेत्र वासियों ने मदद की। मदद में मानपुर ओझा पट्टी के साथ सोनौरी , कचरा, नगरवार, गोबरा तरहार, बसहरा,छतहरा, बेलामुण्डी, गौहनिया, जसरा,चिल्ला, सेमरी, लालापुर, मझियारी, दुबहा, पूरे बल्दू,रेही बैजला,के लोगो ने भी मदद की। क्षेत्रीय पत्रकार मिशन भूमिका में प्रयागराज हर खबर आप तक ग्रुप ने बहुत बड़ी मदद की। ग्रुप के माध्यम से महत्वपूर्ण सहयोग मिला। जिसके लिए समस्त मानपुर वासियों ने बहुत बहुत धन्यवाद प्रकट किया। मानपुर ग्राम वासियों में मिशन भूमिका में महत्व पूर्ण सहयोग करने वालों में ढउर अधिकारी प्रदीप सिंह,अजीत सिंह वानर सेना अध्यक्ष,निर्भय सिंह, इंस्पेक्टर बलबीर सिंह सीमा सुरक्षा बल अनूप सिंह,राजबीर सिंह वानर सेना,रॉबिन सिंह,अभय सिंह,तरुण सिंह फुद्कू ,रोहित सिंह,अनुज सिंह अनुज सिंह नेता ,प्रभाकर सिंह बी एच यू प्रवक्ता, उजागर, संजय सिंह, पुष्पेन्द्र, उप निरीक्षक गौरव सिंह उत्तर प्रदेश पुलिस, सूर्य प्रकाश सिंह उत्तर पुलिस, उप निरीक्षक दिवाकर सिंह रेलवे सुरक्षा बल, उमेश सिंह प्रवक्ता, रमा शंकर,विकास,राजू सिंह इंडियन बैंक, मुदित ,सतेंद्र, प्रवीण, लँगोटिया यार ग्रुप,राधे गोल व समस्त ग्राम वासियों ने महत्वपूर्ण मदद की। इसके अलावा मदद के साथ साथ गॉव के बेटों का जोश बढाने में प्रभाकर सिंह बी एच यू सुधाकर सिंह और संतोष सिंह राठौड़ ने कविता व लेख से हिम्मत देकर भी मिशन भूमिका में भूमिका निभाई। ईलाज के लिए इतनी बड़ी रकम जुटाने के लिए भूमिका के पिता, माता व भाई, परिवार ने सभी मदद करने वालों का बहुत बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है। यह मिशन क्षेत्रीय एकता को दशार्ता है कि किसी भी गॉव की समस्या हर व्यक्ति और हर गॉव की समस्या है अगर हम एक जुट हों जाएं तो किसी भी समस्या का हल निकाल सकते हैं। भूमिका को उत्तर प्रदेश सरकार ने भी 5 लाख की मदद ईलाज में किया है ।इस मदद गांव वालों से लेकर परिजन तक सभी का आभार ब्यक्त किया है।

# बारजा गिरने से हुई मां बेटे की मौत से आक्रोशित लोगों ने किया चक्का जाम

**चक्काजाम**

हल्का इंचार्ज की रवैया से जनाक्रोश बढ़ा

चक्का जाम तकरीबन 2 घंटे तक चला

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के फूल मंडी भट्ठा गांव में शुक्रवार की दोपहर नवनिर्मित मकान के बारजे से दबकर हुई मां बेटे की मौत से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने शनिवार की दोपहर के पश्चात पोस्टमार्टम के बाद सड़क पर दोनों शव को रखकर चक्का जाम कर दिया। चक्का जाम के दौरान हल्का इंचार्ज के रवैया से जनाक्रोश भड़क उठा। सूचना पर पहुंचे नैनी इंस्पेक्टर के द्वारा कार्यवाही का आश्वासन मिलने पर चक्का जाम को समाप्त किया गया।



चक्काजाम करते मृतकों के आक्रोशित परिजन

मिली जानकारी के अनुसार फूल मंडी भट्ठा गांव निवासी लाल बहादुर बिंद पुत्र स्वर्गीय पन्ना लाल बिंद बीते कुछ माह पूर्व मोहल्ले में ही दो मंजिला मकान बनवाया। उसने गली में बारजा निकलवाया था। बताते हैं, कि शुक्रवार की दोपहर में तकरीबन 12:00 बजे मोहल्ले के ही कुछ बच्चे खेल रहे थे, इसी दौरान मकान का बारजा एकाएक ढह गया। जिसमें दबकर बजरंगी (10) वर्षीय पुत्र काजू उर्फ बउनी, सुनीता देवी (30) वर्षीय पत्नी काजू उर्फ बउनी, अंकित (13) वर्षीय पुत्र लाला, अनुराग (12) वर्षीय पुत्र ननकू, चेतन (10) वर्षीय पुत्र कुल्लू और पट्टू (13) वर्षीय पुत्र राजू घायल हो गए। आनन-फानन में सभी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने बजरंगी और उसकी मां सुनीता देवी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया।

शनिवार की दोपहर पश्चात जैसे ही पोस्टमार्टम के बाद शव फूल मंडी भट्ठा गांव पहुंचा, तभी घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने मां-बेटे के शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम शुरू कर दिया। चक्का जाम की सूचना पर इलाकाई पुलिस पहुंची, वाहनों को लेप्रोसी मिशन चौराहे से शहर की तरफ मोड़ दिया गया। चक्का जाम तकरीबन 2 घंटे तक चला। इस दौरान हल्का इंचार्ज की रवैया से जनाक्रोश भड़क उठा। वह लोग चक्का जाम हटाने पर तैयार नहीं हो रहे थे। आक्रोशित लोग जबरन और अवैध निर्माण का आरोप लगाते हुए मकान मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने, निमार्णाधीन मकान को ध्वस्त कराने एवं मुआवजा की मांग कर रहे थे। नैनी इंस्पेक्टर के द्वारा मृतका के पति काजू उर्फ बउनी की तहरीर पर कार्यवाही कराने का आश्वासन देकर चक्का जाम को समाप्त कराया गया।

### पांडेश्वर नाथ धाम पड़िला महादेव मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु पर्यटन व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा किया गया भ्रमण

**थरवई।** सोरांव तहसील के ग्राम पंचायत जैतवारडीह स्थित पांडेश्वर नाथ धाम पंडिला महादेव मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु शुक्रवार को पर्यटन विभाग व राजस्व विभाग अधिकारियों/ कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने मंदिर के मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण भव्य प्रवेश द्वार पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सार्वजनिक शौचालय विद्युतीकरण वाहन पार्किंग की व्यवस्था मंदिर परिसर के आसपास श्रद्धालुओं की अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए स्थलीय निरीक्षण करते हुए मंदिर के पुजारी / व्यवस्थापक स्थानीय लोगों व्यापारियों के साथ विचार विमर्श किया गया इस मौके पर क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह, ग्राम प्रधान महेंद्र गिरी, राम अचल यादव, लेखपाल अरविंद यादव अनिल सरोज, अखिलेश गिरी, देवेंद्र गिरी, राजेश गिरी मनु गिरी, जगजीवन मौर्य के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे।

# पर्यावरण, प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण ही एक मात्र लक्ष्य : जयशंकर शुक्ल

अवाड़ा एनर्जी ने हरित ऊर्जा क्षेत्र में बनाई राष्ट्रव्यापी पहचान

कम्पनी को 560 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजना हुई हासिल

AVAADA

**मेजा।** ऊर्जा उत्पादन और ऊर्जा के विभिन्न स्त्रोत किसी भी राष्ट्र की प्रगति के वाहक हैं। खासकर कार्बन रहित अक्षय ऊर्जा और हरित ऊर्जा पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी सौगात है जो जीवन मूल्यों को संजोने के साथ, पर्यावरण प्रदूषण एवं कार्बन उत्सर्जन से भी निजात दिला रही है। अवाड़ा एनर्जी इस क्षेत्र की एक नामचीन कम्पनी बन चुकी है, उसने 560 मेगावाट (डीसी) क्षमता की सौर परियोजना हासिल की है। कम्पनी महाराष्ट्र से उत्तर प्रदेश तक परियोजनाओं के विस्तार के जरिए राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभा रही है।

अवाड़ा एनर्जी ग्रुप के संस्थापक तहसील क्षेत्र के दिघिया गांव के जय शंकर शुक्ल ने महाराष्ट्र प्रदेश से सौर्य ऊर्जा क्षेत्र में परियोजना के जरिए आगाज किया है। जिसका विस्तार वर्तमान समय मे प्रदेश के बदायूं जनपद में 50 मेगावाट विद्युत उत्पादन शुरू है। बांदा जनपद में 70 मेगावाट की परियोजना प्रगति पर है,बुन्देलखण्ड के लिए बड़ी परियोजना के लॉयड एम यू पर साइन हो चुका है। श्री शुक्ल ने बताया कि अवाड़ा एनर्जी हरित ऊर्जा के जरिए पर्यावरण प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन पर हर स्थिति में नियंत्रण ही लक्ष्य है। अवाड़ा एनर्जी ग्रुप के अध्यक्ष विनीत मित्तल ने बताया कि महाराष्ट्र अवाड़ा की कर्मभूमि है। निःसंदेह हरित ऊर्जा के क्षेत्र मे यह संस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है। यकीन है कि राष्ट्र के हरित भविष्य के लक्ष्यों और प्रतिबद्धता से उद्योग जगत को अवसर और लाभ मिलना तय है। अवाड़ा ग्रुप भारत का एकीकृत ऊर्जा उद्यम है। कम्पनी को ई रिवर्स नीलामी में 560 मेगावाट (डीसी) सौर परियोजना निविदा बोली हासिल की है। बोली की शर्तो के अनुसार दो संस्थाओं के बीच 25 वर्षों के लिए पीपीए पर हस्ताक्षर किए गए हैं। परियोजना शुरू करने के लिए 18 महीने का समय दिया गया है। ग्रुप के अध्यक्ष ने बताया कि कम्पनी के विजन से प्रभावित कई अन्य देशों ने भी निवेश किया है। हरित ऊर्जा समय की मांग है और विद्युत क्षेत्र का प्रमुख विकल्प है।

### कार की टक्कर से मोटर साइकिल सवार युवक की मौत

**सोरांव।** थाना अंतर्गत माधव नगर बिगहिया गांव के सामने कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि सोरांव थाना क्षेत्र के कमलानगर गारापुर निवासी 36 वर्षीय अमर नाथ शुक्रवार को फाफामऊ थाना अंतर्गत रामपुर गोहरी अपने ससुराल गया था। शनिवार की सुबह अपने ससुराल लौट रहा था कि सोरांव के माधव नगर बिगहियाओवर ब्रिज के निकट हँडिया-कोखराज हाईवे के निकट पहुंचा ही था। तभी एक तेज रफ्तार कार के चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । घटना की सूचना मिलने पर पहुंची सोरांव पुलिस ने घायल अमरनाथ को इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गयी। उधर घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता भोलानाथ की तहरीर पर पुलिस ने कार व चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं मुकदमा दर्ज कराया है।

# पूर्व प्रधान की पत्नी ने तमंचे से खुद को मारी गोली, मौत, मामला संदिग्ध

घटना औद्योगिक थाना क्षेत्र के तेंदुआवन गांव की

**नैनी।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के तेंदुआवन गांव में बीती रात पूर्व प्रधान की पत्नी ने तमंचे से खुद को गोली मार लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के तकरीबन 3 घंटे के बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई करते हुए जांच पड़ताल में जुट गई।

मिली जानकारी के अनुसार तेंदुआ वन गांव निवासी संतोष पांडेय पूर्व ग्राम प्रधान रहे। बताते हैं, कि उनके कोई भी संतान नहीं है। वह अपने छोटे भाई विजय पांडेय के लड़के राम पांडेय को गोद लिए हैं। बीते एक सप्ताह पहले बीमारी की हालत में संतोष पांडेय को इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। बताते हैं, कि शुक्रवार की रात में उनकी पत्नी मीरा पांडेय (58) वर्षीय हॉस्पिटल से घर गई। रात में तकरीबन 11:00 बजे कमरे के अंदर से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। गोली चलने की आवाज सुनकर परिवार के अन्य लोग पहुंच गए। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के तकरीबन 3 घंटे बाद सूचना इलाकाई पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। पुलिस मामले में जांच-पड़ताल कर रही है।

# नगर निकाय चुनाव में पुनः उपेक्षा महापौर की मात्र एक टिकट की पूरी सम्भावना : ध्रुवचन्द जायसवाल



**नैनी।** उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व अध्यक्ष उत्तर प्रदेश भाजपा का स्वतंत्र देव सिंह जी से 15 अप्रैल को सुबह लखनऊ के आवास पर अखिल भारतीय जायसवाल सर्व-वर्गीय महासभा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव चन्द जायसवाल एवं उत्तर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार जायसवाल सहित मुलाकात करते हुए कहा कि अध्यक्ष रहते हुए अपने तीन अतिरिक्त स्वजाति बन्धुओं को विधायक का टिकट दिया था पुनः आपको महासभा की ओर से बधाई दें रहा हूं आप एक मात्र नेता हैं जो मेरे समाज की बात सुनते है इसलिए महासभा की आवाज आप तक पहुंचाने आया हूं बाकी कोई भाजपा का नेता/मंत्री महासभा की बात सुनने के लिए तैयार नहीं है। किन्तु इस बार नगर निकाय चुनाव में घोर उपेक्षा हो रही है महासभा को अपना हक लेने के लिए कुछ न कुछ करना पड़ेगा। ध्रुव चन्द जायसवाल ने कहा महासभा को उम्मीद थी कि पिछले निकाय चुनाव के मुकाबले इस बार कम से कम तीन स्वजाति बन्धुओं को महापौर का टिकट मिलेगा। किन्तु मात्र एक टिकट ही महापौर का टिकट मिलने की पूरी संभावना है।

ध्रुव चन्द जायसवाल ने कहा कि नगर निकाय चुनाव मे भाजपा ने आज तक महानगर प्रयागराज से महापौर का टिकट मेरे समाज को नहीं दिया है यहां महासभा को उम्मीद थी कि प्रयागराज से समाज को महापौर का टिकट मिलेगा ।जो पिछड़े वैश्य बाहुल्य क्षेत्रों में से एक है। भाजपा नेतृत्व को 2024 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर निर्णय लेना चाहिए ।इसी प्रकार से पूर्वांचल के लगभग सभी नगरपालिका परिषद अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष अध्यक्ष एवं पार्षद वैश्य प्रत्याशी वैश्य बाहुल्य क्षेत्रों से घोषित करें तो भाजपा के हित में होगा क्योंकि विधानसभा, लोकसभा, राज्यसभा एवं विधानपरिषद मे वैश्यों को उचित प्रतिनिधित्व करने का मौका भाजपा ने नहीं दिया है इसकी भरपाई नगर निकाय चुनाव में सुनिश्चित करना चाहिए।

# कल से शुरू होगा दस्तक अभियान पूछेंगी स्वास्थ्य सम्बन्धी हाल

आशा घर-घर दस्तक देकर हीटवेव व लू से बचाव की भी देंगी जानकारी

तैयार करेगी स्कूल न जाने वाले बच्चो की सूची




**प्रयागराज।** जनपद में सोमवार से दस्तक अभियान शुरू किया जा रहा है। यह अभियान विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत 30 अप्रैल तक चलेगा। जिला मलेरिया अधिकारी आनंद सिंह ने बताया कि इस बार दस्तक अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी स्कूल न जाने वाले बच्चो को भी चिन्हित करेगी व सूची भी तैयार की जाएगी साथ ही हीटवेव व लू के लिए सावधानी बताएगी आशा वेक्टर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया फाइलेरिया की रोकथाम के लिए के लिए आशा घर घर जाकर लोगों को जागरूक करेगी`अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता बुखार, टीबी, कोविड आदि लक्षणों वाले व्यक्ति के बारे में घर-घर जाकर पूछताछ की जाएगी। लक्षण मिलने पर चिह्नित कर उन्हें अस्पताल भेजा जाएगा ।साथ ही कुपोषित बच्चो को चिन्हित कर सूचि तैयार करेगी । उन्होंने बताया कि इस बात दस्तक अभियान में एक नई आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क एंबुलेंस की सेवा भी उपलब्ध रहेगी। तथा लक्षण मिलने वाले व्यक्ति का पूरा नाम पता और मोबाइल नंबर सहित पूरा विवरण एएनएम के माध्यम से ब्लॉक मुख्यालय तक भेजा जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी आनंद सिंह ने बताया कि एक अप्रैल से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा हैं जिसमे क्षेत्र में सयुंक्त सहयोग से संचारी रोग रोकथाम के कार्य किये जा रहे हैं इसमें संवेदनशील क्षेत्रो में साफ सफाई, छिडकाव, तथा व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा हैं` विभाग की मलेरिया की टीम घर घर विजिट कर कूलर की सफाई आस पास के खुले खाली प्लाटो की सफाई नाली नालो की सफाई एवं छिडकाव कराया जा रहा हैं। कोविड-19 को लेकर मास्क और उचित दूरी बनाए रखने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

# रामनगर में अतिक्रमण हटाने पहुंची लोक निर्माण और तहसील की टीम, मची अफरा-तफरी

**उरुवा।** जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील और लोक निर्माण विभाग की टीम शनिवार को मेजा तहसील के रामनगर बाजार में सड़क की पटरियों पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने पहुंची। अधिकारियों के साथ दर्जनों पुलिसकर्मियों की फोर्स देखकर बाजार में अफरा-तफरी मच गई। तहसीलदार मेजा विशाल शर्मा और लोक निर्माण विभाग के एई आर के यादव ने बाजार के चिरैया मोड़ तथा सीएचसी के सामने पहुंचकर सभी दुकानदारों को लाउडस्पीकर पर निर्देशित करते हुए कहा कि रविवार सुबह 10 बजे तक सभी दुकानदार पटरियों पर लगे बोर्ड तथा टीन शेड उतार लें,अन्यथा विभाग के उतारने और हटाने पर हजार्ना देना होगा। ऐसा सुनते ही अनेक दुकानदार अपने टीन शेड निकालने में जुट गए। बाजार के लोगों ने बताया कि मेजा विधायक संदीप पटेल की पहल पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हो रही है जो एक पक्षीय है। बाजार वासियों का कहना था कि मेजा विधायक जहां भीड़भाड़ और जाम की समस्या नही है,वहां के व्यापारियों को परेशान कर रहे हैं। जबकि मेन बाजार और क्षेत्र के अनेक बाजारों में प्रतिदिन जाम लगना आम हो गया है लेकिन वहां की समस्या पर उनका ध्यान नहीं है। इस मौके पर अतिक्रमण हटाओ दस्ता के साथ लोक निर्माण विभाग के जेई रिजवान अहमद तथा सिरसा चौकी प्रभारी जगदीश कुमार एसआई गौरव यादव एवं दर्जनों पुलिसकर्मी तथा अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।



लाउडस्पीकर पर निर्देशित करते तहसीलदार मेजा और लोक निर्माण विभाग तथा पुलिस की टीम

## संक्षेप

### बेटी के साथ की छेड़खानी, मां को पीटा

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में किशोरी से पड़ोसी युवक ने छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपित ने पीड़िता की मां को पीट दिया। इसके बाद आरोपित धमकी देते हुए भाग निकला। आरोपित के घर उलाहना देने के बाद पीड़िता थाने पहुंची और मामले की शिकायत पुलिस से की। पीड़िता से तहरीर लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### सफाई न होने से नालियां जाम, फैली गंदगी

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के विदनपुर गांव में तैनात सफाईकर्मी के नियमित गांव नहीं आने से नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं। लोगों के घरों का गंदा पानी रास्ते में बह रहा है। ऐसे में लोग संक्रमण फैलने की आशंका से भयभीत है। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बाद भी सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं कराई जा रही है। जिसे लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है।

# सैनी के बनकटा जंगल में मिला युवक का शव

## सीओ सिराथू व फोरेंसिक टीम ने किया मौका मुआयना



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस टीम व लोग

**दारानगर, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली अंतर्गत अटसराय गांव के समीप स्थित बनकटा जंगल में शनिवार की सुबह लोगों ने एक शव पड़ा देखा। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड जमा हो गई। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर सैनी कोतवाली पुलिस के अलावा सीओ सिराथू व फोरेसिंक टीम भी पहुंची। वहीं सीओ के निर्देश पर पुलिस टीम ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना के बाबत मृतक के परिजन कुछ खास बोल नहीं पा रहे थे।

बताना जरूरी होगा कि सैनी कोतवाली के नगर पंचायत अझुवा वार्ड नं. चार रसूलपुर निवासी छोट्टी पुत्र स्व.श्रीकेसन राजपूत लोधी (40) का शव जंगल में पड़ा था। मृतक के भाई छोटेलाल ने बताया कि मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। सभी भाई पिता के बंटवारे की 5-5 विश्वा जमीन में खेती बारी मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। मृतक आठ वर्ष पहले कोई औरत लाया था, लेकिन वह औरत एक वर्ष बाद ही चली गयी थी। पहले मृतक लोडर चलाता था। पिछले एक वर्ष से मजदूरी करता था। कच्ची शराब पीता था, कभी-कभी मजदूरी करता था, किसी से कोई दुश्मनी भी नही है। छोटेलाल ने बताया कि बीती शाम लगभग 8 बजे उसके घर मृतक ने खाना खाया अब यहां कैसे आया, कौन लाया। घटना के पीछे क्या रहस्य है, इसकी जानकारी नहीं है। हालांकि पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## 160 लीटर शराब के साथ दस लोगों को पकड़ा

**कौशाम्बी।** निकाय चुनाव का बिगुल बजते ही पुलिस ने शराब करोबारियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस ने सघन अभियान चलाकर दस लोगों को पकड़ते हुए उनके कब्जे से 160 लीटर महुआ की शराब बरामद की। सरायअकिल पुलिस ने चंदन निवासी सरैया, संदीपनघाट पुलिस ने फरीदपुर निवासी राजकरन, सैनी पुलिस ने रमेश निवासी शांतिनगर अजुहा, महेवाघाट ने कुम्हियावां निवासी लक्ष्मण निषाद, पश्चिमशरीरा ने सिंघवल निवासी चंद्रभान, पइंसा ने किसमी निवासी बनपुकरा व रामभवन निवासी हकीमपुर को पकड़ा और शराब बरामद किया। इसी तरह कौशाम्बी पुलिस ने चैबेलाल निवासी डेलइया, चरवा पुलिस ने धर्म सिंह निवासी मलाक नागर, कोखराज पुलिस ने मुन्नालाल निवासी असवां, कड़ाधाम पुलिस ने श्यामकली निवासी अम्बाई बुजुर्ग, सुशीला निवासी हकीमपुर, मंझनपुर पुलिस ने राजकुमार निवासी ऊनो को पकड़ते हुए शराब बरामद किया है।

# थाना स्तर पर समस्याओं का करें निस्तारण : एसपी



पुलिस कार्यालय में शिकायत सुनते एसपी

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को कार्यालय में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान सर्वाधिक शिकायतें जमीन से जुड़ीं रहीं। इसके अलावा पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का भी पीड़ितों ने आरोप लगाया। फरियादियों की समस्याओं को सुनने के बाद एसपी ने सभी जिम्मेदारों को कड़ी हिदायत दी कि थाने स्तर पर समस्याओं का समाधान हर हाल में कराएं। लापरवाही बरतने पर संबधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# निकाय चुनाव : 250 संदिग्धों को खाकी थमाएगी लाल कार्ड

**शांतिपूर्ण निकाय चुनाव कराने को प्रशासन ने पूरी कर ली तैयारी**

**कौशाम्बी।** नगरीय निकाय चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए दोआबा की पुलिस दोआबा के 250 संदिग्धों को लाल कार्ड थमाएगी। पुलिस ने निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान कराने व उपद्रवियों पर खास नजर रखने के लिए पुलिस ने यह तरीका अपनाया है। मतदान के दिन या उससे पहले चुनाव में जो लोग गड़बड़ी फैला सकते हैं ऐसे लोगों की पहचान शुरू हो गई है। एक-एक उपद्रवियों को चिन्हित करने की कवायद शुरू हो गई है।

नगरीय निकाय चुनाव चार मई को है। चार मई को मतदान के दिन या फिर उससे पहले चुनाव का माहौल बिगाड़ने वाले संदिग्धों को चिन्हित कर उनकी निगहबानी तेज हो गई है। ऐसे उपद्रवियों को लाल कार्ड भेजने की तैयारी है। संदिग्धों को दिए जाने वाले लाल कार्ड में इस बात उल्लेख होगा कि वह मतदान वाले दिन बूथ के आस-पास या फिर सार्वजनिक स्थानों पर बाधा उत्पन्न कर सकते हैं। इसी आधार पर उन्हें लाल कार्ड मुहैया कराया जाएगा। नगरीय निकाय चुनाव में दोआबा की पुलिस करीब 250 संदिग्धों को लाल कार्ड थमाएगी। इसके लिए संबधित थानों को 25-25 लाल कार्ड भेजे जाएंगे। इसके लिए सभी थानेदारों को कड़ी हिदायत भी दी गई है कि चुनाव या फिर उससे पहले किसी प्रकार की आशांति हुई तो सारी जिम्मेदारी थानेदार की होगी।

## युवक ने किशोरी को किया अगवा

**कौशाम्बी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को पड़ोसी युवक ने अगवा कर लिया। किशोरी के अगवा होने की जानकारी पीड़िता के पिता को हुई। इसके बाद वह आरोपित के घर उलाहना देने गया तो उसकी पिटाई कर दी। थाने पहुंचे पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में इंस्पेक्टर का कहना है कि किशोरी को बहका फुसलाकर आरोपित युवक भगा ले गया है। आरोपित युवक समेत अन्य तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तहकीकात के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# निकाय चुनाव को पुलिस ने किया पैदल मार्च

## शांतिपूर्ण मतदान को लेकर एसपी ने मातहतों को दिए कड़े निर्देश

**कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न हो इसके लिए एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव पूरी तरह गंभीर हैं। इतना ही नहीं क्षेत्रवासी भय मुक्त मदान करें इसके लिए एसपी के निर्देश पर जिले की थाना पुलिस अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल मार्च कर जहां आराजकतत्वों को इस बात का संदेश दे रही है कि यदि कहीं भी गड़बड़ी करने का प्रयास किया गया तो पुलिस उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही को तैयार है तो वहीं जनता को भय मुक्त मदान करने के लिए अपील भी कर रही है।

शनिवार को एसपी के निर्देश पर नगर पंचायत कडाधाम तिराहा, जमाल रोड चैराहा व कई वाडो मे कड़ाधाम थानाध्यक्ष प्रिंस दिक्षित के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान पुलिस फोर्स के साथ पीएसी के जवान भी मौजूद रही। पुलिस टीम ने लोगों को इस बात का संदेश दिया कि आप लोग पूरी तरह से स्वतंत्र होकर भयमुक्त मतदान करें। इतना ही नहीं यदि निष्पक्ष चुनाव में कोई गड़बड़ी करता है तो फौरन इसकी जानकारी पुलिस को दिया जाए। पुलिस पूरी तरह से कार्यवाही करने के लिए अलर्ट है। इस तरह से समूचे जिले की थाना पुलिस अपने-अपने क्षेत्रों में जहां जनता को भयमुक्त मतदान करने की अपील कर रही है तो आराजकतत्वों को कार्यवाही की चेतावनी दे रही है। पैदल मार्च के मौके चैकी इंचार्ज हब्बू नगर सुनील कुमार, एसआई नीरज उपाध्याय, हर्षित मिश्रा, अभिषेक कुमार, आदि पुलिस फोर्स मौजूद रही।



क्षेत्र में पैदल मार्च करती कड़ा पुलिस

### सगाई के बाद मांगा दहेज, शादी से किया इनकार

**कौशाम्बी।** कोतवाली क्षेत्र की एक युवती की शादी आठ माह पहले करारी क्षेत्र में तय हुई थी। रिश्ता तय होने के बाद दोनों परिवार के बाद सगाई की रश्म अदायगी भी हो गई। इसके बाद युवती के परिजन शादी की तैयारी में जुट गए। शादी की तारीख पक्की करने के बाद युवक के साथ उसके घर वालों ने कार की मांग की। युवती के पिता ने कार देने से इनकार किया तो वर पक्ष ने शादी करने से मना कर दिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक से की है। एएसपी ने महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है।

### संजय बने विश्व हिन्दू महासंघ के प्रभारी

**कौशाम्बी।** अधिवक्ता संजय मिश्र को विश्व हिन्दू महासंघ का प्रभारी बनाया गया है। यह जानकारी मंडल प्रभारी प्रयागराज नागेश्वर प्रसाद मिश्र ने दी है। संजय के कौशाम्बी प्रभारी बनने पर अधिवक्ता साथियों में खुशी की लहर दौड़ गई। अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

## पांच लाख लेकर तालाब की जमीन का किया बैनामा

**बैनामा**

**पीड़िता ने मामले की शिकायत एएसपी से की। एएसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है**

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के शाखा गांव की एक महिला के पांच लाख रुपये फरेबियों ने हड़प लिया। मुख्यालय में जमीन बैनामा करने नाम पर तालाब की भूमि का बैनामा कर दिया। जानकारी होने पर विरोध करते हुए महिला ने दी गई रकम वापस मांगी तो आरोपितों ने जान से मारने की धमकी। पीड़िता ने मामले की शिकायत एएसपी से की। एएसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

शाखा गांव की उमा देवी पत्नी ओम प्रकाश ने बताया कि कुछ दिन पहले उसने मंझनपुर मुख्यालय में एक जमीन का सौदा तय किया था। फर्जी खतौनी दिखाकर पांच लाख रुपये नकद लेने के बाद आरोपित ने तालाब की जमीन का बैनामा कर दिया। दाखिल खारिज से पहले फजीर्वाड़ा की जानकारी महिला को हुई तो वह अवाक रह गई। पीड़ित दंपती ने जालसाजी का विरोध करते हुए दी गई रकम वापस मांगी तो आरोपित आग बबूला हो गए। रकम देने से इनकार करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने मंझनपुर में मामले की शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक से की। एएसपी के निर्देश पर मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अट्ठारह दिन बाद भी खाकी की पकड़ से दूर चोरों का गैंग

**रहस्य**

**मामला महेवाघाट के निखोदा गांव में हुई बड़ी चोरी का**

**कुछ लोगों को उठाने के बाद भी नहीं खुल सका रहस्य**

**घटना के बाद से पीड़ित परिवार हैरान**

**कौशाम्बी।** महेवाघाट कोतवाली अंतर्गत निखोदा गांव में बीते अठ्ठारह दिन पहले चोरों ने एक बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इतना ही नहीं उसी रात्रि को दूसरे घर में भी हौसले बुलंद चोरों ने खंगाला था। दूसरे दिन जानकारी होने पर पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू किया। कहा जा रहा है कि इस दौरान कुछ लोगों को पुलिस ने उठाया भी लेकिन पूछताछ के बाद छोड़ दिया। जबकि घटना के बाद से पीड़ित परिवार हैरान परेशान है।

बताना जरूरी होगा कि 28 मार्च की रात्रि को निखोदा गांव निवासी दिनेश नारायण मिश्र के घर चोरों ने प्रवेश किया। इस दौरान उनके बहु के कमरे में रखी आलमारी का लाकर तोड़कर उसमें मौजूद रहा तकरीबन 35 लाख जेवर के जेवर व नकदी चोरों ने साफ कर दिया। दूसरे दिन नींद से उठे परिवार के लोगों ने घर का सामन तितर वितर देखा तो उनके होश फाख्ता हो गए। आलमारी को देखा तो उसका लाकर टूटा था और उसमें रहा जेवर गायब था। यह देख परिवार में चीख पुकार शुरू हो गई। इतना ही नहीं इसी रात्रि को चोरों ने एक और घर में भी वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने महेवाघाट पुलिस को लिखित तहरीर दिया। पुलिस तहरीर के मुताबिक छानबीन शुरू किया। कहा जा रहा है कि इस दौरान पुलिस ने कुछ लोगों को उठाया भी था लेकिन पूछताछ ही तक सीमित रही। घटना को अठ्ठारह दिन बीतने के बाद भी पुलिस को सफलता न मिलती देख पीड़ित परिवार हैरान परेशान है। हालांकि एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव महेवाघाट थानाध्यक्ष को खुलासे को लेकर कड़े निर्देश भी दिए हैं।

## बच्चों समेत विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**कौशाम्बी।** महेवाघाट गांव में ब्याही युवती को शादी के दस साल बाद ससुरालवालों ने मासूम बच्चों समेत पीटते हुए घर से निकाल दिया। आरोप है कि नामजद शिकायत के बाद भी पुलिस आरोपितों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। शनिवार को पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया है।

कोखराज थाना क्षेत्र के परसरा गांव की सीमा देवी की शादी दस साल पहले महेवाघाट गांव में दिनेश के साथ हुई थी। विवाहिता ने बताया कि वह तीन बच्चे की मां है। शादी के दस साल बाद पति व ससुराल वालों ने महीने भर पहले पिटाई करते हुए बच्चों के साथ उसे घर से निकाल दिया। घर से निकालने के बाद दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद विवाहिता राजापुर में किराए का मकान लेकर बच्चों के साथ रह रही है। आरोप है कि कई बार मामले की शिकायत थाने में की लेकिन पुलिस ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की। शनिवार को पीड़िता ने मंझनपुर में मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। एसपी ने महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है।

### तमंचा और कारतूस के साथ दो युवक बंदी

**कौशाम्बी।** संदीपनघाट और सरायअकिल पुलिस ने अलग-अलग स्थान से दो युवकों को पकड़ते हुए उनके पास से तमंचा व कारतूस बरामद किया। संदीपनघाट पुलिस ने एक हॉस्पिटल के समीप संदिग्ध दशा में खड़े सुनील कुमार निवासी महगांव को पकड़ते हुए 315 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद किया है। इसी तरह सरायअकिल पुलिस ने सरैया गांव के समीप से तारिक निवासी गोपालपुर के कब्जे से 12 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया है।

# गंगा में गिर रहा गंदा नाला का पानी रोका जाएगा : सीडीओ



गंगा आरती कार्यक्रम में मौजूद सीडीओ

**दारागनर, कौशाम्बी।** नगर पंचायत कडाधाम के कुबरीघाट गंगा घाट में आयोजित आरती कार्यक्रम में पहुंची सीडीओ रवि किशोर त्रिवेदी का गंगा गोमती इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष विनय पांडेय व कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। वहीं विधिविधान से पूजा हवन आरती कराई गई। पूजा आरती के बाद पत्रकारों से कडा के कुबरीघाट में गिर रहे गंदे नाले पर सवाल पूछने पर कि भारत सरकार द्वारा गंगा जी को स्वच्छ रखने के लिए करोडो रुपए खर्च किये जा रहे पर कडा के कुबरीघाट गंगा घाट पर स्वच्छता नही दिखाई दे रही, इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि कडा के कुबरीघाट पर गिर रहे नाले की जानकारी प्राप्त हुई जिसकी जांच कराकर जल्द ही बंद करवाया जाएगा।

### विवाहिता से दुराचार की कोशिश, मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र में एक गांव की विवाहिता शुक्रवार की दोपहर घर में अकेली थी। मोहल्ले का युवक बहाने से घर के भीतर पहुंचा। विवाहिता से दुराचार का प्रयास किया। विवाहिता ने विरोध किया तो आरोपित युवक ने उसकी पिटाई कर दी। विवाहिता को पीटते हुए युवक कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। देर शाम परिजनों को घटना की जानकारी देते हुए पीड़िता थाने पहुंची और मामले की नामजद शिकायत की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### निकाय चुनावः व्यय सीमा से सम्बन्धित शिकायत प्रकोष्ठ एवं कॉल सेन्टर स्थापित

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार के निदेर्शानुसार नगर निकाय चुनाव-2023 के लिए व्यय सीमा से सम्बन्धित शिकायत प्रकोष्ठ एवं कॉल सेन्टर की स्थापना कोषागार-मंझनपुर में की गयी है। सहायक कोषाधिकारी राधे मोहन मो.न.-9839521850, लेखाकार रत्नेश कुमार श्रीवास्तव मो.नं.-6306578890 एवं मो.नं.-9450584551 तथा रोकड़िया श्री देशराज शर्मा मो.नं.-9450618593 को शिकायत प्रकोष्ठ एवं कॉल सेन्टर के लिए नियुक्त किया गया है।

# अतीक के करीबी नसीम अख्तर उर्फ सोनई और बेटे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गिरफ्तारी**

**मंझनपुर में किसके संपर्क में था सोनई यह बड़ी जांच का विषय**

कौशाम्बी। माफिया अतीक अहमद के कौशांबी में गहरे संबंध है कुछ समय पहले तक हम अतीक के आदमी हैं कहने वाले गली चौराहे में खूब देखे जाते थे तमाम कस्बों में उनके चाहने वाले लोग अभी भी हैं जो लगातार गुप्तचर का काम कर रहे हैं पुलिस की नजर अब अतीक अहमद के कौशांबी में रहने वाले साथियो तक पहुंचने लगी है गोपनीय तरीके से उनकी जांच कराई जा रही है एक जिला पंचायत के सदस्य के पति और बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है बताया जाता है कि नसीम अख्तर उर्फ सोनई अतीक अहमद का करीबी है उसे पुलिस ने मंझनपुर से अरेस्ट कर लिया है,सोनई की पत्नी वर्तमान में वार्ड नंबर पांच से जिला पंचायत सदस्य है सोनई के प्रयागराज के कसारी मसारी कब्रिस्तान में पहुंचने पर पुलिस ने उससे पूछताछ की थी ,जिसके बाद सोनई के घर पर कल रात पुलिस ने छापा मारकर उसके बेटे दानिश को उठाया था,वही मंझनपुर से गिरफ्तार कर सोनई को कोखराज थाना ले जाया गया है जहा पिता पुत्र से पुलिस पूछताछ कर रही है। जिले में माफिया अतीक अहमद के बहुत से करीबी है जिन्हे माफिया अतीक अहमद का संरक्षण प्राप्त था, कई बार अतीक अहमद का अपने साथियों के यहां कौशाम्बी के कस्बो में आना भी हुआ था पुलिस एनकाउंटर में अतीक के बेटे असद की मौत के बाद कोखराज थाना क्षेत्र के खालिसपुर के रहने वाला नसीम अख्तर उर्फ सोनई प्रयागराज के कसारी मसारी स्थित कब्रिस्तान पहुंच गया था,पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो उसने अपना पता चाकवन बताया अतीक अहमद के करीबी की जानकारी होते ही पुलिस एक्टिव हो गई और रात में ही उसके चाकवन वाले घर पर छापेमारी कर सोनई के बेटे को कोखराज पुलिस ने उठा लिया, जबकि सोनई मौके से फरार हो गया,पुलिस ने सोनई के बेटे दानिश को उठा लिया और पूछताछ कर रही है।पुलिस की छापेमारी से अतीक के संपर्क में रहने वाले कई लोग घर छोड़कर फरार हो गए है मंझनपुर में सोनई किसके संपर्क में था यह बड़ी जांच का विषय है।

## संक्षेप

### ग्यारह गोवंश को मुक्त कराने में पुलिस को मिली सफलता, आरोपियों पर केस

**लालगंज।** सांगीपुर पुलिस ने गोवध तस्करी के एक आरोपी को धर दबोचा। वही ट्रक से ग्यारह गोवंश को मुक्त कराया। सांगीपुर के दरोगा अतुल यादव पुलिस फोर्स के साथ शुक्रवार की रात गश्त कर रहे थे। इस दौरान मुखबिरी सूचना पर फोर्स शाहबरी गांव के समीप चैबे की बाग पहुंची। वहां एक ट्रक पर वध के लिए ले जाने हेतु ग्यारह गोवंश रस्सी मे बंधे हुए देख पुलिस आवाक रह गयी। पुलिस फोर्स ने वाहन मे गोवंश लाद रहे गौहानी निवासी विक्रम सिंह उर्फ बीके पुत्र स्व. स्वामीनाथ सिंह को दबोच लिया। पुलिस को देख कुछ अज्ञात आरोपी बाग का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस ने ट्रक पर लदे गोवंश को मुक्त कराया। दरोगा की तहरीर पर पुलिस ने पकडे गये आरोपी विक्रम सिंह के अलावा एक नामजद तथा ट्रक चालक समेत चार पांच अन्य अज्ञात आरोपियो के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने पकडी गयी ट्रक को कब्जे मे लेकर थाने ले आयी। ट्रक को भी पुलिस ने सीज कर दिया है।

# रामपुरखास विकास के हर पहलू पर सबसे अव्वल दिखेगा : प्रमोद तिवारी

## सांसद ने प्रतिभाओं को किया सम्मानित, ग्रामीणों को दी सौगात


सिंहगढ़ में जनसभा को संबोधित करते सांसद प्रमोद तिवारी

**लालगंज।** शनिवार को क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से सांगीपुर क्षेत्र के लोगों को राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सडक तथा पंचायत भवन की सौगात सौपी। वही सांसद प्रमोद तिवारी ने विद्यालय के वार्षिकोत्सव मे मेधावियों को मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं विधायक मोना की ओर से शिक्षण कक्ष के लिए विधायक निधि से डेढ़ लाख रुपए दिये जाने का ऐलान किया। सांसद प्रमोद तिवारी के हाथों विकास तथा शिक्षा के क्षेत्र में लाखों की सौगात मिलने से ग्रामीणों तथा छात्र छात्राओं के चेहरे भी खिल उठे दिखे। सांगीपुर क्षेत्र के सिंहगढ़ गांव में सांसद प्रमोद तिवारी ने विधायक मोना द्वारा दीवानगंज से गोर्वधनपुर होते हुए पूरे पण्डित मार्ग के लिए लोक निर्माण विभाग के जरिए होने वाले विशेष मरम्मत कार्य के लिए तिरसठ लाख इक्यान्वें हजार की सौगात सौपी। सांसद प्रमोद तिवारी ने बताया कि पांच सौ मीटर बनने वाली यह सडक सीसी रोड के रूप मे नाली व पुलिया सहित लोगों को आवागमन के लिए अब बेहतर सुविधाजनक दिखेगी। वहीं उन्होने बाइस लाख रुपए की लागत से गांव मे बने नवनिर्मित पंचायत भवन का भी समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। यहां एक बडी जनसभा को संबोधित करते हुए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास मे रामपुर खास सडक तथा बिजली व पेयजल योजनाओं से संतृप्त होते हुए प्रदेश का सबसे अव्वल क्षेत्र दिखेगा। उन्होने क्षेत्रीय विधायक मोना के गांव से जुडे विकास के इन प्रयासों को जनकल्याणकारी ठहराते हुए प्रशंसनीय ठहराया। श्री तिवारी ने कहा कि विकास के साथ आम लोगों को उनके मान सम्मान की भी इस क्षेत्र मे सदैव उनके द्वारा शीर्ष प्राथमिकता रखी जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू व संयोजन प्रधान बलराम सरोज ने किया। जनसभा का संचालन जगदीश मिश्र ने किया। जिपंस अरविंद सिंह तथा रिंकू सिंह परिहार ने गांव के विकास की इन योजनाओं के लिए धनराशि उपलब्ध कराने की सराहना की। इस मौके पर अनिल मिश्र, मो. सहीद, संतोष तिवारी आदि रहे। इसके पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी रानीगंज कैथौला क्षेत्र के मेढ़ावां स्थित ऐन्थम हायर सेकेण्डरी स्कूल के वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्यअतिथि ने कहा कि देश के विकास की मजबूती के लिए विद्यार्थियों को शिक्षा का मजबूत परिवेश मिलना समय की सबसे बडी आवश्यकता है। उन्होने शिक्षाविदो से कहा कि वह छात्रो को ज्ञान के क्षेत्र में पारंगत बनाते हुए जीवन के प्रति आत्मनिर्भरता की भी ऊर्जा विकसित करने का लक्ष्य तैयार करे। कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय के प्रबंधक तिलकधारी सिंह ने किया। समारोह में सांसद प्रमोद तिवारी ने विद्यालय की मेधावी मान्या सिंह, निधि पटेल, आशू यादव, प्रिया सिंह, साक्षी सिंह समेत छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र तथा मेडल प्रदान कर सम्मानित भी किया। प्रधानाचार्य अरूण कुमार सिंह ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। इस मौके पर सूबेदार सिंह चैहान, राजकुमार सिंह, सर्वेश मिश्र, पप्पू तिवारी आदि रहे।

## चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु 40 उड़नदस्ता टीमों की हुई नियुक्ति

**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल ने नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल एवं शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने हेतु अधिकारियों को उड़नदस्ता मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त किया है। उन्होने उड़नदस्ता मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया है कि प्रतीक आवंटन 21 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 बजे से कार्य की समाप्ति तक (जनपद में मतदान की तिथि तक) आयोग के निदेशों के अनुरूप चेकिंग की कार्यवाही सुनिश्चित करेगी तथा मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात चेकिंग की कार्यवाही बन्द कर दी जायेगी। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अन्तर्गत सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुये अनुशासनिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होने नगर पालिका परिषद बेल्हा हेतु 04 उड़नदस्ता टीमों को, नगर पंचायत प्रतापगढ़ सिटी हेतु 02, नगर पंचायत कटरा मेंदनीगंज हेतु 02, नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह हेतु 02, नगर पंचायत मानधाता बाजार हेतु 02, नगर पंचायत गड़वारा बाजार हेतु 02, नगर पंचायत अन्तू हेतु 02, नगर पंचायत पट्टी हेतु 02, नगर पंचायत ढकवा हेतु 02, नगर पंचायत रामगंज हेतु 02, नगर पंचायत कोहड़ौर हेतु 02, नगर पंचायत रानीगंज हेतु 02, नगर पंचायत पृथ्वीगंज हेतु 02, नगर पंचायत सुवंशा बाजार हेतु 02, नगर पंचायत लालगंज हेतु 02, नगर पंचायत कुण्डा हेतु 02, नगर पंचायत मानिकपुर हेतु 02, नगर पंचायत हीरागंज बाजार हेतु 02, नगर पंचायत डेरवा बाजार हेतु 02 उड़नदस्ता टीमों को नियुक्त किया है। उड़नदस्ता टीमों की दो पालियों क्रमशः प्रातः 6 बजे से सायं 6 बजे तक एवं सायं 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक ड्यूटी लगायी गयी है। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन हेतु 16 उड़नदस्ता मजिस्ट्रेट रिजर्व किये गये है।

## अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत लोगों को किया जागरूक


राहगीरों को जागरूक करते हुए

**पट्टी।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं जिलाधिकारी डॉ नितिन बंसल के आदेश एवं अग्निशमन अधिकारी प्रभाकर पांडेय के निर्देश के क्रम में अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत फायरकर्मियों ने कस्बे के लोगों एवं राहगीरों को जागरूकता पंपलेट वितरित किया। उन्होंने आग से बचाव के तरह-तरह के उपाय बताए। इस दौरान फायर सर्विस यूनिट पट्टी के प्रभारी सोहन लाल यादव, सुनील कुमार, अश्वनी कुमार, केवल सिंह, सौरभ सिंह राणा, अमरजीत कुमार, आकाश कुमार, श्री प्रकाश यादव के द्वारा अग्नि सुरक्षा एवं जीवन रक्षा का उपाय बताने के साथ ही हुक्का पीने के पश्चात चिलम की आग को पूर्ण रूप से बुझाना, जलते हुए बीडी के टुकड़े को पैर से कुचल कर तथा पूर्ण रूप से बुझाकर फेंकना, रात्रि में सोने से पहले गैस सिलेंडर की नाब बंद करना, बिस्तर में लेट कर धूम्रपान न करना समेत तमाम बिंदुओं पर लोगों को जागरूक किया गया।

## नगर पंचायत चुनाव में पर्चे की खरीद व नामांकन प्रक्रिया की बढ़ी सरगर्मी

**लालगंज।** नगर पंचायत के चुनाव मे शनिवार को अध्यक्ष एवं सभासद के प्रत्याशियो के द्वारा नामांकन पत्र भी दाखिल किया गया। वहीं संभावित उम्मीदवारों ने पर्चे भी खरीदे। अध्यक्ष पद पर शनिवार को सीता देवी व पूजा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं सभासद पद पर सत्रह प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। सभासद के पद पर नौ संभावित उम्मीदवारों ने पर्चे भी खरीदे। नामांकन पत्र दाखिल करने व पर्चो की खरीद को लेकर तहसील परिसर में कडी सुरक्षा का माहौल दिखा। वहीं शनिवार को सभासद के एक प्रत्याशी को गाजे बाजे के साथ समर्थको के साथ तहसील गेट पर पहुंचा देखा गया। हालांकि नाम निर्देशन कक्ष में प्रत्याशी ने सादगी के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। एसडीएम उदयभान सिंह व कोतवाल कमलेश पाल भी प्रशासनिक व्यवस्था पर नजर जमाए दिखे।

# डॉ. वीरेन्द्र के निधन पर शिक्षण संस्थानों में शोक सभाएं, सांसद प्रमोद ने दी श्रद्धांजलि


चिकित्सक डा. वीरेन्द्र मिश्र को श्रद्धासुमन अर्पित करते सांसद प्रमोद तिवारी

**लालगंज।** नगर के ख्यातिप्राप्त चिकित्सक डा. वीरेन्द्र मिश्र के निधन पर शनिवार को भी यहां शिक्षण संस्थानों तथा तहसील परिसर आदि स्थानों पर शोक श्रद्धांजलियों का सिलसिला जारी दिखा। राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी दोपहर उनके आवास पहुंचे और स्व. डा. मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण कर स्वयं तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। पारिवारिक खाटी समर्थक डा. वीरेन्द्र के निधन से दुखी प्रमोद तिवारी परिजनों से मिले तो उनका गला भर आया। वहीं शनिवार के दौरे मे सांसद प्रमोद तिवारी को डा. वीरेन्द्र की स्मृति में स्वयं को कई कार्यक्रमों मे भी लोगों से माल्यार्पण न करने का अनुरोध करते हुए देखा गया। इधर कई शिक्षण संस्थानों के अध्यक्ष व प्रबंधक रहे डा. वीरेन्द्र के निधन पर शिक्षण संस्थानों मे शिक्षकों व छात्र छात्राओं की शोकसभा में पुष्पांजलि अर्पित की गयी। बहुगुणा पीजी कालेज, रामअंजोर मिश्र इण्टर कालेज, पुनीत इण्टर कालेज, कमला नेहरू बालिका इण्टर कालेज, पुनीत आईटीआई तथा पहाड़पुर स्थित बीडी दुबे इण्टर कालेज में शोक सभाओं के बाद विद्यालय में अनाध्याय दिखा। शोकसभाओ में प्रधानाचार्य सुनील कुमार शुक्ल, प्रधानाचार्य अखिलेश पाण्डेय, प्रधानाचार्या शोभा श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य बीएन तिवारी, सिद्धार्थ आदि ने डा. वीरेन्द्र के व्यक्तित्व को अविस्मरणीय बताया। इधर तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने भी शोक सभा कर समाजसेवी डा. वीरेन्द्र मिश्र के निधन पर उन्हें फुल कोर्ट रिफ्रेंस ऑनर दिया। अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल ने किया। अवध बार एसोशिएसन के पूर्व महामंत्री पं. रामसेवक त्रिपाठी ने यहां डा. वीरेन्द्र के वृहद व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह, टीपी यादव, राजेन्द्र मिश्र, राव वीरेन्द्र सिंह, विकास मिश्र, रामलगन यादव, राममोहन सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, देशराज यादव, विपिन शुक्ल, सुरेश मिश्र मदन, दिनेश मिश्र, केके शुक्ला, कमलेश तिवारी, राजेश तिवारी, विजय श्रीवास्तव व सुमित त्रिपाठी आदि अधिवक्ता रहे।

## तमंचा सटाकर फाइनेंसकर्मी की बाइक लूटी

**प्रतापगढ़।** जिला मुख्यालय से घर आ रहे फाइनेंस कंपनी के एक कर्मचारी से बाइक सवार बदमाश तमंचा सटाकर उसकी बाइक लेकर फरार हो गये। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

अंतू स्थानीय थाना क्षेत्र के काशीपुर निवासी नीरज शुक्ला एक फाइनेंस कंपनी में काम करता है। वह शुक्रवार रात नौ बजे जिला मुख्यालय से बाइक से घर आ रहा था। आरोप है कि गड़वारा बाजार से ही दो बाइक से छह युवक उसका पीछा करने लगे। वह अपने गांव के पास पहुंचा तो युवकों ने ओवरटेक कर उसे रोका और तमंचा सटाकर उसकी बाइक लेकर भाग निकले। एसओ जितेंद्र सिंह का कहना है कि रात में वारदात की सूचना मिलते ही मौके पर गए थे। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## नानकशाही गुरुद्वारे में वैशाखी पर हुआ रक्तदान


रक्तदान करते लोग

**प्रतापगढ़।** शहर के बाबगंज स्थित गुरूद्वारा नानकशाही में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। खालसा सृजना दिवस बैशाखी के मौके पर हर वर्ग के लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में प्रयागराज के चिकित्सकों की टीम ब्लड कलेक्शन वैन के साथ पहुंचने पर जिले की ब्लड बैंक की यूनिट ने पूरा सहयोग किया। गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी ने डाक्टरों की टीम व रक्तवीरों को धन्यवाद देते हुए सर्टीफिकेट दिया। शिविर में रक्त देने वालों में जगमीत सिंह, सलमान खान, सरबजीत सिंह, पवनप्रीत सिंह, विशाल सिंह, जसमीत सिंह, राकेश सादवानी, मनीष सादवानी, रमनजीत सिंह अहूजा, दसप्रीति सिंह अहूजा, आदित्य जायसवाल, कपिल खण्डेलवाल आदि लोग शामिल रहे।

## एसडीएम ने शस्त्र की दुकानों का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु शनिवार की शाम एसडीएम व सीओ ने नगर के शस्त्र की दुकानों का निरीक्षण किया। अभिलेखों संग स्टाक विक्री, शस्त्र, कारतूसों की उपलब्धता आदि का निरीक्षण किया। शस्त्र विक्रेताओं को चुनाव में एहतियात बरतने का निर्देश दिया। एसडीएम सतीश चन्द्र त्रिपाठी, सीओ अजीत कुमार सिंह टीम के साथ शनिवार की शाम नगर के शस्त्र विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण करने पहुंचे। मेन चैराहा स्थित सुभाष शस्त्रालय पर पहुंचे एसडीएम ने सबसे पहले स्टाक रजिस्टर चेक किया। स्टाक के हिसाब से शस्त्र और कारतूसों की उपलब्धता देखी। मृतकों के जमा बंदूकों का विवरण पूछा। चुनाव को देखते हुए जमा की जाने वाली बंदूकों का मिलान कराया। शस्त्र विक्रेता सुभाष केसरवानी को चुनाव के समय बहुत एहतियात बरतने का निर्देश दिया, जिससे किसी तरह की घटना पर रोक लगाई जा सके।

## फार्मासिस्ट के सम्मेलन में समस्याओं पर हुआ मंथन


सम्मेलन में उपस्थित अतिथिगण

### सम्मेलन में विभिन्न जनपदों से फार्मासिस्ट हुए शामिल

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की तरफ से शनिवार को शहर के एक होटल में सम्मेलन हुआ। जिनमें विभिन्न जनपदों से फार्मासिस्ट शामिल हुए। असोसिएशन के सदस्यों ने अपनी समस्याओं को सम्मेलन में पदाधिकारियों के सामने रखा। जिस पर विचार विमर्श कर निस्तारण किया गया। इस मौके पर असोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशि भूषण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष डॉ0 एके शर्मा, रवि मौर्या आदि उपस्थित रहे।

## आधा दर्जन से अधिक आरोपियों पर मारपीट व बलवा का केस

**लालगंज।** उदयपुर पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट तथा धारदार हथियार से हमला व बलवा का केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना के पूरे पुरन्दर, रेहुआ लालगंज निवासी चंद्रभूषण सिंह की पत्नी मीना देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि तेरह अप्रैल की रात आठ बजे पूरे शिववंश खानीपुर निवासी गांव के आरोपी विजय बहादुर पुत्र स्व. राजाराम सिंह व विजय बहादुर के पुत्र देवेन्द्र तथा छः अन्य अज्ञात आरोपी रंजिशन उसके दरवाजे पर लाठी डण्डे तथा कुल्हाडी से लैस होकर आ धमके। आरोपियो ने पीडिता को गाली देते हुए उसके घर घुस गये। वहां आरोपियो ने घर के अंदर पीड़िता के पति व बेटे पर लाठी डंडे तथा कुल्हाडी से हमला कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जान से मार डालने की धमकी देते वहां से चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने विजय बहादुर समेत आधा दर्जन से अधिक आरोपियो के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है।

## वृद्धाश्रम में भागवत कथा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा


कलश यात्रा निकालते लोग

**प्रतापगढ़।** नगर के महुली स्थित वृद्धाश्रम में श्रीमद् भागवत कथा शनिवार से प्रारंभ हो गई। इसके पूर्व समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य की अगुवाई में नगर क्षेत्र में कलशयात्रा निकाली गई। कथा वाचक मधुकर जी महराज जीवन के अंतिम पड़ाव पर निसहाय रह रहे वृद्धाश्रम के निवासियों को भगवत कथा का रसपान करा रहे है। अपने घर परिवार से दूर आश्रम में रह रहे वृद्धों ने समाजसेवी रोशनलाल से भागवत कथा सुनने की इच्छा जाहिर की थी। बुजुर्गो की मांगों पर उन्होंने उनकी अंतिम इच्छा को पूरा करने का बीड़ा उठाया। इसके लिए उन्होंने लोगों के सहयोग से तैयारियॉ की। बुजुर्गो की इच्छाओं को पूरा करते हुए शनिवार से वृद्धाश्रम में भागवत कथा प्रारंभ हो गई। कथा सुनकर बुजुर्ग नर नारी भाव विहवल दिखे और समाजसेवी रोशनलाल को लाख-लाख धन्यवाद देते रहे। इस मौके पर आश्रम के प्रबंधक अंबिका प्रसाद, मान सिंह, शीवेश शुक्ल, राजकुमार, संतोष कुमार, छेदीलाल, अशोक अग्रवाल, दिनेश जायसवाल, श्याम किशोर जायसवाल, दयाराम मौर्य आनंद मोहन ओझा, रेखा उमरवैश्य, गुलाब कली, आरती देवी आदि लोग मौजूद रहे।

# संचारी रोग के प्रति किया जागरूक


विद्यार्थियों को जागरूक करती शिक्षिकाएं

**प्रतापगढ़।** डीएम डॉ0 नितिन बंसल के आदेश पर डीआईओएस डॉ0 ओपी राय ने विद्यालयों में बच्चों को संचारी रोग के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया था। निर्देश के क्रम में जिले के माध्यमिक विद्यालयों में लोकगीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजकीय इंटर कालेज बरहदा में प्रधानाचार्य डॉ0 विंध्याचल सिंह के निर्देशन में शनिवार को डॉ रुचि पाण्डेय, वंदना तिवारी, ललिता पटेल, पूजा पटेल, दीपक कुमार सिंह, राजेश कुमार, अशोक कुमार के संयोजन में लोकगीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर रागिनी कक्षा 12, द्वितीय स्थान पर सृष्टि मिश्रा कक्षा 10 तथा तृतीय स्थान पर स्वेच्छा कक्षा 9 चयनित हुई। इसी प्रकार जिले के अन्य विद्यालयों में प्रतियोगिता में चयनितों को सम्मानित किया गया। विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों ने स्टाफ और विद्यार्थियों को संचारी रोग के प्रति जागरूकता किया।

## वन्य जीवों को कैदकर रखना गैर कानूनी

**प्रतापगढ़।** डीएफओ ने वन्य जीवों को घायल अवस्था या अनाथ स्थिति में पाये जाने पर वन विभाग के निकटस्थ कार्यालय को तत्काल सूचित करने की अपील की है। वन्य जीवों के अवैध शिकार, व्यापार आदि में शामिल व्यक्तियों, संस्थाओं की सूचना वन विभाग एवं पुलिस विभाग के निकटस्थ कार्यालय को दें। उन्होंने कहा कि वन जीवों के अवैध व्यापार एवं अवैध शिकार के सम्बन्ध में हेल्प लाइन नम्बर 1800-11-9334 (टोल फ्री) पर दे सकते हैं। बिना अनुमति के वन्य जीवों को पिंजड़े अथवा किसी परिसर में कैद कर रखना अपराध है। वन्य जीवों का शिकार, फन्दे में फंसाना, दौड़ाना, जहर देना आदि अवैध है। वन्य जीवां के मांस का भक्षण या अन्य वन्य जीव से सम्बन्धित उत्पादों जैसे चमड़ा, सींग, पंख, बाल, नाखून, हड्डी आदि का उपभोग प्रतिबंधित है। वन्य जीवां को चोट पहुॅचाना, उनके अण्डों, घोसलों को नष्ट करना अपराध है। वन्य जीवों जैसे भालू, बन्दर, लंगूर, सांप, तीतर, तोता आदि को मनोरंजन हेतु प्रयोग में लाना गैर कानूनी है। वन्य जीवों को चारा देकर पालतू बनाना भी अपराध है।

# बुद्ध ने दिया शान्ति का संदेश : भंते


जयंती समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि भंते शान्तिप्रिय

**प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर ब्लाक के चमरूपुर शुक्लान स्थित पंचायत भवन में बाबासाहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भंते शान्तिप्रिय ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा बुद्ध सम्पूर्ण जगत में शान्ति का संदेश दिए। हम सबको उनके बताये मार्ग पर चलना चाहिए। डॉ0 सदाशिव बर्मा ने डॉ0 अम्बेडकर से विषम परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने की सीख लेने की बात कही। आलोक कुशवाहा ने बाबासाहेब के जीवन पर प्रकाश डाला। ब्लाक प्रमुख शीतला प्रसाद सरोज ने भारतरत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। संचालन साहित्यकार डॉ0 अरुण कुमार रत्नाकर ने किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान, रामचंद्र सरस, सुरेश नारायण दुबे व्योम, रविराव एड्वोकेट, आचार्य संतोष मिश्र, राजेश तिवारी, पुनीत मिश्र एड्वोकेट, शिक्षक श्याम लाल, पुरुषोत्तम सोनी एड्वोकेट, पूर्व प्रधान जयन्ती प्रसाद, नीरज पेण्टर, राजेन्द्र गौतम, आदि उपस्थित रहे।

## दो लाख से अधिक रुपया लेकर चले तो होगा जब्त

**प्रतापगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया कि नगर निकाय चुनाव की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। कोई भी व्यक्ति चुनाव के दौरान किसी व्यक्ति को वोट के लिए पैसा व अन्य चीजें देते पाया गया तो एक वर्ष तक के कारावास या जुमार्ने या दोनो से दण्डनीय होगा। इसके अलावां किसी को चोट लगाने की धमकी देता है वह एक वर्ष तक के कारावास या जुमार्ने या दोनो से दण्डनीय है। उड़न दस्ते रिश्वत देने वालों और लेने वालों दोनो के विरूद्ध मामले दर्ज करने के लिये और ऐसे लोगों के विरूद्ध कार्रवाई करने के लिये गठित किये गये है जो निर्वाचकों को डराने और धमकाने में लिप्त है। उन्होने सभी से अनुरोध किया है कि वे रिश्वत लेने से परहेज करें। यदि कोई व्यक्ति रिश्वत की पेशकश करता है तो व्यय सीमा सम्बन्धित शिकायतें हेतु कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 05342-220431, 7390015088 पर सूचित करें। डीएम ने कहा कि यदि व्यक्ति को किसी आवश्यक उद्देश्य से रुपए 2 लाख से अधिक नकदी ले जाने की आवश्यकता पड़ती है तो उसे ले जानू वाले के पास धन के श्रोत और उसके प्रयोग के कारण बताने के लिये समुचित कागजात होने चाहिये। अन्यथा की स्थिति में सन्देह के आधार पर धनराशि को जब्त कर लिया जायेगा।

## चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**लालगंज।** कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज के पूरे पण्डित तिलकराम ढ़िगौसी निवासी लवकुश सरोज पुत्र शंकरलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि चैदह अप्रैल को सुबह नौ बजे रंजिशन गांव के गनेश के पुत्र फूलचंद्र, रतीपाल के पुत्र पवन, पल्टू के पुत्र देशराज, फूलचंद्र के पुत्र चण्टू, ने उसे गाली देना शुरू किया। विरोध करने पर आरोपियो ने लाठी डंडे से मारपीट कर पीडित तथा उसके पिता को चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने फूलचंद्र समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

(विंध्याचल यादव की यह कविता अपनी पूरी बनावट में लगातार छीजते हुए मानवीय संबंधों की शोक कथा है।यह उनकी गहरी पीड़ा व मानसिक तनाव से फूटी हुई कविता है जहां बाल्मीकि की तरह 'शोक' ही 'श्लोक'(कविता) में बदल गया है।और यह एक अद्भुत संयोग है कि इन्हीं स्थितियों में बाल्मीकि ने पहली कविता लिखी और अब विंध्याचल ने।
इससे यह तो लगता ही है कि बाल्मीकि से चलकर विंध्याचल तक शोक का रंग और भी गाढ़ा हुआ है! विंध्याचल की इस कविता में मानवीय कुटिलता और सभ्यतागत जटिलता के तंतुवाय को एक साथ देखा जा सकता है, जिसमें झुके हुए चेहरों के भीतर से झांकती हुई बद्दुआएं हैं।यह संकेत है कि ज्ञान के आधुनिक मंदिर नालंदा में सब कुछ ठीक नहीं है।यहाँ एक तरफ हिंसक हाथ हैं तो दूसरी तरफ कुछ मौन चेहरे! कवि चाहता है कि जो मौन हैं वे मुखर हों।जो तटस्थ हैं वे सक्रिय हों लेकिन ऐसा होता दिखता नहीं।जाहिर सी बात है ,यह पीड़ा के भीतर से निकली अपेक्षा है जिसे अभी आकार लेना है। कुल मिलाकर कवि अंततः नालंदा को बचाना चाहता है ताकि आधुनिक समय के 'कलित कनफुकओं' व 'ललित लपकों' से नालंदा को बचाया जा सके : श्रीप्रकाश शुक्ल)

## नालंदा में शोक-गीत



**विंध्याचल यादव**

नालंदा शोक गीत गा रहा है /उदासी पुते चेहरों / और स्मित दबाए थरथराते होठों से /नालंदा शोक गीत गा रहा है।
नालंदा 'शोकमग्न' है बाहर-बाहर/ भीतर शोक-'मगन' है।
नालंदा से गिद्ध खत्म हो रहे हैं/ या कहें कि जगह खाली कर रहे हैं दूसरे 'परमहंसों' के लिए;
गिद्धों का इस तरह जाना/ अखर रहा है
उनके प्रति थोड़े समय के लिए ही सही,उनका/ इस तरह जाना, मानवीयता तो पैदा ही करता है।
हालांकि गिद्ध अपनी मौत की व्यवस्था स्वयं करते हैं-
वे मर रहे हैं क्योंकि/ उन्होंने साबुत लील ली है/अहम की पुड़िया,
अधिकार सुख की मादकता और एक खुद चुना/ हुआ एलियनेशन! अपनी एक गुफा!
वे मर रहे हैं क्योंकि/ उन्होंने खुद चुनी है अपनी/भेड़िया मंत्रिपरिषद :
जिनके दांत और आंत दोनों/ आंखों की चालाक मासूमियत के बिल्कुल विपरीत/ बेहद क्रूर और कसाई हैं।
जो अपनी जुबान और जेहन के बीच सम्मोहक/ संतुलन साधने की कला में हमेशा से माहिर हैं।
नालंदा शोक गीत गा रहा है/ ऐसा शोक गीत जिसमें
मृत की आत्मा की शांति की मंगलकामनाएं/ भीतर से बजबजाती हुई बद्दुआओं से बुझे हुए/ शांतिपाठों के रुप में छंदबद्ध हो रही हैं।
इन शांतिपाठों के उच्चार में/ नालंदा की भावी/ अशांति की आहटें और पैंतरों की पदचाप गूंज रही है,
गूंज रही है सियारों-लोमड़ों-कौवों और/ कनखजूरो की गोटियां खेलने की आवाजें /और कुछ तटस्थ सांसों की सरसराहट भी।
नालंदा शोक गीत गा रहा है /और इंतजार कर रहा है
इन सांसों की सरसराहट के आकार लेने का/ मजबूती से नालंदा के पक्ष में।

**संपर्क 80041 30639**

(हमारे पिताजी उस्ताद अफजल हुसैन ही हमारे उस्ताद थे। एक बार शास्त्रीय संगीत सिखाते-सिखाते पता नहीं, उन्हें क्या आभास हुआ....उनके जेहन में क्या आया! अचानक उन्हीं ने हमसे कहा कि तुम दोनों भाई क्लासिकल तो सीख लो, मगर शास्त्रीय संगीत मत गाओ! पुराने जमाने में गुरु जो कह देता था सिर झुकाकर उसे तस्लीम कर लेने के अलावा कोई रास्ता होता ही नहीं था। अगर आपने जवाब दिया या सवाल किया तो ये बहुत ही गलत माना जाता। अपनी इस बात का उन्होंने फिर खुद ही खुलासा भी किया। तुम लोग शास्त्रीय संगीत सीख लो तुम्हारी बुनियाद मजबूत हो जायेगी, मगर तुम लोग गाओ सुगम संगीत और उसमें भी विशेषकर गजल। आने वाले समय में तुम्हारा नाम भी होगा....पहचान भी बनेगी..... शोहरत भी मिलेगी और पैसा भी मिलेगा। वो तपस्वी साधक लोग थे। जैसा उन्होंने कहा वैसा ही हुआ, यह कहना है हुसैन बंधुओं यानी अहमद हुसैन, मुहम्मद हुसैन का। उनसे जनसंदेश टाइम्स के लिए बात की संस्कृति, संगीत और साहित्य में रुचि रखने वाले पत्रकार राजवीर रतन ने। प्रस्तुत है बातचीत का संपादित अंश)

# रफ्ता रफ्ता परवान चढ़ी हुसैन बंधुओं की गजल

**साक्षात्कार**

पर्फामिंग आर्ट्स ही नहीं, किसी भी कला के लिए सीखना जरूरी है। आपके भीतर उस कला की नींव मजबूत होना बहुत जरूरी है और इस नाते अपने गुरु से विधिवत सीखना ही चाहिए। रही गजल की बात...तो गजल किसी भी जमाने में कमजोर नहीं हुयी। किसी सहारे की जरूरत कभी गजल को नहीं हुयी। बड़े गुलाम अली खां साहब के छोटे भाई उस्ताद बरकत अली खां साहब, उसके बाद अगर आप आएंगे तो बेगम अख्तर साहिबा, केएल सहगल साहब, तलत महमूद जी, मोइनुद्दीन खां जयपुर वाले, राहत अली खां साहब....और यूं सिलसिला बढ़ाते चलें तो नाम ही नाम हैं। इस लम्बे सिलसिले के बाद जब मौसम या मिजाज बदला....या यूं कहें कि ट्रेण्ड बदला तो मेंहदी हसन साहब तशरीफ लाए...आगे जगजीत सिंह साहब, गुलाम अली साहब और फिर हरिहरन साहब जैसे गजल कहने वाले आए। ये अल्लाह का करम है कि हम लोग करीब-करीब आधी सदी से चल रहे हैं। 20 साल रियाज किया, बीस साल स्ट्रगल किया और फिर लगातार कार्यक्रमों का दौर.... इस तरह हमारा 60-65 साल का सफर है करीब सात साल की उमर से।

देखा जाये तो हमारी नजर में कोई भी कलाकार बुरा नहीं होता, उसे नापसंद करने वाले का नजरिया अलग हो सकता है जैसे किसी इंसान को मुक्तलिफ फूलों के रंग और खुशबू में से कुछ पंसद आएं और कोई नापसंद आए। ये नहीं कहा जा सकता है कि मोगरा अच्छा है या सिर्फ चमेली का अच्छा है या केवल गुलाब का अच्छा है। अपनी जगह पर एक जर्रा भी आफताब है, क्योंकि सृष्टि रची ही ऐसी गयी है।

मेरे कहने का मतलब यह है कि अगर गजलगोई में शास्त्रीयता का पुट नहीं होता तो वह रचना वो चीज एक लम्बे अरसे तक नहीं ठहर सकती। कोई माने या न माने पर हम दोनों का मानना यही है....यानी नींव मजबूत होना ही चाहिए। तालीम प्रॉपर होना ही चाहिए। अगर किसी कलाकार की मजबूत नींव वाली तालीम नहीं है और उसको किसी भी वजह से स्टेज भी मिल गया, पब्लिसिटी भी मिल गयी, पैसा भी मिल गया और लोग चाहने भी लगे तो भी वह लम्बे समय तक ठहर नहीं सकता क्योंकि उसके पांच मजबूत नहीं हुए हैं। वह तो एक तरह से छलांग मारकर छत पर जा पहुंचा है, पर उसे छत तक जाने और आने का रास्ता मालूम नहीं है वह आएगा कैसे?

आप घरानों की बात पूछ रहे हैं तो हमारी नजर में घरानों का महत्व आज भी उतना ही है जितना पहले था। हां, घरानों पर काम करने वाले धीरे-धीरे कम होते जा रहे हैं, ये जरूर हम मानते हैं। वो इसलिए कि वक्त बदल गया, हालात बदल गये, ख्यालात बदल गये और फिर जमाना बदल गया.... और ये होना ही है। बदलाव तो कुदरती है, आना ही है। लेकिन वो बदलाव हमें अच्छा नहीं लगता, जैसे मिसाल के तौर पे आपकी या मेरी कोई तस्वीर है और वो आपको या मुझे अपनी लग ही नहीं रही तो वो फोटो, वो छवि, वो घराना मेरी नजर में ठीक नहीं है। दूसरी मिसाल देता हूं, भारतीयता के हिसाब से हम भारतीय पूरी दुनिया में रोटी, सब्जी, दाल वगैरह खाते हैं, इसे हम ताउम्र नहीं बदल सकते। इस खाने की ताकत, तासीर एक ही रहेगी। हां, पहले पूड़ी-सब्जी, खस्ते की भी एक परम्परा थी, पर इस सबको छोड़कर अगर हम पश्चिमी व्यंजनों पिज्जा-बर्गर वगैरह की तरफ चले गये तो इस तरीके से हम अपने पेट को भर नहीं सकते.....हां खराब जरूर कर सकते हैं।

1959 से आकाशवाणी जयपुर से बाल कलाकारों के तौर पर हमारी प्रेजेण्टेशन हुई थी। वो प्रोग्राम....वो जमाना....वो लोग.... बहुत सुनहरी यादें हैं। उस समय बहुत बड़े बड़े नोट चला करते थे। चाहे सौ का या दस का.... चवन्नी, इकन्नी, अधन्नी क्या एक पैसे तक की वैल्यू थी।

हमारे पिताजी उस्ताद अफजल हुसैन ही हमारे उस्ताद थे। एक बार शास्त्रीय संगीत सिखाते-सिखाते पता नहीं, उन्हें क्या आभास हुआ....उनके जेहन में क्या आया! अचानक उन्हीं ने हमसे कहा कि तुम दोनों भाई क्लासिकल तो सीख लो, मगर शास्त्रीय संगीत मत गाओ! पुराने जमाने में गुरु जो कह देता था सिर झुकाकर उसे तस्लीम कर लेने के अलावा कोई रास्ता होता ही नहीं था। अगर आपने जवाब दिया या सवाल किया तो ये बहुत ही गलत माना जाता। अपनी इस बात का उन्होंने फिर खुद ही खुलासा भी किया। तुम लोग शास्त्रीय संगीत सीख लो तुम्हारी बुनियाद मजबूत हो जायेगी, मगर तुम लोग गाओ सुगम संगीत और उसमें भी विशेषकर गजल। आने वाले समय में तुम्हारा नाम भी होगा....पहचान भी बनेगी..... शोहरत भी मिलेगी और पैसा भी मिलेगा। वो तपस्वी साधक लोग थे। जैसा उन्होंने कहा वैसा ही हुआ।

हां तो जब 1959 में हम दोनों ने आकाशवाणी में प्रोग्राम किया तो दोनों को वो पांच-पांच रुपये का बड़ा वाला नोट मिला था। आप समझ सकते हैं पांच रुपये की उस समय क्या वैल्यू रही होगी! ते हम अपने का बड़ा भाग्यशाली मानते हैं। हमें पिताजी और.... और भी गुरुजनों से हमें आशीर्वाद मिला है। हम दोनों ने अपना जो भी सफर किया है वो स्टेप बाई स्टेप किया है। हमारे वालिद कहते थे उछाला मारने की जरूरत नहीं है। ऊपर जाना है तो सीढ़ियों से जाइए। आपको प्रोग्राम देना है तो मैं किसी को नहीं कहूंगा, आप अपने भरोसे पर जाइए। वाहिद कहते थे- आपको अगर खुद पर भरोसा नहीं है तो मत जाइए और अगर जाना है तो हमने आप दोनों को जितना बताया है, सिखाया है, समझाया है; वही पूरी ईमानदारी से पेश कर दो....न ही उसमें कमी करे....न ही उसमें इजाफा करो। कमी अगर करोगे तो हम नाराज हो जाएंगे...और अगर आप बढ़ोत्तरी करेंगे तो आपको उसका रास्ता ही मालूम नहीं है परफामेंस खराब हो जायेगी। आप दोनों अपने बुजुर्गों और जो बहुत बड़े-बड़े फनकार हैं, उनकी इज्जत करो....उनसे इजाजत लो। ये जान लो अगर आपने अपने काम में कटौती की तो आपका असर वो भी नहीं लेंगे.... वो ये सोचेंगे कि ये ऐसे ही गाता होगा....ऐसी ही बजाता होगा या ऐसा ही लिखता होगा.... तो ये नहीं करना है।



इस तरह 60-65 साल में हमने जो सारांश निकाला वो ये कि अगर आपको उम्र भर परफामेंस करना है तो उम्रभर सीखना होगा, विद्यार्थी बने रहना पड़ेगा। जहां अपने से बड़ों या गुरुजनों की बराबरी करने की कोशिश की तो वहीं आपके सामने लक्ष्मण रेखा आ जायेगी। आपका सबक वहीं खत्म....आपकी लाइन वहीं खत्म।....तो ऐसा नहीं करना है....एक बात और सीखी कि जब भी कार्यक्रम करने जाएं तो दिमाग में ये बैठा के मंच पर जाएं कि ये मेरा पहला प्रोग्राम है। ऐसे में आप कामयाब होते जायेंगे, पर जहां आप ओवर कॉन्फीडेण्ट हुए, वहां आपका काम खत्म।

.....तो जैसा आपका पहला सवाल था तो हम फिर कह रहे हैं कि गजल आज भी उसी मुकाम पर है, क्योंकि गजल अगर इस मुकाम पर नहीं होती तो हम आपके सामने न होते और न आप हमसे सवाल कर रहे होते।

जहां तक गुजिश्ता दौर में संगीत प्रतियोगिताओं में भाग लेने की बात है तो पहले तो हमारे पिताजी यानी हमारे गुरु, वही मना करते थे कि नहीं जाने की जरूरत है। आपको कम्पटीशन नहीं करना है आपको परफामेंस करना है..... और यही हम अपने बच्चों से अपने शागिर्दों से कहते हैं- म्यूजिक कम्पटीशन की चीज नहीं है। संगीत साधना-आराधना और तपस्या की चीज है। उससे प्यार करो, उसमें रम जाओ.... उससे पैसा कमाने की कोशिश मत करो। हां ये सही है कि पैसा आज की जरूरत है, हर आदमी को पैसा चाहिए और कमाना भी चाहिए, पर पिताजी कहते थे पैसे के बाबत उतना ही जेहन में रखिए, जितना कि जरूरत है। ऐसा न समझना कि सब कुछ पैसा ही है और कला जेहन से हट गयी। कलाकार की जगह अगर व्यवसायी बन गये तो आपकी कला खत्म। पिताजी कहते थे कि कला के हुनर के साथ खेल मत करो, नही तो तुम खुद ही खेल बन जाओगे। आपको पैसे या भौतिक संसाधनों का गुलाम नहीं बनना है। आजाद रहना है। सहारा अगर किसी का लेना है तो वो बस केवल अल्लाह का , भगवान का बाकी किसी का नहीं।

ये बात भी दिलचस्प है कि हम दोनों की जो तालीम हो रही थी वो अकेले-अकेले हुई। हम दोनों के बीच दो साल का फासला है। हम लोगों ने जो इग्जाम-ऑडीशन वगैरह दिये, वो भी अकेल अकेले दिये, लेकिन हमारी जोड़ी पहले हमारे उस्ताद हमारे पिताजी ने बनायी। उसके बाद आकाशवाणी ने हमारी जोड़ी बनायी। फिर तो लोगों ने हमे साथ देखना पसंद कर लिया तो उस्ताद अहमद हुसैन मुहम्मद हुसैन की जगह लोग हमें प्यार से हुसैन बंधु भी पुकारने लगे। हम बड़ी साफगोई से बता रहे हैं कि हम कोई जबर्दस्ती की बातें या किसी तरह दिखावा नहीं करते। जो हैं, जैसे हैं वैसे ही दिखायी देते हैं।



आपके शहर लखनऊ से हमें अलग लगाव है, एक अलग तरह का खिंचाव है, रिश्ता है। हम लोगों ने लखनऊ में जो पहल प्रोग्राम दिया था, वह 1975 में बोटेनिकल गार्डेन में दिया था। यकीन मानिए, तबसे यहां के लोगों से जो अपनापन, जो प्यार मुहब्बत मिली है वो आज तक बरकरार है। लखनऊ से क्या! पूरे यूपी से हमारा लगाव है लखनऊ के बाद अब गोरखपुर में प्रोग्राम देना है। यूपी से लगाव इसलिए भी है कि हमारा पुराना रिश्ता है, हमारा ननिहाल मथुरा है। मथुरा कृष्ण भगवान की जन्मभूमि है लेकिन हमारी माताजी का जन्म भी वहीं हुआ है। हमारा जयपुर में जो हमारा पुश्तैनी मकान है उसका नाम भी मथुरा वालों की हवेली है। मथुरा से हमारे बुजुर्गों को सवाई मान सिंह लेकर जयपुर आये थे और ये हवेली हमारे बुजुर्गों को बख्शीश में दी थी। पहले बहुत दिन दूसरी जगह गुणीजन खाने में रहे, बहुत से प्रोग्राम कराए, कार्यक्रम करने के दौरान बहुत बड़ी हवेली इनाम में दी।

हमारे बुजुर्गों की कोशिश रही कि मथुरा की निशानी कायम रहे तो हवेली को मथुरा वालों की हवेली का नाम दे दिया।

गजलगोई का जो हमारा तरीका है उसमें हम कार्यक्रम के लिए पहले से हर चीज तय करके नहीं जाते। ये तो लगभग वैसे ही है कि जब हम सफर पर बाहर गाड़ी लेकर निकलते हैं तो सामने के ट्रैफिक के हिसाब से ऑन द स्पॉट फैसला लेना होता कि कब हम ब्रेक लगाएं, कब क्लच ले, कब गाड़ी गेयर में डालनी है और कब एक्सीलरेटर दबाएं। हां, एक गजल या एक भजन या फिर गीत पहले महफिल में जरूर पेश करते हैं और इस दौरान जांच लेते हैं कि हमारी इस महफिल में सुनने वालों का मयार क्या है! हमारी निगाह में तीन तरह के सुनने वाले होते हैं। एक वो जो शायरी पसंद करते हैं, दूसरे वो जो संगीत के दीवाने होते हैं और तीसरे वो जिनको शायरी के संग संगीत का मिला जुला रूप भाता है। हम जांच लेते हैं फिर उस हिसाब से गाते हैं। पहले से पक्का करके नहीं जाते कि साहब यही गाना है। हम इस बात के कायल नहीं कि पहले से प्रोग्राम की स्क्रिप्ट तैयार कर लें। हम मानते हैं कि हमारा दिमाग खुद ऐन मौके पर सब तैयार कर लेगा।

**मूल्यांकन**

## एक पठनीय उपन्यास : अंतत:

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**



राजा सिंह एक उम्दा समकालीन कहानीकार हैं । 'अंततः' उपन्यास उनकी छठवीं कृति है। इससे पहले वर्ष २०१५ में अवशेष प्रणय , २०१८ में पचास के पार , २०२० में बिना मतलब और २०२१ में पलायन नाम से उनकी कहानियां पुस्तकाकार प्रकाशित हुई और सराही गई हैं। २०२१ में पहला उपन्यास बनियों की विलायत आया था. ह्यअंततः दूसरा उपन्यास है, यह वर्ष २०२२ में प्रकाशित हुआ है। राजा सिंह निरंतर लेखन कर रहे हैं। वे अपने परिवेश से चरित्रों को ढूंढ़कर कहानी में उतार देने की कला में माहिर हैं। लेखकीय वक्तव्य में वे लिखते हैं कि 'उपन्यास की उनकी नायिका यथार्थ है। जिसकी जिजीविषा की कहानी है अंततः।' एक महत्वाकांक्षी लडकी की यंत्रणा को अनुभव कर संवेदनशील शब्दों में अभिव्यक्ति दे पाना लेखकीय सफलता है। देहात और औसत शहरी वातावरण के कथानक के अनुरूप भाषा, और उपन्यास के पात्रों का नामकरण राजा सिंह के लेखन की विशेषता है. उन्होंने रघु और सीता के इर्द गिर्द कहानी बुनी है।



अपने रचना संसार में सहज यात्रा करने वाले एक ऐसे लेखक है, जिनके कम शब्दों में उनके पात्रों के संवाद जीवंत हो उठते है। इस उपन्यास में स्त्री कि भटकन कई स्तरों परलक्षित होती है, जिसका कोई स्पष्ट कारण नैतिकता के वृहद परिप्रेक्ष्य में नदारत हैं। और भी कई प्रश्न अनुत्तरित हैं। बातचीत शैली में कही गई, सीता के संघर्ष की कहानी है अंततः। यद्यपि बेहतर होता कि भले ही वास्तविक जिंदगी में नायिका को सफलता न भी मिली हो पर उपन्यास में सफल सुखान्त किया जा सकता था। राजा सिंह की वर्णन शैली में चित्रात्मक अभिव्यक्ति की क्षमता है। खएती, कम सें कम छोटी खेती एक अलाभकारी व्यवसाय है- इस उपन्यास में यह बात कई .स्तरों पर उभर कर आती है। दो पीढ़ियों कि असफलताओं का मार्मिक चित्रण इस उपन्यास में है। उपन्यास का यह अंश पढ़िये, 'रामदीन ने जुताई की रकम अदा की और पिछला उधार चुकता करके फिर उधार किया। उसने खाद बीज के लिए भी यही व्यवस्था अपनाई। पिछला उधार चुकता किया और नया उधार किया। सबसे ज्वलंत समस्या मुंह बाये खड़ी थी, घर का खाना खर्चा का क्या होगा? समझ से परे था यह इन्तजाम.? बैंकों का कर्ज पहले से ही था उसे पिछले तीन सालों से चुका नहीं पाया था। नोटिस पे नोटिस आ रहे थे। ब्याज पर ब्याज लगकर खाता अलाभकारी हो चुका था। बैंक के कोई दया ममता तो होती नहीं है परन्तु अब क्या करें? सेठ साहूकार उनका ब्याज मूल से ज्यादा हो चुका है। एक बार खेत का एक टुकड़ा बेचकर उनके मोटे पेट को भोजन करा चुके हैं। मगर उनके अलावा कोई चारा तो नहीं है।'

अंततः स्त्री, लड़की और माँ के निर्वहन के सम्मुख पेश आए चुनौती पूर्ण संबंधों का लेखा जोखा प्रस्तुत करता है। उसकी इच्छा आकांक्षा को हर स्तर पर पददलित किया जाता रहा है, चाहे माता पिता द्वारा या पति, प्रेमी द्वारा। किन्तु फिर भी वह उठ खड़ी होती है एक नई जिजीविषा के साथ। नायिका का आत्मविस्थापन शब्दों भावनाओं का भी विस्थापन है और पुनः पति के घर वापसी मर्मभेदी कथा कहती है। वर्तमान को देखते हुए सीता का वापस लौटना अकारण नहीं है. इसमें जनसाधारण का अपना यथार्थ संतुलित ढंग से चित्रित किया गया है। देश दुनिया समाज व्यक्ति के अकेलेपन और स्थिति से पलायन के द्वंद्वों और अंतरद्वंद्वों से भरा उपन्यास पढ़ने वाले को भीतर तक झकझोरता है। यह उपन्यास बताता ही कि तथाकथित आधुनिकता एवं संपन्नता की चाह बबार्दी की ओर अग्रसर होती है. सुलझाने की तमाम कोशिशों के बाद भी काफी कुछ रह जाता है अनझुलझा. कोई भी संवेदनशील रचनाकार ऐसी जानलेवा विघटनकारी स्थितियों-परिस्थितियों के प्रति उदासीन नहीं रह सकता जो पीढ़ी दर पीढ़ी चली आती है। जो जीवनमूल्यों के दरकन और टूटन-उखड़न- विस्थापन के साथ व्याप्त है। वे ज्वलंत प्रशनों की तरह उभरती है और कही कोई राह ना मिलने पर बिखराव, संबंधों का तितर-बितर हो जाना ,मानवीय मूल्यों का विदीर्ण होना, संवेदना और करुणा का अति ययार्थपूर्ण प्रस्तुतीकरण मन को कचोटता रहता है। उपन्यास में न सामाजिक बोध की अतिशयता व्याप्त है, न ही सांस्कृतिक और नैतिकता बोध की । इसमें नई दोस्ती, नए स्वप्न, नए तनाव और और अपनी अनचुनी जिंदगी की, अनसुनी चुनौतियों की सहज स्वाभाविक स्वीकार्यता और उनसे विचलन जीवन संग्राम को असहज बना दिया करती है.

लोकभाषा का प्रयोग , समकालिक परिस्थितियों और घटनाओ का वर्णन है, इसलिये उपन्यास पाठक को बांधे रखता है , पठनीय है . उपन्यास की कहानी कोई बड़ा संदेश तो नहीं देती पर वर्तमान सामाजिक परिवेश का यथार्थ चित्रण करती है . आशा है कि यह उपन्यास स्त्री विमर्श की मुखर कृति के रूप में स्थान बनाने में सफल होगा । (पुस्तक उपन्यासः अंततः प्रकाशक राष्ट्रीय पुस्तक सदन, दिल्ली)

**संपर्क 07000375798**

# अलग कथा संसार है अमित श्रीवास्तव का

**मूल्यांकन**



**शिव प्रकाश त्रिपाठी**

हिंदी साहित्य में बड़ी तेजी से एक नए पाठकों का उदय हुआ है जिसका अनुभव संसार बिल्कुल जुदा है। जीवन शैली तकनीकी का जीवन पर प्रभाव और आज के दौर में जीवन बहुत ही रिश्तों से दूर होता गया है, एकाकीपन और अवसाद सामुदायिक स्तर पर बढ़ा है। पाठक अपने अनुभव संसार पर रचे गए साहित्य को पसंद कर रहा है। दूसरी तरफ जो लेखक पीढ़ी है उसका पढ़ गया साहित्य नई कहानी आंदोलन से निकला कथा साहित्य है। मैं यह कदापि नही कह रहा कि वो कसौटी आज निष्प्रयोज्य हो चुकी है पर वह अपना स्वरूप जरूर बदल चुकी है। लेखक का कहानी का दुनिया संसार और उसके अनुभव, आज के पाठक वर्ग के कहानी की दुनिया में बहुत फर्क आ चुका है। आज का पाठक पुराने साहित्यिक मानकों पर लिखी गयी कहानियों को सिरे से खारिज कर रहे हैं। शायद यही वजह है कि नई वाली हिंदी को आगे बढ़ाने वाले प्रकाशन अपने नए पाठकों के नब्ज टटोलते हुए कहानी उपन्यास ला रहे हैं।

पिछले कुछ वर्षों में ऐसे कथाकार साहित्य के परिदृश्य में तेजी से लोकप्रिय होकर उभरे हैं जिन्होंने अपने समय की नब्ज पकड़ी है। फिर चाहे चंदन पांडेय, अमित श्रीवास्तव, अनिल यादव, कुणाल सिंह, श्रीकांत दुबे, अणुशक्ति सिंह हो। ऐसे कई नाम उभरे हैं जो बनी बनाई साहित्यिक मानकों में आमूल चूल परिवर्तन करते हुए अपना कहन रच रहे हैं। उनके पास अपनी भाषा है, अपना शिल्प है ,अपना फलक है। ऐसे कथाकारों में अमित श्रीवास्तव का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है।

अमित श्रीवास्तव का एक उपन्यास ' गहन है यह अन्धकारा' और हाल ही में आया कहानी संग्रह 'कोतवाल का हुक्का' उल्लेखनीय है। कथाकार इन दोनों कथा साहित्य से पाठकों के सामने आज का सच जिस ढंग से रखता है वह कई अर्थो में परम्परागत मानकों से जुदा है। किस्सागोई को कहानी में बुनता हुआ वह कविता तक की आवाजाही करता है। हालांकि यह प्रयोग कतई नया नहीं है पर अभी तक कथा साहित्य में ऐसे प्रयोग को बहुत उम्मीद से नही देखा गया। किंतु जिस तरह लेखक अमित श्रीवास्तव अपने कहानी के संरचनात्मक बुनावट में उसे स्थायी जगह देते हैं वह कथा का ही हिस्सा हो जाता है। कि दफे पाठक को कहानी में संवेदनात्मक गहनता में एकाएक लेजाकर छोड़ देता है।

कथाकार का पेशा और परिवेश ऐसा है जहाँ उसका सबका जीवन के सबसे वीभत्सक यथार्थ से होता है। मानवता का खाँटी स्वरूप सामने आता है। जीवन मूल्य और नैतिकता जैसे शब्द निर्मूल जान पड़ने लगते हैं। इसलिए लेखक का अनुभव संसार जीवन की निपट सच्ची को अपने कथासाहित्य में लाता है यही कारण है कि चाहे उपन्यास हो या फिर कहानी का प्लाट कई बार ऊबड़खाबड़ महसूस होता है। यही कारण है कि लेखक व्यंग्यात्मक शैली का प्रयोग करता है अपनी कहानी और उपन्यास को कहने के लिए। लेखक का कहन पूरी तरह से जौनपुरिया है। हाँ मैं उनके आरम्भिक जीवन विस्तार के जगह को जोड़कर देखता हूँ। कई दफे लेखक की जौनपुरिया टच भी निकल आता है जबकि कहानी का प्लाट उत्तराखंड का होता है। जिस गप्पबाजी को यह अपने कथा साहित्य में जगह देते हैं वह ठेठ पूर्वांचली है हालांकि फसक पहाड़ में प्रचलित है पर यहां जौनपुरिया प्रभाव अधिक है। एक तरह से यह यात्रा पूर्वांचल से उत्तरांचल की है। 'कोतवाल का हुक्का' कुछ इसी अंदाज ए बयां में लिखी गयी कहानी है जिसमे लेखक खुद किस्सा सुनाने की भूमिका में है। पात्र इस कहानी को गति देते हैं। अब यदि इसे कहानी के पुराने मानकों के आधार पर देखेंगे तो बिल्कुल ही लगेगा कि पात्र से ज्यादा कहानीकार बोल रहा है जबकि हम सब जानते हैं कि यह कहानी किस्सागोई के स्वरूप को भी अपने भी जब्ज किए हुए हैं। और किस्सागोई में किस्सा से अधिक किस्सा सुनने वाला होता है। उसका तौर तरीके, भाव-भंगिमा उसकी भाषाई समझ कहे तो पूरा कहन ही महत्वपूर्ण होता है। जबकि उपन्यास 'गहन है यह अंधकारा' में उसके पात्र चाहे सावित्री देवी हो या फिर सिओ साब सब मुखर होकर कथानक को आगे बढ़ाते हैं। आरम्भ में मैंने लेखक के पेशा और परिवेश के उल्लेख किया है। जो कि उनके कथा साहित्य का मूल है। वजह यह कि कथाकार एक प्रशासनिक दायित्वों से जुड़ा है। इसलिए वह नेपथ्य की बहुत सी सच्चाई को जानते हुए पुलिसिया कार्यप्रणाली को समझते हुए नौकरी की नियमावली के दायरे में रहते हुए घटित अनुभवजन्य घटनाओं का वर्णन निपट वास्तविकता के धरातल पर जा कर उसे व्यंजनात्मक स्वरूप में रखते हैं। यह जो ढाँपने और दिखाने, न बताते हुए सब बताने की कला उनके कथा साहित्य को विशिष्ट बनाती है और लेखक को समकालीन कथाकारों में खड़ा करती है। मुझे अमित श्रीवास्तव का लेखन रागदरबारी की परंपरा का लगता है। वह जिस ढंग से घटित घटनाक्रम में ठहर के उसके संरचनात्मक स्वरूप का कथा के साथ विश्लेषण करते हैं, किसी एक बिंदु को पकड़ के ही उसके सामयिक पहलू का अभिव्यजनात्मक विश्लेषण करते हैं वह उन्हें रागदरबारी उपन्यास की याद दिलाती है एक उदाहरण देखिए 'उच्चाधिकारी बाय डिफॉल्ट विद्वान होता है। हर सरकारी विभाग की तरह पुलिस में भी विद्वता दो प्रकार की होती है। एक के लिए अध्ययन मनन चिंतन जैसे लुम्पेन कारकों का सहारा लेना पड़ता है। ऐसी विद्वता एक बार आ जाए तो फिर घेर कर बैठ जाती है। बेहया किराएदार टाईप। मकान कब्जे में और किराए के नाम पर ठेका। दूसरी वाली विद्वता सहज,सरल,पदेन विद्वता होती है जो किसी पद के धारण करते ही स्वतः ही आ जाती है। बाई वर्च्यू ऑफ दी पोस्ट। ज्यादा हाथ - पाँव नहीं मारना पड़ता। पद के प्रसादपर्यंत रहती है जब तक है तब तक है।पद से हटे इस प्रकार के विद्वता से हटे।'

अमित श्रीवास्तव के कथा संसार मे भाषा महत्वपूर्ण योगदान देती है। जब भी कोई पात्र पुलिस का उच्चाधिकारी होता है वहां उसकी भाषा सामंतीय अकड़ वाली होती है। उसका इलीटनेस उसके साथ रहता है इसीलिए उसकी भाषा अंग्रेजी होती है। फरार्टेदार अंग्रेजी। जिससे वह अपने पद की धौंस दिखाते हुए दिखता है। वहीं मुंशी के आते हैं भाषा उर्दुनिष्ठ हो जाती है। आज भी पुलिस में जो दस्तावेजी काम होता है उसमें उर्दू भाषा का प्रयोग बहुलता में होता है शायद यही कारण है कि लेखक ने अपने कहानी संग्रह के सभी कहानियों के शीर्षक पुलिसिया उर्दू शब्दावली में रखा है। जैसे - मुंकिर, गोशवारा, हकतलफी, मौका मुरत्तब आदि। लेकिन जैसे ही कथानक में सामान्य पात्र आते हैं भाषा आम बोलचाल की हो जाती है। दाज्यू और भुला से वाक्य शुरू होने लगते हैं। लेखक के कहानी संग्रह में छोटी कहानियां ज्यादा प्रभावित करती हैं। जिन्हें रचता हुआ लेखक सचेत रहता है और इन्हें सिर्फ एक स्टेटमेंट होने से बचाता है। छोटी कहानियों का लेखक का अपना शिल्प है। ऐसी कहानियों के रचनाकर्म में कहानीकार लेखकीय समझ, चतुराई और स्थिरता से काम निकालता है जो उचित जान पड़ती है।




तो अमित श्रीवास्तव के कथासंसार से होकर गुजरने से पहले हमें हमारे परंपरागत मानकों के आग्रहों से मुक्त होना पड़ेगा। उनका कथा संसार आपको बहुत कुछ नया देता है। कई बार चौंकाता है। आपको वो नही रहने देता जो आप पहले होते हैं। यही उपलब्धि है लेखक की।

**(लेखक बुंदेलखंड कॉलेज, झाँसी में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं, संपर्क 8960580855)**

## डा. बलभद्र की दो कविताएँ

### मार्च के प्रथम सप्ताह की आखिरी तारीख

गिरिडीह धनबाद रोड के दोनों ओर
दूर-दूर तक पसरे जंगलों में दर्जनाधिक
रॉलिंग मिलें हैं
बेहिसाब प्रदूषण है
उद्योगजनित धूल है धुंध है धुआँ है
तबाह बस्तियां हैं
हांफते हुए, खांसते हुए लोग हैं
बीमार-कुपोषित बच्चे हैं
धूल और धुएं से करियाये वृक्ष हैं
आज मार्च के प्रथम सप्ताह की आखिरी तारीख है
और वर्षों से इतनी तबाहियां झेलते
पलाशों में इस बार भी बेहिसाब बेशुमार
लाल-लाल फूल हैं
जिनकी लालिमा मिलों की छोड़ी
कालिमा से जूझ रही है
पथरीली धरती का रसीला अंतस्तल
उमग रहा इन दिनों इन टेसूफूलों में
धरती के अंतस्तल का रसीलापन!
सोख न ले कोई पानीबेंचवा



टेसूफूलों को अपने नाम न करा ले कोई जालिम
आओ, आओ, देख तो लें भर नजर
उतार लें सहेज लें यह रंग अपनी आत्मा में बसा लें।

### 2. खतरे में है

उठ कि लोकतंत्र खतरे में है
बोल कि लोकतंत्र खतरे में है
लड़ कि लोकतंत्र खतरे में है
एक हो जा कि लोकतंत्र खतरे में है
उठा खतरे कि लोकतंत्र खतरे में है

**संपर्क 98013 26311**

## गोलेन्द्र पटेल की पाँच कविताएँ

### 1. स्त्री थी न!

तुम्हारी भक्ति अद्वितीय है
लेकिन वह आग में बैठी
तो तुम बचे
क्योंकि उसने अपनी शक्ति तुम्हें दे दी
स्त्री थी न!

### 2. अपूर्णता

प्रथम पूज्य अपूर्णता के प्रतीक हैं
शायद अर्द्धनारीश्वर भी!
भाषा में लिंग की यह कैसी पुष्टि है?
ना मेहरारू, ना मर्द है
वह अपने आप में एक दर्द है
मनुष्य की प्रमुख प्रवृत्ति असंतुष्टि है
मतलब , यह भी अपूर्ण है
किन्तु इस किन्नर-कथा में व्यथा पूर्ण है!

### 3. तीसरा समाज

भले ही भारत-भूमि
आदिकाल से तमाम जातियों की रही है
किन्तु ; आज मैंने
दलित, आदिवासी, वृद्ध, विकलांग
व किन्नर पर काम करते हुए पाया कि
साहित्य में एक तीसरा समाज है!

### 4. किन्नर हैं

देखता हूँ
जो भी भोर में स्वप्न
वे भयानक होते हैं
उनमें सदियों का दुःख
कब, कहाँ और कैसी अवस्था में उगा
पता नहीं चलता
लेकिन धरती
बाँझ की संज्ञा पाने से बच गयी
क्या किन्नरी
पीड़ा की पंक्ति में स्त्री है?
आखिर क्यों अश्लीलता की
राह चुनीं उन्होंने?
हास्यात्मक भद्दी गालियाँ और भर्त्सना की भाषा
उनकी परिभाषा में दर्ज है
दुआएँ और दर्द के बीच
अपने अस्तित्व के लिए
लड़ना
उनका फर्ज है!
पर आजकल उनकी सुनता कौन है?
वे कहें किससे अपनी बात?
उनके लिए
ना सुविधा है, ना सम्मान
क्या वे इस समाज का हिस्सा नहीं हैं?
क्या वे इनसान नहीं हैं?
क्या वे किसी अलग कोख से जन्मे हैं?
जो न नर, न नारी
किन्नर हैं!

### 5. किन्नरी

मैं किन्नरी हूँ , हाँ मैं किन्नरी हूँ !
गंदी-भद्दी भाषा में दुआएँ
देती मेरी जीभ जठर की जरूरत है
तुम्हारे घर-द्वार से लेकर
ट्रेन के डिब्बों में , बसों में
और चौराहों पर
तालियाँ बजाना मेरी वाजिब मजबूरी है
मैं जो जीती हूँ , उसे खुल कर लिखती हूँ
जैसी हूँ , वैसी दिखती हूँ
मुझे न पूर्ण स्त्री होने की चाह है
न पूर्ण पुरुष



न ही अर्द्धनारीश्वर
मैं बस तुम्हारी नजरों में इनसान होना चाहती हूँ
तुम्हारी तरह मेरा भी परिवार था
अब भी है , आगे भी रहेगा
लेकिन उसमें मैं नहीं रहूँगी
क्योंकि माँ-बाप भाई-बहन सभी रिश्तेदार
कहते हैं कि मैं किन्नरी हूँ
क्या ट्रांसजेंडर होना
अपनों से बहिष्कृत होना है?

**संपर्क : 8429249326**

# बिना चेकिंग नामांकन स्थल में प्रवेश पर रोक

**तैयारी**

### डीएम, एसपी ने कलेक्ट्रेट नामांकन स्थल का किया निरीक्षण

### मातहतों को दिया निर्देश, प्रस्तावक प्रत्याशी को ही अनुमति

### कोई गोली से बात करेगा तो उसे गोली से ही निपटाया जाएगा : एसपी

**जनसंदेश न्यूज**



कलेक्ट्रेट और चुनार में निरीक्षण डीएम, एसपी



नामांकन करतीं सपा प्रत्याशी कीर्ति कोल

मीरजापुर। विधान सभा उपनिर्वाचन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन सतर्क हैं। नामांकन स्थल का डीएम एसपी ने शनिवार को निरीक्षण किया। किसी को भी बिना चेकिंग नामांकन स्थल में प्रवेश न दिये जाने का निर्देश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिले के विधानसभा सीट छानबे में उप निर्वाचन के लिए नामांकन प्रक्रिया आरम्भ हैं।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र एवं जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने नामांकन स्थल कलेक्ट्रैट और कचहरी परिसर का निरीक्षण किया।

नामांकन सुरक्षा व्यवस्था में ड्यूटी में लगे पुलिस बल की मौके पर चेकिंग करते हुए ड्यूटीरत पुलिस कर्मियों के उपकरण एचएचएमडी आदि की भी चेकिंग की गई। जवानों को उपकरणों दुरूस्त रखते हुए मुस्तैद रहने की हिदायत दी गई। चेकिंग के दौरान उपकरण का उपयोग करने तथा चुनाव आयोग के सभी निदेशों का पूरी तरह से पालन करने को कहा गया। ड्यूटी में लगे सुरक्षाकर्मियों को निर्देशित किया गया कि नामांकन करने वाले प्रत्याशी एवं प्रस्तावकों के अलावा अन्य कोई बाहरी व्यक्ति नामांकन केन्द्र पर प्रवेश न करें। नामांकन के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अव्यवस्था न हो। नामांकन केन्द्र के अन्दर जाने से पूर्व ड्यूटी में मुस्तैद रह कर सभी की विधिवत चेकिंग कर नियमानुसार ही अन्दर जाने दिया जाये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्रीकांत प्रजापति, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी सदर, निरीक्षक एलआईयू सहित प्रशासन एवं पुलिस बल के लोग उपस्थित रहे।

**चुनार संवाददाता** के अनुसार जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने चुनाव के मद्देनजर पूरी तैयारियों की जानकारी लेने चुनार नगर में संस्कृत महाविद्यालय टेकौर के प्राइमरी विद्यालय का जायजा लिया। उसके बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह डिग्री कॉलेज में बनाए गए मतगणना स्थल का जायजा लिया। अहरौरा व चुनार दोनों जगह की मत पेटियां इसी स्थान पर रखी जायेगी। चुनार में 16 मतगणना केंद्र है और 45 बूथ बनाया गया है का जायजा लिया। इसके बाद चुनार तहसील के सभागार में नगर निकाय चुनाव को लेकर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने अधिकारियों व कर्मचारियों व चौकीदारों को ब्रीफ मीटिंग की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी दशा में बलवा बवाल करने वाले लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजें। सेंटर पर अगर कोई गोली से बात करेगा तो उसे गोली से ही निपटाया जाएगा। एसपी ने कहा कि गर्मी में चुनाव हो रहा है। उस जगह पर पानी व डॉक्टर की व्यवस्था होनी चाहिए। इस दौरान एसडीएम नवनीत सेहरा, सीओ, तहसीलदार नूपुर सिंह, अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## सपा प्रत्याशी ने किया उप चुनाव में नामांकन

**मीरजापुर।** छानबे विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी कीर्ति कोल ने शनिवार को नामांकन किया। इस मौके पर पार्टी के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने दो सेट में पर्चा दाखिल किया। नामांकन के दौरान तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। उपचुनाव के नामांकन के लिए पूर्व सांसद दिवंगत भाईलाल कोल की पुत्री कीर्ति कोल ने शनिवार को सपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया। सपा समर्थकों के साथ जिला मुख्यालय पर पहुंची। इस दौरान सपा के पूर्व मंत्री, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, आशीष यादव एवं परवेज खां आदि पदाधिकारी नामांकन कराने कलेक्ट्रेट में पहुंचे थे। लोहिया ट्रस्ट से सपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता चंद फर्लांग दूर स्थित कलेक्ट्रेट के गेट पर पहुंचे। नारेबाजी कर रहे समर्थकों को कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर ही रोक दिया गया। कुछ पदाधिकारियों को ही अंदर आने दिया गया। नामांकन के दौरान प्रत्याशी के समर्थन में आए कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सुरक्षा का तगड़ा इंतजाम किया गया था। नामांकन स्थल की ओर बढ़ने पर केवल प्रत्याशी और समर्थकों को जाने दिया गया। नामांकन करने के बाद कीर्ति कोल ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि उनका क्षेत्र पिछड़ा हुआ है। वह अपने क्षेत्र का विकास चाहती हैं। लिहाजा शिक्षा, सड़क और पानी के लिए उनकी लड़ाई है। क्षेत्र के विकास के लिए काम किया जाएगा।

## 188 लोगों का जमा कराया गया असलहा

### 1500 लोगों को धारा 107/16 में किया गया पाबंद

**लालगंज।** छानवे विधान सभा उपचुनाव में आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक लालगंज थाना प्रभारी द्वारा 188 लाईसेंस धारकों से असलहा जमा कराया गया है। शांति भंग आशंका के अंतर्गत 1500 लोगों को धारा 107/16 के तहत अब तक पाबंद किया जा चुका है। जिन लोगों को इस धारा के तहत पाबंद किया गया है। उन्हे नोटिस मिलने के बाद अपनी जमानत कराने के लिए तहसील मुख्यालय एसडीएम न्यायालय में जाना पड़ेगा। लालगंज थाना प्रभारी ज्ञानूप्रिया ने बताया कि थाना क्षेत्र में लगभग साढे चार सौ लाइसेंसी असलहा धारक है जिनमें 188 लोगों से असलहा अभी तक जमा कराया जा चुका है। शेष बचे लोगों से 20 अप्रैल तक असलहा जमा कराया जाना है और उपचुनाव में बूथ स्तर पर समीक्षा करते हुए शांति भंग अंदेशा में पंद्रह सौ लोगों को 107 / 16 में पाबंद किया गया है जिनके नोटिस भेजने की कार्यवाही की जा रही है। नोटिस मिलने के बाद उन्हें अपना जमानत करना पड़ेगा।

## पुलिस जवान के सीने में उठा दर्द बना जानलेवा

**दुखद**

### पुलिस लाइन में था तैनात नहाते समय हुई तकलीफ

### साथी ले गए मंडलीय अस्पताल, हुई मौत

**जनसंदेश न्यूज**



मृत सिपाही

**मीरजापुर।** पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी सुमित कुमार गौतम की अचानक सीने में दर्द हुआ। उसने अपने साथियों को बताया। लोग अस्पताल ले गए। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक जौनपुर, थाना मछली शहर के परशुपुर गाँव का रहने वाला था। जवान के मौत की खबर लगते ही विभागीय जन गमगीन हो गए। जौनपुर निवासी सुमित कुमार गौतम पुत्र शिव प्रकाश गौतम की वर्तमान नियुक्ति पुलिस लाइन में थी।

शनिवार को सुबह वह नहाने गया। करीब 10 बजे उसे अचानक सीने में दर्द हुआ। यह बात अपने साथियों को दी। उसे तत्काल इलाज के लिए मंडलीय चिकित्सालय ले जाया गया। इलाज के दौरान आरक्षी का निधन हो गया। मृतक आरक्षी सुमित कुमार गौतम वर्ष-2019 में पुलिस विभाग में आरक्षी पद पर भर्ती हुए थे। जवान के निधन की खबर सुनते ही पुलिस लाइन में मातम पसर गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को देकर उनका इंतजार किया जा रहा है।

## आपसी कलह में पति ने खाया विषाक्त हालत गम्भीर

**मड़िहान।** संतनगर थाना अन्तर्गत ग्राम सभा पटेहरा कला के शिवपुर मौजा में शनिवार को पति पत्नी मे विवाद इस कदर बढ़ा कि आक्रोशित पति ने विशाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत गम्भीर देख परिजन उपचार हेतु मण्डलीय अस्पताल ले गये। बताया जाता है कि गांव निवासी अभिमन्यु 30 पुत्र अमृतलाल का पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के बाद पत्नी अपने घर के कामों में व्यस्त हो गयी। वही घर पर मिर्चा छिड़काव करने के लिए दवा रखा था जिसका सेवन कर लिया। पति की हालत बिगड़ने लगी और अचेत हो गया। पति को अचेत देख पत्नी रोने बिखलने लगी। पत्नी की चीखपुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजन अपने निजी साधन से अचेतावस्था में इलाज हेतु पटेहरा पीएचसी ले गये जहां प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर स्थित देख डॉक्टर बहाल अहमद ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग ट्रैक्टर, थ्रेशर गृहस्थी का सामान जलकर खाक

**जनसंदेश न्यूज**



आग की भेंट चढ़ा ट्रैक्टर

**मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के अतरैला राजा गांव में बिजली के शार्ट सर्किट से मणि प्रसाद मिश्र के घर में आग लग गई। जिससे लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। घटना दोपहर बारह बजे के करीब है। जानकारी के अनुसार बिजली की शार्ट सर्किट से निकली चिनगारी से दरवाजे पर रखी पुआल की कूटी में आग लग गई। देखते ही देखते चिनगारी आग का शोला बन गई।

आग की लपटें बिकराल रुप धारण करती हुई टीन सेट में खड़ा ट्रैक्टर को अपने जद में ले लिया और पूरे ट्रैक्टर में धू-धू करके आग जलने लगा। ट्रैक्टर के चारों टायर फटने की आवाज से समूचा गांव दहल उठा। घटना की सूचना पाते ही स्थानीय ग्राम प्रधान महा नरायण भारती मौके पर पहुंचकर स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से जनरेटर चालू करवाकर आग पर काबू पाने की कवायद में जुट गए। और उनके द्वारा अगलगी की सूचना दूरभाष पर एस डी एम लालगंज को दी गई। गनीमत रही कि घटना के दौरान हवा का रूख शांत रहा और घर के चारों तरफ पक्की दिवाल की बाउंड्री बनी थी जिससे आग गांव की तरफ आगे नहीं बढ़ पाई। अन्यथा समूचा स्वाहा हो जाता। आग की प्रचंड लपटों से 60 क्विंटल गेहूं 120 नग हस्ती पाइप 50 क्विंटल के करीब पुआल की कूटी जलकर राख हो गई। स्थानीय ग्रामीणों और ग्राम प्रधान की तत्परता से तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची तब तक सब कुछ जलकर खाक हो गया था। तहसील प्रशासन को सूचना दिए जाने के बावजूद समाचार लिखे जाने तक कोई भी तहसील कर्मी मौके पर नहीं पहुंचे थे। स्थानीय ग्राम प्रधान महा नरायण भारती ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए राहत सहायता दिए जाने की मांग की है।

## संक्षेप

### अबूझ हालत में महिला ने लगाई फांसी



**सीखड़।** चुनार कोतवाली के अंतर्गत कुशहा गांव निवासी नितिन कुमार मिश्रा की पत्नी सोनी मिश्रा ने सुबह 9 बजे अपने कमरे में पंखे में साड़ी बांधकर आत्महत्या करली उस वक्त घर पर परिवार का कोई सदस्य नहीं था पति नितिन एक प्राइवेट विद्यालय में अध्यापक है अपने विद्यालय चला गया था पिता गांव में कहीं गए थे और दादी भी किसी के घर गई थी और बेटा वेदांत 6 साल का है वह अपने विद्यालय गया था बताया जाता है नीतीश की शादी 2013 में कृष्णानंद पाठक चौखड़ा उदरा कैमूर बिहार के पुत्री सोनी के साथ हुआ था सोनी 1 दिन पूर्व अपने बहन के घर से लौट कर आई थी पति से कुछ विवाद हुआ था आर्थिक तंगी के चलते भी काफी परेशान रहती थी इसी को देखते हुए पति ने एक ब्यूटी पार्लर खुलवा रखा था सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजे को तोड़ने का प्रयास किया लेकिन सोनी के पिता ने दरवाजा खोलने के लिए मना कर दिया था आने के बाद ही दरवाजा खोला जाएगा करीब 5 घंटे बाद पिता के आने के बाद दरवाजा खोला गया पुलिस ने पंखे से शव को उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### आगजनी व सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** अदलहाट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी की तहरीर के बाद युवक पर गंभीर धराओं में मुकदमा दर्ज करके जेल भेज गया है। व्यक्ति के द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध वादी के घर में घुसकर परिवारीजन पर जानलेवा हमला, आगजनी एवं अफरा तफरी का माहौल पैदा करने तथा पुलिसकर्मियों से अभद्रता व कार्य सरकार में बाधा उत्पन्न करने के सम्बंध में तहरीर दिया गया। जिसके आधार पर थाना अदलहाट पर मुकदमा पंजीकृत करके पुलिस जांच में जुट गई। थाना अदलहाट पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र से आरोपी दीपक पाण्डेय पुत्र स्व0 शिवशंकर निवासी ग्राम पंडित कालोनी शास्त्री नगर वार्ड–02 चंदौली थाना चंदौली को गिरफ्तार करके जेल भेजा दिया।

### फुटवियर की दुकान से बेची जा रही थी अवैध शराब

**मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र मड़िहान के अंतर्गत कलवारी बाजार स्थित फुटवियर की दुकान से अवैध शराब बिक्री की सूचना पर पुलिस ने शुक्रवार की देर रात छापा मारकर एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। अम्बेडकर जयंती पर सार्वजनिक अवकाश होने के नाते सरकारी शराब की दुकानें बंद थी, जिसका फायदा उठाकर दुकानदार फुट वियर की दुकान से खुलेआम शराब बेच रहा था। अवैध शराब बिक्री की खबर पर मड़िहान पुलिस ने छापेमारी करते दुकान से तीन पेटी अवैध अंग्रेजी व देशी शराब बरामद करते हुये दुकानदार को हिरासत में लेकर थाने आयी । दुकानदार के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर वैधानिक कार्रवाई में जुटी है । क्षेत्र में कई दिनों से अवैध शराब की विक्री जोरो पर चल रह ी थी ।थाना प्रभारी मड़िहान शैलेश कुमार राय के निर्देश पर शुक्रवार की देर रात उपनिरीक्षक जितेंद्र सरोज, कांस्टेबल दुर्गेश कुमार ने मुखबिर की सूचना पर फुटवियर की दुकान पर पंहुच कर छापेमारी की दुकान के अंदर रखा 81 सीसी अंग्रेजी व देशी शराब बरामद करते हुए दुकानदार दिलीप कुमार उमरवैश्य को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्यवाई में जुटी पुलिस ने बताया की दो वर्ष पूर्व भी आरोपी के दुकान से अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। थाना प्रभारी को मुखबिरों से सूचना मिला था की क्षेत्र के कलवारी बाजार में कई दिनों से अवैध शराब की विक्री चल रहा है जिस पर छापेमारी की गई।

### दो बच्चों की मां प्रेमी संग हुई फरार

**कलवारी।** मड़िहान थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गोपलपुर मौजा जुड़िया में एक शादीशुदा महिला की अपने पड़ोस में रहने वाले युवक विशाल पुत्र श्याम नारायण उम्र 20 वर्ष से आँखें चार हो गयी। महिला की शादी दस साल पहले बहादुर से हुई हैं। महिला दो बच्चों की माँ है। प्रेम परवान चढ़ता रहा धीरे धीरे यह खबर उसके पति के कान तक पहुंच गयी। पति बहादुर ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। बिरोध होता देख महिला अपने प्रेमी विशाल के साथ फरार हो गयी। पति ने प्रार्थना पत्र देकर अपने बच्चों के मां को खोजने की गुहार मड़िहान थाने पर लगाई। थाना प्रभारी शैलेश राय ने बताया कि पति और कथित प्रेमीयुगल को थाने पर लाया गया है लेकिन महिला अपने पति के साथ जाने के लिए तैयार नही है वह अपने प्रेमी के साथ ही रहना चाहती है। खबर लिखे जाने तक थाना परिसर में पंचायत चल रही थी।

### आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत न्यायालय में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के दिशा–निर्देश पर राजगढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत मनोज कुमार पाठक निवासी ग्राम खम्हरियां को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाले उपनिरीक्षक शिवकुमार यादव को सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर कांस्टेबल राजेन्द्र सोनकर के साथ अभियुक्त के घर दबिस देने पहुंचे जहां पुलिस को देखकर मनोज कुमार पाठक भागने लगा जिसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया। आरोपी पर स्थानीय थाना में 46/23 धारा 386 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है जिसकी काफी दिनों से तलाश की जा रही थी। इस दौरान न्यायालय के आदेशानुसार उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### न्यायालय ने पॉस्को एक्ट में आरोपी को सुनाई तीन साल की सजा

**मीरजापुर।** थाना अहरौरा पर एक महिला ने 16 मार्च 2020 को नाबालिक बालिका के साथ मारपीट, छेड़–छाड़ करना व अश्लील हरकते व धमकी देने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिय ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था । मिशन शक्ति अभियान के तहत इस मामले की प्रभावी एवं सशक्त पैरवी कराया गया। जिसके फलस्वरूप न्यायालय द्वारा महिला सम्बन्धित उपरोक्त अपराध में धारा में दोषी पायें जाने पर आरोपी को अनिल कुमार उर्फ पिन्टू कुमार पुत्र रामधनी चौहान निवासी कटरा थाना अहरौरा को 03 वर्ष का कारावास एवं 6 हजार पांच सौ के अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी। अर्थदण्ड अदा न करने की दशा पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### फांसी का फंदा लगाकर किशोरी ने की आत्महत्या

**बिरनो ।** थाना क्षेत्र के नसरतपुर में घर में फांसी का फंदा लगाकर किशोरी ने आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना की जांच में जुट गई। मऊ जिले के थाना सरायलखंसी के बाबुआपुर गांव निवासी श्वेता कुमारी पिता सुरेश राम तीन माह से अपने मामा के घर नसरतपुर आई थी। इस बीच शनिवार को खाना बनाकर सबको खिला पिलाकर दिन में लगभग 11:00 बजे घर में बने कमरे में सोने चली गई। सुबह काफी देर तक दरवाजा खटखटाने पर जब कोई आवाज नहीं आई तो, उन्होंने खिड़की से देखा तो हतप्रभ रह गए। जिसकी सूचना परिजनों द्वारा बिरनो पुलिस को दी । सूचना पर पहुंची पुलिस ने फंदे से किशोरी को उतारा और जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। किशोरी के नाना रामनगीना राम ने बताया कि वह जब से घर से आई थी बहुत शांत रहा करती थी। घर में कोई लड़की नहीं थी। इस वजह से बहुत प्यार दुलार के साथ रखा जाता था। उसने ऐसे घटना को अंजाम क्यों दिया कुछ समझ में नहीं आ रहा है।

# बेखौफ खनन माफिया उजाड़ ले गये वन विभाग की बाउंड्री

**मनमानी**

### वन विभाग को नहीं लगी भनक

**जनसंदेश न्यूज**



वन विभाग की गायब चहार दीवारी

**कलवारी।** स्थानीय विकासखंड राजगढ़ के ग्राम सभा गोरथरा में वन विभाग की जमीन पर पिछले वर्ष पौधरोपण हुआ था। उन पौधों की सुरक्षा के लिए पत्थर से बाउंड्री वॉल बनाया गया था, जिस पर खनन माफियाओं की निगाह पड़ी। बेखौफ खनन माफिया दिन के उजाले में ही वन विभाग की बाउंड्री वाल को उजाड़ ट्रैक्टर पर लादकर ढुलाई कर रहे हैं।

वन विभाग जहां अपने वन भूमि को सुरक्षित करने के लिए बाउंड्री वाल बनाया है वही खनन माफिया अवैध तरीके से बाउंड्री वॉल को तोड़कर पत्थरों की धुलाई कर रहे हैं और ऊंचे दामों पर बेचकर मालामाल हो रहे हैं। अवैध खनन का धंधा क्षेत्र में जोरों शोरों से चल रहा है। लेकिन वन विभाग को कानों कान खबर तक नहीं है।

क्षेत्र में कई सक्रिय दलाल हैं जो मामला रेंजर तक पहुंचने से पहले ही रफा-दफा कर देते हैं और मोटी कमाई करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 4 फीट ऊंची और 1 किलोमीटर लंबी बाउंड्री वाल को खनन माफिया रात का अंधेरा व दिन के उजाले की परवाह किए बिना बेखौफ होकर ट्रैक्टर पर लादकर पत्थर को उठा ले गए। वन विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से ही अवैध खनन क्षेत्र में फल फूल रहा है। इस संबंध में रेंजर रमेश मौर्य से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वन विभाग के बाउंड्री वॉल के अवैध पत्थर के ढुलाई का मामला संज्ञान में नहीं है। जांच कर खनन माफियाओं के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कराकर कार्यवाही की जाएगी। सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### भरण पोषण भत्ता नहीं देने पर पति को हुई जेल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मवंई खुर्द गांव निवासी एक व्यक्ति को न्यायालय के आदेश के बाद भी पत्नी को करीब पांच वर्ष से भरण पोषण भत्ता न देने पर न्यायालय से वारंट जारी होने पर पुलिस ने शनिवार को सुबह उसके घर के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हलिया क्षेत्र के मवंई खुर्द गांव निवासी रामनारायण न्यायालय के आदेश के बाद भी काफी दिनों से पत्नी सुनीता को भरण पोषण भत्ता नहीं दे रहा था जबकि न्यायालय ने 4 हजार रुपए प्रतिमाह भरण पोषण भत्ता देने का आदेश दिया था। पांच वर्ष से पति द्वारा भरण पोषण भत्ता नही देने पर पत्नी ने न्यायालय में भरण पोषण भत्ता देने की गुहार लगाई थी, जिस पर न्यायालय ने रामनारायण के विरुद्ध नोटिस जारी कर कुर्की की कार्यवाही के साथ वारंट जारी कर दिया था। पुलिस आरोपी की काफी दिनों से खोजबीन कर रही थी। शनिवार सुबह उसके घर के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक बाली मौर्य, हेड कांस्टेबल रंजीत यादव, हेड कांस्टेबल महेंद्र प्रसाद शामिल रहे। उपनिरीक्षक बाली मौर्य ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर पत्नी को करीब पांच वर्ष से लगभग 2 लाख 42 हजार 933 रूपये भरण–पोषण भत्ता नही देने वाले आरोपी पति रामनारायण को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## नगर पालिका चुनाव के मद्देनजर डीएम व एसपी ने किया मतदेय स्थलों का निरीक्षण




**अहरौरा।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल एवं निर्वाध रूप से संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत संवेदनशील बूथों व मतदान केन्द्रों एवं स्ट्रांग रूम/मतगणना स्थल का निरीक्षण शनिवार को किया। निरीक्षण के क्रम में थाना चुनार क्षेत्रान्तर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बने मतगणना स्थल/स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

तत्पश्चात अहरौरा पहुंचकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने नगर पालिका क्षेत्र अहरौरा के मतदान स्थल नगर पालिका इंटर कॉलेज अहरौरा एवं जय हिंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अहरौरा का विधिवत निरीक्षण किया एवं दोनों विद्यालयों के प्रधानाचार्य को निर्देश दिया कि मतदान संबंधी आवश्यक सुविधाएं मतदान केंद्र पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी कुमुद शेखर सिंह एवं चौकी प्रभारी को भी सुरक्षा व्यवस्था संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान नगर की व्यवस्थाओं को भी अधिकारियों ने परखा।

बतादें कि नगरपालिका क्षेत्र अहरौरा में लगभग 20600 सौ मतदाता है जिनका मतदान नगर पालिका क्षेत्र में बने विभिन्न मतदान केंद्रों पर होगा। मतदान केंद्रों पर मतदान के दिन मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिले के उच्चाधिकारी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी चुनार नवनीत सेहारा, तहसीलदार अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध रूप से चल रहे तीन क्लीनिक को कराया सील

**हलिया।** क्षेत्र के रतेह चौराहा, देवरी बाजार में शनिवार को डिप्टी सीएमओ डा0 मुकेश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने औचक छापेमारी कर तीन झोलाछापों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनके क्लीनिक को सील करवा दिया। रतेह चौराहा में एबी यादव क्लीनिक पर औचक छापेमारी की जहां झोलाछाप द्वारा कोई चिकित्सा डिग्री नही दिखाने पर क्लीनिक को सील करवा दिया। इसके बाद टीम हलिया बाजार पहुंची, जहां डिप्टी सीएमओ के क्षेत्र में आने की भनक लगते ही झोलाछाप अपने क्लीनिक पर ताला बंद कर भाग निकले। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम देवरी बाजार पहुंची जहां पारस नाथ पाल व अनिल यादव द्वारा अवैध रूप से क्लीनिक संचालित करते हुए मौके से भाग निकले डिप्टी सीएमओ ने अवैध रूप से संचालित दोनों क्लीनिकों पर ताला लगवाकर सील की कार्रवाई की। स्वास्थ्य टीम ने रतेह चौराहा देवरी बाजार, मनिगढ़ा हलिया बाजार में अवैध रूप से संचालित 9 क्लीनिकों की जांच पड़ताल की। संचालकों से रजिस्ट्रेशन आदि कागजात की मांग की लेकिन क्लीनिक संचालकों द्वारा कोई भी कागजात नही दिखाने पर डिप्टी सीएमओ ने सभी को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर सीएमओ कार्यालय में स्पष्टीकरण देने के लिए कहा है। डिप्टी सीएमओ डा मुकेश कुमार ने बताया कि हलिया क्षेत्र में झोलाछापों के विरुद्ध अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित तीन क्लीनिक को सील कराया गया है। तथा नौ क्लीनिक संचालकों को नोटिस जारी किया गया है।

### भयाक्रान्त कर पैसे की मांग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना राजगढ़, पर अवधनाथ पुत्र बुद्धिनाथ निवासी खम्हरिया थाना राजगढ़ ने भयाक्रान्त कर पैसे मांगने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी। उक्त तहरीर के आधार पर थाना राजगढ़ पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी । उ0नि0 शिवकुमार यादव मय टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी मनोज पुत्र बुद्धिनाथ निवासी खम्हरिया थाना राजगढ को गिरफ्तार करके आरोपी को जेल भेजा दिया।


## दिव्यागों को मिले नपा का टिकट तो होगी जीत : जहरीला

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश विकलांग सेवा समिति की बैठक सिटी क्लब में शनिवार को की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं ने कहा कि नगर पालिका परिषद महानगर पालिका का चुनावी बिगुल बज चुका है। बैठक में उत्तर प्रदेश महासचिव संजीव गुप्ता ने कहा कि यदि विकलांग समाज अपनी शक्ति और अपने अधिकारों को पहचान ले तो नगर पालिका परिषद के चुनाव में बड़ा उलटफेर करने की क्षमता रखता है। मीरजापुर नगर पालिका परिषद क्षेत्र में लगभग 10000 विकलांग परिवार हैं। उत्तर प्रदेश विकलांग सेवा समिति ने आह्वान किया कि यदि विकलांगों को विकलांग समाज की किसी भी पार्टी प्रत्याशी द्वारा अनदेखी किया गया तो विकलांग समाज अपने परिवार सहित बोर्ड के माध्यम से चमत्कारिक निर्णय लेने का निर्णय पर पहुंचाने का काम करेगा। बैठक में प्रमुख रूप से जटाशंकर सिंह जहरीला, सूरज प्रजापति, गणेश शर्मा, विनोद कुमार सोनकर, सुभाष मौर्य, राजकुमार मिश्रा, कन्हैयालाल, बब्बू बिंद, सत्यवान यादव, रामवृक्ष चौहान समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# मानक के अनुरूप नहीं बन रही सड़क

## उड़ रही धज्जियां, ग्रामीणों में आक्रोश

**जनसंदेश न्यूज**



बनाई गई रद्दी सड़क

**हलिया।** विकास खंड के नैड़ी सुखड़ा संपर्क मार्ग के महुगढ़ गांव से पवांरी कलां, मड़वां धनावल, बबुराकलां, रतेह चौराहा होते हुए नैड़ी मोड़ तक पीडब्ल्यूडी द्वारा 1 करोड़ 25 लाख रूपए की लागत से बनाई जा रही 14 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा घटिया कार्य करवाया जा रहा है जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण ढंग से नही करवाया जा रहा है।

सड़क निर्माण में मानक की अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य में तारकोल की जगह खराब मोबिल ऑयल डाला जा रहा है जिससे गिट्टी उखड़ने लगी है। घटिया सामग्री का इस्तेमाल होने से सड़क जहां एक तरफ बन रही है तो दूसरी तरफ गिट्टी निकलनी शुरू हो जा रही है। ठेकेदार द्वारा मानक के अनुरूप कार्य नही करवाए जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण घनश्याम श्रीवास्तव, सत्येन्द्र दुबे, शिव दत्त दुबे, रामसकल सरोज, रोहित दुबे, कमलेश वर्मा, जय प्रकाश विश्वकर्मा, लखनलाल वर्मा, सुनील सरोज आदि ने बताया कि ठेकेदार द्वारा मनमानी ढंग से सड़क निर्माण के नाम पर सिर्फ कोरम पूरा किया जा रहा है। सड़क की साफ सफाई करवाए बिना ही गिट्टी बिछाकर तारकोल की जगह खराब मोबिल ऑयल डाला जा रहा है जिससे बनाई जा रही सड़क उखड़ने लगी है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य मानक के अनुरूप करवाए जाने हेतु जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट करवाया है।

इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के जेई सुशील कुमार ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य की जांच की जाएगी। सड़क निर्माण कार्य मानक के अनुरूप करवाए जाने हेतु संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया जाएगा। घटिया सड़क निर्माण पर कार्रवाई की जाएगी।

## 'हमें काफी कुछ सीखने को मिला जिस पर हम आत्ममंथन करेंगे', केकेआर के कप्तान नितीश राणा ने दी प्रतिक्रिया



कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाज भले ही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ नाकाम रहे हों लेकिन कप्तान नितीश राणा का कहना है कि आने वाले मैचों में यही गेंदबाज उन्हें जीत दिलाएंगे। इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक के 55 गेंद में नाबाद 100 रन की मदद से सनराइजर्स ने चार विकेट पर 228 रन बनाये जो आईपीएल में उनका दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। जवाब में केकेआर लक्ष्य से 23 रन पीछे रह गई। राणा ने मैच के बाद कहा, मुझे पता है कि यही गेंदबाज आने वाले मैचों में अच्छा प्रदर्शन करके जीत दिलाएंगे। हम एक गेंदबाजी ईकाई के रूप में इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा , ब्रूक के लिये हमने रणनीति बनाई थी । हम उस पर 60 से 70 प्रतिशत ही अमल कर सके जिसका श्रेय बल्लेबाज को जाता है । लेकिन हम बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। लेग स्पिनर सुयश शर्मा और वरूण चक्रवर्ती ने मिलकर 85 रन दे डाले।

# मुंबई इंडियंस और केकेआर के बीच भिड़ंत आज, जीतने के लिए होगी रोमांचक जंग

## रोहित शर्मा की टीम के लिये सबसे बड़ी चुनौती केकेआर के आक्रामक बल्लेबाजों को रोकने की होगी



**मुंबई।** पूर्व चैम्पियन मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स रविवार को जब आमने सामने होंगे तो दोनों का लक्ष्य अपने अभियान को ढर्रे पर लाने का होगा और रोहित शर्मा की टीम के लिये सबसे बड़ी चुनौती केकेआर के आक्रामक बल्लेबाजों को रोकने की होगी।

मुंबई इंडियंस ने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर हार का सिलसिला तोड़ा जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स को ईडन गार्डंस पर विशाल स्कोर वाले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने हराया। पिछला मैच जीतने के बावजूद आईपीएल की सबसे कामयाब टीम मुंबई वानखेड़े स्टेडियम पर काफी दबाव में रहेगी । इस सत्र में अभी तक रोहित शर्मा की टीम अपने चिर परिचित अंदाज में नहीं दिखी है। दो जीत और दो हार के बाद केकेआर अंकतालिका में चौथे स्थान पर है और मुंबई की तुलना में उसका रनरेट बहुत अच्छा है। मुंबई के लिए रोहित ने दिल्ली के खिलाफ 65 रन बनाये लेकिन उन्हें लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा ।

वहीं सूर्यकुमार यादव का खराब फॉर्म लंबा होता जा रहा है। मुंबई को तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की कमी खलेगी जो पहला मैच खेलने के बाद फिर कोहनी की समस्या का शिकार हो गए हैं । ऐसे में तेज गेंदबाजी का जिम्मा जासन बेहरेनडोर्फ और रिले मेरेडिथ पर होगा जबकि पीयूष चावला पिछले मैच में तीन विकेट लेने के बाद उस फॉर्म को दोहराना चाहेंगे । मुंबई को युवा ब्रिगेड टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, तिलक वर्मा और ईशान किशन से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

केकेआर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ चमत्कारिक जीत दर्ज की और सनराइजर्स के खिलाफ आखिरी गेंद तक किला लड़ाया। टाइटंस के खिलाफ आखिरी ओवर में पांच छक्के लगाने वाले रिंकू सिंह ने पिछले मैच में 58 रन बनाकर विरोधी टीमों की नींदे उड़ा दी है। उनके अलावा कप्तान नितिश राणा, वेंकटेश अय्यर, रहमानुल्लाह गुरबाज और शार्दुल ठाकुर ने भी रन बनाये हैं । केकेआर के लिये चिंता का सबब आंद्रे रसेल का खराब फॉर्म है। वह सनराइजर्स के खिलाफ चार ओवर भी पूरे नहीं कर सके और चोटिल हो गए लेकिन उन्होंने तीन विकेट लिए।

***टीमें :***

कोलकाता नाइट राइडर्सः नीतीश राणा (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, शार्दुल ठाकुर, लॉकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, टिम साउदी, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अनुकुल रॉय, रिंकू सिंह, एन. जगदीसन, वैभव अरोड़ा, सुयश शर्मा, डेविड वीज, कुलवंत खेजरोलिया, लिटन दास और मनदीप सिंह।

मुंबई इंडियंस : रोहित शर्मा (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, टिम डेविड, डेवाल्ड ब्रेविस , तिलक वर्मा, ईशान किशन, ट्रिस्टन स्टब्स, विष्णु विनोद, कैमरून ग्रीन, अर्जुन तेंदुलकर, रमनदीप सिंह, शम्स मुलानी, रिले मेरेडिथ, नेहाल वढेरा, रितिक शोकीन, अर्शद खान, डुआन जेनसन, पीयूष चावला, कुमार कार्तिकेय, राघव गोयल, जोफ्रा आर्चर, जैसन बेहरेनडोर्फ, आकाश मढवाल । मैच का समय : दोपहर 3.30 से ।

## डब्ल्यूपीएल 2024 की तैयारी शुरू, दिवाली के आसपास हो सकता है टूनार्मेंट का आगाज



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) को अगले साल दिवाली के आसपास आयोजित करने पर विचार कर रहा है। डब्ल्यूपीएल का आयोजन त्योहारों के समय करने से यह टूनार्मेंट भारतीय पुरुष टीम के अंतरराष्ट्रीय मैचों से टकरा सकता है, लेकिन बीसीसीआई का मुख्य लक्ष्य डब्ल्यूपीएल और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बीच फासला रखना है। इस साल 26 मार्च को डब्ल्यूपीएल समाप्त होने के महज पांच दिन बाद 31 मार्च को आईपीएल की शुरूआत हो गयी थी। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई आईपीएल की तरह डब्ल्यूपीएल में भी 'होम एंड अवे' प्रारूप की शुरूआत करेगा जिसके अनुसार टीमें अपने आधे लीग मैच घरेलू मैदान पर और बाकी लीग मैच विपक्षी टीम के शहर में खेलेंगी। क्रिकबज ने जय शाह के हवाले से शुक्रवार को कहा, हम डब्ल्यूपीएल को होम एंड अवे प्रारूप में दिवाली के आसपास आयोजित करने की संभावना पर विचार कर रहे हैं। साल में दो (डब्ल्यूपीएल) सीजन नहीं होंगे, सिर्फ एक ही सीजन अलग समय पर होगा।₹ शाह ने कहा, ₹महिला क्रिकेट के पास अब एक समर्पित दर्शक आधार है। यह संख्या भविष्य में बढ़ती रहेगी क्योंकि हम अगले डब्ल्यूपीएल में ज्यादा से ज्यादा उत्साहजनक दर्शकों के आने की उम्मीद कर रहे हैं। शाह ने ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बार्क) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि डब्ल्यूपीएल का पहला संस्करण पांच करोड़ से ज्यादा दर्शकों तक पहुंचने में सफल रहा था। उन्होंने बताया कि मुंबई इंडियन्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच मुकाबला सबसे ज्यादा लोगों ने देखा था।

# पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को 88 रनों से हराया, बाबर आजम ने की धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी

## बतौर कप्तान धोनी ने टी-20 इंटरनेशनल में 41 मैच जीते थे

**लाहौर।** पाकिस्तान ने अपने कप्तान बाबर आजम के 100वें टी20 मैच का जश्न पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में (लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए) न्यूजीलैंड को 88 रनों से हराकर मनाया। इस जीत के साथ ही कप्तान बाबर आजम ने पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी के एक बड़े रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। बतौर कप्तान धोनी ने टी-20 इंटरनेशनल में 41 मैच जीते थे। वहीं, अब बाबर ने भी पाकिस्तान को अपनी कप्तानी में 41 मैच जीता दिए हैं। अब बाबर के पास बतौर कप्तान टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा मैच जीतने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का मौका है।



तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 18 रन देकर चार विकेट लिए। न्यूजीलैंड की टीम चार ओवर बाकी रहते 94 रन पर ही आउट हो गई। उसने आखिरी पांच विकेट छह रन के भीतर गंवा दिये । इससे पहले पाकिस्तान ने 182 रन बनाये। युवा बल्लेबाज साइम अयूब और फखर जमां दोनों ने 47 रन की पारी खेली।

अफगानिस्तान से श्रृंखला 1 . 2 से हारने के बाद पाकिस्तान ने इस श्रृंखला में अपनी पूरी मजबूत टीम उतारी है।वहीं न्यूजीलैंड की टीम में उसके आठ प्रमुख खिलाड़ी नहीं हैं जो भारत में आईपीएल खेल रहे हैं। न्यूजीलैंड इस दौरे पर पांच टी20 और पांच वनडे खेलेगी। न्यूजीलैंड के लिये मैट हेनरी ने टुकड़ों में हैट्रिक ली। उन्होंने अपने तीसरे ओवर की आखिरी दो गेंदों पर शादाब खान और इफ्तिखार अहमद को आउट किया। वहीं अगले ओवर की पहली गेंद पर शाहीन शाह अफरीदी को डीप में डेरिल मिशेल के हाथों लपकवाया।

## विराट कोहली का अर्धशतक, आरसीबी ने बनाए छह विकेट पर 174 रन



**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने विराट कोहली (50 रन) के अर्धशतक की बदौलत शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ छह विकेट पर 174 रन का स्कोर खड़ा किया। विराट कोहली के अलावा महिपाल लोमरोर ने 26 रन, ग्लेन मैक्सवेल ने 24 और कप्तान फॉफ डुप्लेसी ने 22 रन का योगदान दिया। दिल्ली कैपिटल्स के लिए मिचेल मार्श और कुलदीप यादव को दो दो विकेट मिले। अक्षर पटेल और ललित यादव ने एक एक विकेट हासिल किया।
दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वॉर्नर ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। दिल्ली कैपिटल्स ने अंतिम एकादश में रोवमैन पॉवेल की जगह मिचेल मार्श को शामिल किया गया। आरसीबी ने डेविड विली के स्थान पर वानिंदु हसारंगा को अंतिम एकादश में जगह दी।

### *विराट के गरम तेवर देख खिलखिला उठीं अनुष्का शर्मा*



विराट कोहली मैदान पर हों और उनके तेवर न दिखे ऐसा कैसे हो सकता है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जब उन्होंने धमाकेदार अंदाज में हाफ सेंचुरी जड़ी तो स्टेडियम में उन्हें चीयर करने आई उनकी बॉलीवुड स्टार वाइफ अनुष्का शर्मा खुशी से खिलखिला उठीं। उनका दमकता चेहरा देखते बन रहा था। ऐसा हो भी क्यों नहीं विराट कोहली ने एशिया कप में वापसी करने के बाद से गजब के फॉर्म में हैं।

# बराबरी के मुकाबले में आमने सामने होंगे गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स



**अहमदाबाद।** पिछले मैच में पंजाब किंग्स पर रोमांचक जीत दर्ज करने के बाद गुजरात टाइटंस का सामना इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को राजस्थान रॉयल्स से होगा तो उनका इरादा अंकतालिका में शीर्ष पर काबिज होने का रहेगा। अब तक हार्दिक पांड्या की टाइटंस ने संजू सैमसन की अगुवाई वाली रॉयल्स के खिलाफ तीनों मैच जीते हैं लिहाजा मनोवैज्ञानिक रूप से उसका पलड़ा भारी होगा। टाइटंस ने आईपीएल 2022 में पदार्पण करते हुए फाइनल में 11 गेंद बाकी रहते सात विकेट से जीत दर्ज की थी। फिलहाल टीम छह अंक लेकर तीसरे स्थान पर है।

लखनऊ सुपर जाइंट्स और रॉयल्स के भी छह अंक हैं लेकिन नेट रनरेट के आधार पर तीनों टीमें अलग अलग पायदान पर हैं। रॉयल्स और टाइटंस बल्लेबाजी और गेंदबाजी के मामले में बराबरी की टीमें हैं लेकिन पिछले साल इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मिली तीन जीत से टाइटंस के हौसले बुलंद हैं। दूसरी ओर रॉयल्स इस सिलसिले को तोड़ने को बेताब होंगे। दोनों टीमों के कोर खिलाड़ी लगभग वहीं हैं और नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर दबाव का बेहतर सामना करने वाली टीम ही विजयी होगी। रॉयल्स के पास शीर्ष क्रम में यशस्वी जायसवाल, जोस बटलर और सैमसन हैं जिन्होंने पावरप्ले का बखूबी इस्तेमाल किया है। बटलर का पावरप्ले में स्ट्राइक रेट 196.6 है। वहीं जायसवाल का पावरप्ले के ओवरों में स्ट्राइक रेट 184 है । देवदत्त पड्डिकल, रविचंद्रन अश्विन, शिमरोन हेटमायेर और जैसन होल्डर के रहते रॉयल्स के बल्लेबाजी क्रम में काफी गहराई है । गेंदबाजी में उनका इकॉनामी रेट अब तक 7 . 3 रहा है जो बेहतरीन कहा जा सकता है। उसके शीर्ष तीन स्पिनरों एडम जाम्पा, अश्विन और युजवेंद्र चहल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया । अब देखना होगा कि चेन्नई पर तीन रन से मिली जीत के बाद क्या वही गेंदबाजी संयोजन फिर उतारा जाता है।

रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स को बड़े अंतर से हराया लेकिन चेन्नई के खिलाफ जीत करीबी रही। अब उनके सामने टाइटंस के रूप में इस सत्र की सबसे कठिन चुनौती है । टाइटंस के पास पंड्या, डेविड मिलर, शुभमन गिल, साइ सुदर्शन , विजय शंकर और मोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी हैं। शंकर ने केकेआर के खिलाफ 24 गेंद में 63 रन बनाये थे लेकिन रिंकू सिंह ने आखिरी ओवर में यश दयाल को पांच छक्के जड़कर केकेआर को चमत्कारिक जीत दिलाई। टाइटंस ने दयाल की जगह पंजाब के खिलाफ 34 वर्ष के मोहित को उतारा जिन्होंने चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट लिये और टीम को जीत दिलाई।

***दोनों टीमें इस प्रकार हैं :***

गुजरात टाइटंस : हार्दिक पांड्या (कप्तान), शुभमन गिल, कोना भरत, रिद्धिमान साहा, राहुल तेवतिया, अभिनव मनोहर, मोहम्मद शमी, प्रदीप सांगवान, आर साई किशोर, विजय शंकर, साई सुदर्शन, राशिद खान, शिवम मावी, मैथ्यू वेड, ओडियन स्मिथ, उर्विल पटेल, दर्शन नालकांडे, डेविड मिलर , यश दयाल, जयंत यादव, नूर अहमद और अल्जारी जोसेफ।

राजस्थान रॉयल्स : संजू सैमसन (कप्तान), अब्दुल बासित, मुरूगन अश्विन, रविचंद्रन अश्विन, के एम आसिफ, ट्रेंट बोल्ट, जोस बटलर, केसी करियप्पा, युजवेंद्र चहल, डी फरेरा, शिमरोन हेटमायेर, जैसन होल्डर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, ओबेद मैकॉय, देवदत्त पड्डिकल, रियान पराग, कुणाल सिंह राठौड़, जो रूट, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आकाश वशिष्ठ, कुलदीप यादव, एडम जाम्पा। मैच का समय : शाम 7.30 से।

# 'जो ट्रोल कर रहे थे अब चुप हो जाएंगे', शतकवीर हैरी ब्रूक ने भारतीय फैंस पर कसा तंज

### *सनराइजर्स की 23 रन की जीत में प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार मिलने के बाद कहा, ₹मुझे लगता है कि मैं अपने ऊपर अत्यधिक दबाव ले रहा था...*



**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरूआती तीन मैचों में असफल होने के बाद चौथे मैच में विस्फोटक अर्धशतक जड़ने वाले सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने कहा है कि 'जो होगा, सो होगा' की मानसिकता के साथ खेले, जो उनके लिए फायदेमंद रहा। इस साल सनराइजर्स के सबसे महंगे खिलाड़ी रहे ब्रूक शुरूआती दो मैचों में मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए क्रमशः 13 और तीन रन बना सके थे। तीसरे मैच में उन्हें पारी की शुरूआत करने के लिये भेजा गया लेकिन वहां भी वह 13 रन ही बना सके। टेस्ट क्रिकेट में अपना लोहा मनवा चुके ब्रूक को आईपीएल में खराब फॉर्म के लिए सोशल मीडिया पर आलोचना का सामना करना पड़ा रहा था, लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स के विरुद्ध उन्होंने 55 गेंद पर 100 रन की शतकीय पारी खेलकर सभी आलोचकों को शांत कर दिया। ब्रूक ने शुक्रवार को सनराइजर्स की 23 रन की जीत में प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार मिलने के बाद कहा, ₹मुझे लगता है कि मैं अपने ऊपर अत्यधिक दबाव ले रहा था। अगर आप सोशल मीडिया पर देखेंगे तो लोग आपको उल्टा-सीधा कह रहे हैं जिससे आप अपने ऊपर सवाल उठाने लगते हैं। उन्होंने कहा, आज मैं 'जो होगा सो होगा' की सोच के साथ मैदान पर उतरा और सौभाग्य से चीजें मेरे हित में रहीं। (सोशल मीडिया पर) कई सारे भारतीय प्रशंसक हैं जो आज मेरी तारीफ करेंगे लेकिन कुछ दिन पहले वही मुझे गालियां दे रहे थे। मुझे खुशी है कि मैं उन्हें चुप करवा सका। ब्रूक की शतकीय पारी की मदद से सनराइजर्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स के सामने 229 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में केकेआर 205 रन ही बना सकी। सनराइजर्स ने चार मैच में चार मैच में दो जीत और दो हार के साथ चार अंक अर्जित कर लिये हैं। उसका अगला मुकाबला मंगलवार को मुंबई इंडियन्स के खिलाफ है।

## जसप्रीत बुमराह ने शुरू किया 'रिहैब', श्रेयस अय्यर अगले हफ्ते कराएंगे पीठ की सर्जरी



**मुंबई।** बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने शनिवार को कहा कि न्यूजीलैंड में पीठ के निचले हिस्से की सफल सर्जरी के बाद भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अब दर्द से राहत है और उन्होंने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में 'रिहैबिलिटेशन' शुरू कर दिया है। बीसीसीआई ने श्रेयस अय्यर के बारे में भी अपडेट दी और कहा कि यह बल्लेबाज अगले हफ्ते पीठ के निचले हिस्से की सर्जरी करायेगा। सितंबर 2022 के बाद से क्रिकेट से बाहर चल रहे बुमराह एशिया कप और टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाये थे और यह देखना होगा कि वह दो महीने के अंदर ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले भरत के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए फिट होंगे या नहीं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक बयान में कहा, बुमराह के पीठ के निचले हिस्से की सर्जरी सफल रही और उन्हें अब कोई दर्द नहीं है। इसके अनुसार, इस तेज गेंदबाज को विशेषज्ञों ने सर्जरी के छह हफ्ते बाद रिहैब शुरू करने की सलाह दी और इसी के अनुसार बुमराह ने शुक्रवार से बेंगलुरु में एनसीए में अपना रिहैबिलिटेशन प्रबंधन शुरू कर दिया है। जहां तक अय्यर का प्रश्न है तो कोलकाता नाइट राइडर्स के नियमित कप्तान अपनी पीठ के निचले हिस्से के उपचार के कारण मौजूदा टूनार्मेंट में नहीं खेल पाये और वह अगले हफ्ते सर्जरी करायेंगे। बयान के मुताबिक, वह दो हफ्तों के लिए सर्जन की देखभाल में रहेंगे और रिहैबिलिटेशन के लिए एनसीए लौटेंगे।

# कोरोना के एक्टिव केस 50 हजार पार: 24 घंटे में 10,753 नए मामले आए

## 27 मौतें, अप्रैल में ही अब तक 89 हजार संक्रमित



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के एक्टिव केस 50 हजार का आंकड़ा पार कर चुका है। बीते 24 घंटे में देश में कोरोना के 10,753 नए केस दर्ज किए गए हैं, जबकि 27 लोगों की मौत हुई है। एक्टिव केस बढ़कर 53,720 हो गए। इससे पहले पिछले साल 4 सितंबर को 50 हजार से ज्यादा एक्टिव केस दर्ज किए गए थे। पिछले 14 दिन यानी 1 से 14 अप्रैल तक देश में 89 हजार लोग संक्रमित हो चुके हैं।

एक दिन पहले यानी गुरुवार को संक्रमण के 11 हजार 109 मामले सामने आए थे, जबकि 29 लोगों की मौत हुई थी। इसके अलावा एक्टिव केस 49 हजार 622 हो गए थे।

स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, डेली पॉजीटिविटी रेट 6.78% और वीकली रेट 4.49% पहुंच गया है। इसके अलावा रिकवरी रेट 98.69% है। वहीं, मृत्यु दर 1.19% दर्ज की गई। पिछले 14 दिन यानी 1 से 14 अप्रैल तक देश में 89 हजार लोग संक्रमित हो चुके हैं।

***टॉप-5 राज्यों में 67% से ज्यादा***

***नए केस, केरल सबसे आगे***

देश में पिछले 24 घंटे में 10,753 नए कोरोना मरीज मिले। इनमें से 7,229 केस सिर्फ 5 राज्यों में मिले। ये कुल आंकड़ों का 67% है।

**केरल:** यहां 3,065 नए केस मिले, 1,892 लोग ठीक हुए, जबकि 6 लोगों की मौत हो गई। फिलहाल यहां 18,663 एक्टिव केस हैं।

**दिल्ली:** यहां शुक्रवार को 1,420 नए केस आए और 6 व्यक्ति की कोरोना से मौत हो गई। 1,065 लोग इस बीमारी से ठीक हुए। यहां एक्टिव केस 4,311 हो गए हैं।

**महाराष्ट्र:** शुक्रवार को यहां 1,152 नए केस आए वहीं 4 व्यक्तियों की मौत हो गई। यहां पॉजिटिविटी रेट 7.27% है और 5,928 एक्टिव केस हैं।

**हरियाणा:** यहां बीते दिन 835 नए केस सामने आए और 436 लोग ठीक हुए। फिलहाल राज्य में 3,233 एक्टिव केस हैं। यहां पॉजिटिविटी रेट 8.37% हो गया है।

**उत्तर प्रदेश:** यहां शुक्रवार को 757 नए केस मिले और 271 लोग ठीक हुए। फिलहाल राज्य में 2579 एक्टिव केस हैं। यहां पॉजिटिविटी रेट 1.56% है।

हरियाणा में तेजी से बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच वैक्सीन का संकट खड़ा हो गया है। फरवरी के बीच में राज्य को मिली वैक्सीन की आखिरी खेप 31 मार्च को खत्म हो गई है। जबकि सूबे में 24 घंटे के दौरान अब तक सबसे अधिक 835 नए केस सामने आए हैं।

## अगर मैं भ्रष्ट हूं तो फिर दुनिया में कोई भी ईमानदार नहीं है : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि वह आबकारी नीति मामले में जांच एजेंसियों के समक्ष पेश होंगे और अगर वह भ्रष्ट हैं तो फिर दुनिया में कोई भी ईमानदार नहीं है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में पूछताछ के लिए रविवार को तलब किया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए यहां एक संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं और अगर पार्टी ने जांच एजेंसी को उन्हें गिरफ्तार करने का आदेश दिया है तो वह ऐसा करने से इनकार नहीं कर सकती है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस मामले के सबंध में पहले ही दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया है। ऐसा आरोप है कि शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने के लिए लायी गयी दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति में कुछ डीलरों को लाभ पहुंचाया गया जिन्होंने कथित तौर पर इसके लिए घूस दी।

## सारा ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'हारने का समय नहीं, हमेशा गतिमान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने अपनी सिडनी ट्रिप की एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की है। वीडियो की शुरूआत में सारा कहती हैं, 'नमस्ते दर्शको'। इसके बाद सारा सिडनी घूमने निकल पड़ीं। वहां उन्होंने देसी लुक भी कैरी किया है। इसके अलावा सारा विदेश में अपने देसी अंदाज में 'चाका चक' गाने पर डांस करती हुई भी नजर आईं। सारा ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'हारने का समय नहीं, हमेशा गतिमान। स्विम, वर्कआउट। यात्रा करें, अनुभव करें, सुधार करें'।

आपको बता दें कि सारा अली खान जल्द ही लक्ष्मण उटेकर की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'जरा हटके जरा बच के' में विक्की कौशल के साथ नजर आएंगी।

## खास खबर

### समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं पर 18 अप्रैल से होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ को अधिसूचित किया है, जो समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। बता दें कि पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ इस मामले में 18 अप्रैल से सुनवाई करेगी। इस संविधान पीठ में सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, रवींद्र भट, हेमा कोहली और पीएस नरसिम्हा शामिल हैं, जो 18 अप्रैल से इस मामले की सुनवाई करेंगे।

### सैन्य कमांडरों का सम्मेलन सोमवार से, चीन की चुनौती पर भी होगी बात

**नई दिल्ली।** सेना के शीर्ष कमांडर सोमवार से पांच दिन तक सैन्य संचालन तैयारियों तथा सीमा पर चीन की चुनौती सहित विभिन्न मुद्दों पर गहन विचार विमर्श करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी 21 अप्रैल तक चलने वाले सम्मेलन को बुधवार को संबोधित करेंगे जो पहली बार हाइब्रिड मोड में हो रहा है। शीर्ष कमांडरों का सम्मेलन वर्ष में दो बार होता है और इसमें सेना की जरूरतों से लेकर सैन्य तैयारियों और भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखकर स्थिति की समीक्षा के साथ साथ नीतिगत निर्णय लिये जाते हैं। सम्मेलन के पहले दिन सैन्य कमांडर और वरिष्ठ अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक करेंगे और फिर व्यक्तिगत रूप से बैठक के लिए अगले दिन यहां मुलाकात करेंगे। सम्मेलन के दौरान कमान मुख्यालयों की ओर से विभिन्न बिन्दुओं को रखा जायेगा जिसके बाद अंडमान और निकोबार कमान के प्रमुख तथा सेना मुख्यालयों के प्रधान स्टाफ अधिकारी स्थिति की जानकारी देंगे। सम्मेलन में सेना में किये जा रहे सुधारों तथा बदलावों विशेष रूप से अग्निपथ योजना की प्रगति की भी समीक्षा की जायेगी।

## महिलाओं को प्राथमिकता देगी आप

### मध्य प्रदेश में 100 से 120 सीटों पर उम्मीदवार चयन में महिलाओं को प्राथमिकता देंगे



**इंदौर।** आम आदमी पार्टी (आप) की मध्यप्रदेश इकाई की अध्यक्ष रानी अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि उनका दल इस साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनावों में 100 से 120 सीटों पर उम्मीदवार चुनने के मामले में महिलाओं को तरजीह देगा। अग्रवाल ने इंदौर प्रेस क्लब में संवाददाताओं से कहा,मैं आगामी विधानसभा चुनावों में 100 से 120 सीटों पर उम्मीदवार चयन के मामले में महिलाओं को प्राथमिकता दूंगी। उन्होंने बताया कि आप सूबे की सभी 230 सीटों पर आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी और किसी अन्य दल के साथ चुनावी गठबंधन नहीं करेगी। अग्रवाल ने कहा,सूबे में अब तक केवल कांग्रेस या भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) की सरकार इसलिए बनती रही है क्योंकि पहले जनता के पास विकल्प नहीं था। लेकिन अब राज्य में आप का परिवार बढ़ चुका है और आप जल्द हमें सरकार बनाने के रास्ते पर आगे बढ़ता देखेंगे।

उन्होंने कहा कि पंजाब और गुजरात की तरह मध्यप्रदेश में भी आम आदमी पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व जनता की राय लेने के बाद मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करेगा। अग्रवाल ने मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार की महत्वाकांक्षी लाड़ली बहना योजना को महज दिखावा करार दिया और कहा कि जल्द ही सभी को ज्ञात हो जाएगा कि इस योजना की रकम कितनी महिलाओं के खातों में जा रही है। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा कथित आबकारी नीति घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 16 अप्रैल को तलब किए जाने पर अग्रवाल ने कहा कि अडाणी मामला उठाए जाने के कारण उन्हें यह समन भेजा गया है और उन्हें झूठे प्रकरण में फंसाकर मुख्यमंत्री के रूप में काम करने से रोकने की कोशिश की जा रही है।

## अमृतपाल को छिपने में सहायता करने वाला जोगा सिंह गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पुलिस ने अलगाववादी अमृतपाल सिंह को उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में छिपने में मदद करने और अन्य सहायता उपलब्ध कराने के आरोप में उसके एक अहम सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि जोगा सिंह लुधियाना का निवासी है और वह पीलीभीत में डेरा का संचालन करता है। सिंह हरियाणा से पंजाब आ रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस उसकी तलाश में थी। पुलिस उपमहानिरीक्षक (सीमा रेंज) नरेंद्र भार्गव ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, जोगा सिंह अमृतपाल सिंह के सीधे संपर्क में था। उसने अमृतपाल सिंह के ठहरने और वाहन की व्यवस्था की थी। उसने पीलीभीत में उसके ठहरने का इंतजाम किया था और फिर वह पंजाब लौटा। इससे पहले पुलिस ने कहा था कि अमृतपाल सिंह की मदद करने के आरोप में दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जो फरार थे। पिछले महीने पुलिस ने इन दोनों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान होशियारपुर जिले में बाबक गांव के राजदीप सिंह और जालंधर जिले के सरबजीत सिंह के तौर पर हुई है।

# पायलट का नंबर कभी नहीं आएगा

## अमित शाह ने कहा- भले ही फील्ड में ज्यादा सक्रिय लेकिन कांग्रेस के खजाने में गहलोत की अहम भागीदारी



**जयपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के बीच जारी टकराव पर तंज कसा है। उन्होंने शनिवार को भरतपुर में पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा, 'पायलट का नंबर कभी नहीं आएगा। भले ही वे जमीनी स्तर पर बहुत सक्रिय हैं, लेकिन कांग्रेस के खजाने में गहलोत की भागीदारी बड़ी है।'

शाह यहां कॉलेज ग्राउंड में बूथ विजय संकल्प हमारा कार्यक्रम के तहत पार्टी कार्यकताओं, पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। राजस्थान में 7 महीने बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में सियासी पार्टियां सक्रिय होने लगी हैं।

***शाह बोले गहलोत की 3डी सरकार- दंगे, दलितों पर अत्याचार और महिलाओं से दुर्व्यवहार***

शाह ने राजस्थान के सभी लोक देवताओं और महाराजा सूरजमल को याद करते हुए अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने गहलोत की सरकार को 3डी सरकार बताया। बोले- यह तीन डी पर चल रही है। शाह ने थ्री डी को राजस्थान में दंगे, महिलाओं से दुर्व्यवहार और दलितों पर अत्याचार से जोड़ा। वहीं शाह ने कहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव में हमने राजस्थान में 25 सीटें जीती, 2019 के चुनाव में भी 25 सीटें जीतीं। अब राजस्थान में 2023 के विधानसभा चुनाव में 2 तिहाई के बहुमत से जीतकर सरकार बनाएंगे। गहलोत सरकार ने वंशवाद को बढ़ावा दिया है, जातिवाद को भड़काने का काम किया है। राजस्थान की जनता अब त्राहि-त्राहि पुकार रही है।

यहां पर गहलोत सरकार में 2 दर्जन से ज्यादा पेपर लीक हो चुके हैं। गहलोत साहब अभी भी सरकार चाहते हैं। गहलोत साहब सेंचुरी लगानी है क्या?

राजस्थान में क्राइम चरम पर है। सुनियोजित दंगे होते हैं, गहलोत सरकार वोट बैंक के लालच में कोई कड़े कदम नहीं उठाती है। वोट प्राप्त करने के लिए गहलोत सरकार ने हाईकोर्ट में सही पैरवी नहीं की, जिस कारण जयपुर बम ब्लास्ट के आरोपी छूट गए। अरे शर्म करो, राजस्थान की जनता सब जानती है। ये सरकार उसी दिन मन से निकल गई, जिस दिन रामनवमी पर जुलूस पर रोक लगा दी। राहुल बाबा देशभर में पैदल चले। एक पत्रकार सम्मेलन में गया तो पत्रकार ने पूछा नतीजा क्या होगा? मैंने कहा- नॉर्थ-ईस्ट के तीन राज्यों में चुनाव हुए, कांग्रेस का सफाया हो गया।

मंच पर प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी व पूर्व सीएम वसुंधरा राजे जैसे बड़े नेताओं की मौजूदगी रही।

***वसुंधरा राजे ने कहा- गहलोत सरकार ने जल संकट पर काम नहीं किया***

पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने कहा- हमारे यहां जमीन का जलस्तर गिरता जा रहा है। पिछली सरकार ने 13 जिले का प्लान बनाया था। ईस्टर्न कैनाल में कोटा से लेकर अलवर तक को शामिल किया गया। इसका संकल्प हमने लिया था। अफसोस है कि गहलोत जी ने इसके लिए कोई काम किया ही नहीं है। गहलोत कहते है कि भारतीय जनता पार्टी दूसरे दलों की सरकारों को हाथ में लेने की कोशिश करती हैं। जबकि इनकी खुद की सरकार इन्होंने 2008 और 2018 में भी जोड़तोड़ की बनाई थी। *एजेंसी*

## कर्नाटक चुनाव से पहले भाजपा को लगा झटका

### फाइटर रवि ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज है। साथ ही आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति हो रही है। इसी बीच सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को झटका लगा है। बीएम मल्लिकार्जुन उर्फ "फाइटर रवि" ने भाजपा को अलविदा कहा है। समाचार एजेंसी एएनआई ने फाइटर रवि का पत्र साझा करते हुए यह जानकारी दी। बकौल एजेंसी फाइटर रवि ने शनिवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बता दें कि चुनावों के दरमियां नेता अक्सर टिकटों की चाहत में पाला बदलते हैं। हालांकि, पार्टियां कई नेताओं को मनाने की कोशिश भी करती हैं। हाल ही में देखा गया कि कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार टिकट नहीं मिलने की वजह से नाराज चल रहे हैं। टिकट नहीं मिलने से नाराज पूर्व मुख्यमंत्री ने हाल ही में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी और उन्हें अपनी चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की थी। हालांकि, पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता बीएस येदियुरप्पा ने कहा था कि 99 फीसदी तय है कि शेट्टार को टिकट दिया जाएगा।

***अबतक 212 उम्मीदवारों का एलान***

विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की ओर से अब तक उम्मीदवारों की दो सूची जारी हो चुकी हैं। 224 सदस्यीय विधानसभा के लिए पार्टी ने अब तक 213 नामों का एलान कर है। आगामी समय में पार्टी द्वारा बाकी के उम्मीदवारों की भी घोषणा की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में 10 मई को एक ही चरण में विधानसभा चुनाव संपन्न होंगे, जबकि 13 मई को मतगणना होगी। 224 सीटों वाली विधानसभा में वर्तमान में सत्तारूढ़ भाजपा के पास 119 विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के पास 75 और जद (एस) के पास 28 सीटें हैं।

## सिद्धरमैया को नहीं मिला कोलार से टिकट

### कर्नाटक विस चुनाव: कांग्रेस की 43 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी



**बेंगलुरु/नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए 43 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के दूसरी सीट कोलार से चुनाव लड़ने के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया गया। शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी को बेलगावी जिले के अथानी सीट से टिकट दिया गया है।

हाल में कांग्रेस में शामिल हुए जनता दल (सेक्युलर) के वरिष्ठ नेता के. एम. शिवलिंग गौड़ा को अरसीकेरे विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। कांग्रेस ने तीसरी सूची में कम से कम 16 नए चेहरों को टिकट देने की घोषणा की है। इनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष की उम्मीदवार रही मार्गरेट अल्वा के बेटे निवेदित अल्वा और पूर्व राज्य मंत्री मोटम्मा की बेटी नयना ज्योति झावर शामिल हैं।

कांग्रेस ने कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए गत 25 मार्च को 124 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी। गत छह अप्रैल को जारी कांग्रेस की दूसरी सूची में उसके 41 उम्मीदवार शामिल थे और एक प्रत्याशी सर्वोदय कर्नाटक पार्टी का था। सर्वोदय कर्नाटक पार्टी के दर्शन पुट्टनैया को मेलुकोट विधानसभा सीट से उम्मीदवार घोषित किया गया था। इन 43 उम्मीदवारों की तीसरी सूची के साथ, पार्टी अब तक कुल 224 सीटों में से 209 के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। कांग्रेस ने कोथूर जी मंजूनाथ को कोलार से मैदान में उतारा है। सिद्धरमैया इस सीट से भी चुनाव लड़ना चाहते थे। पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को वरुणा सीट से चुनाव मैदान में उतारा गया है। वरुणा सीट से सिद्धरमैया के नाम की घोषणा पहली सूची में ही कर दी गई थी। सिद्धरमैया ने हालांकि कहा था कि अगर पार्टी आलाकमान सहमत होता है तो वह दूसरी सीट के रूप में कोलार से भी चुनाव लड़ना चाहते हैं। सिद्धरमैया वर्तमान में बागलकोट जिले में बादामी सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने पहले घोषणा की थी कि वह कोलार से चुनाव लड़ेंगे, लेकिन पार्टी नेतृत्व द्वारा वहां उन्हें ह्व़ह्वजोखिमह्लह्ल होने के बारे में कथित तौर पर आगाह किये जाने के बाद वह पीछे हट गये और इसके बाद उन्होंने वरुणा सीट को चुना। समर्थकों और कार्यकताओं के दबाव में हालांकि सिद्धरमैया कोलार से भी चुनाव लड़ने की बात भी करते रहे हैं।

## गुवाहाटी में फहराया तिरंगा

### गुवाहाटी के नारंगी मिलिट्री स्टेशन पर फहराया गया 75 फुट ऊंचा तिरंगा, जवानों को करेगा प्रेरित



**गुवाहाटी।** असम की राजधानी गुवाहाटी में नारंगी मिलिट्री स्टेशन पर शनिवार को 75 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल आर पी कलिता ने तिरंगा फहराया। राष्ट्रीय ध्वज को एक एनजीओ, फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सौजन्य से नारंगी मिलिट्री स्टेशन के सैनिक पार्क में फहराया गया।

***"जवानों को कर्तव्यों के प्रति प्रेरित करेगा तिरंगा"***

लेफ्टिनेंट जनरल कलिता ने 51 सब एरिया की टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज जवानों को अधिक उत्साहित करने के साथ ही अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित करेगा।

***फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सीईओ भी रहे मौजूद***

इस अवसर पर फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सीईओ रिटायर मेजर जनरल आशिम कोहली के अलावा सेना के जवानों और उनके परिवारों, एनसीसी कैडेटों समेत कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दफन हुआ अतीक का बेटा असद

## अतीक और अशरफ को कोर्ट से नहीं मिली थी असद के जनाजे में शामिल होने की अनुमति, सैकड़ों की हुजूम में दफन किया गया गुलाम, महिलाएं भी पहुंचीं, नहीं दिखाया आई कार्ड



**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड के बाद अतीक अहमद की माफियागीरी खत्म होने का सिलसिला जो शुरू हुआ वो बदस्तूर जारी है। पहले संपत्तियों पर एक के बाद एक बुलडोजर चले और अब एक बेटे का ही एनकाउंटर हो गया। हालात ये है कि जिस अतीक के नाम की तूती पूरे यूपी में बोला करती थी, आज उसी माफिया के बेटे के अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में शामिल होने से लोग कतरा रहे हैं। संभावना जताई जा रही है कि अतीक की पत्नी और असद की मां शाइस्ता आज सरेंडर कर सकती है। वह भी इस हत्याकांड मामले में आरोपी है।

अतीक अहमद के अधिवक्ता विजय मिश्रा ने बताया कि अतीक और अशरफ को जनाजे में शामिल होने की अनुमति नहीं मिल पाई।

***असद के रिश्ते के नाना हामिद अली बोले- जाने ऐसा क्या हुआ दिमाग फिर गया और अपराध कर डाला***

असद के रिश्ते के नाना हामिद अली ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने पाबंदी लगाई थी। जिसके चलते जहां पुश्तैनी निवास पर गुस्ल की रस्म होनी चहिए थी वो नहीं सकी। असद से बरसो पहले मिला था। पढ़ने में अच्छा था लेकिन जाने ऐसा क्या हुआ दिमाग फिर गया और अपराध कर डाला। कसारी-मसारी कब्रिस्तान में असद के शव की दफन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बाहर निकल रहे लोगों से मीडिया बात करना चाहती हैं लेकिन लोग कतरा के निकल जा रहे हैं।

***जनाजे में जाने के लिए आई कार्ड नहीं दिखाया जाता***

कब्रिस्तान पहुंची महिलाओं से पुलिस ने आई कार्ड मांगा तो नहीं दिखाया। बोली कि जनाजे में जाने के लिए आई कार्ड नहीं दिखाया जाता।

***कसार-मसारी कब्रिस्तान पहुंची दो महिलाएं, एक बताई जा रही शाइस्ता की बहन***

दो महिलाएं कब्रिस्तान के अंदर गई हैं। यह कौन है अभी साफ नहीं है। इसमें एक शाइस्ता की बहन साहिन बताई जा रही है। दोनों के स्कूटी से आने की बात सामने आ रही है।

असद के साथ मारे गए शूटर गुलाम की जनाजे की नमाज बीच सड़क पर अदा की गई। इस दौरान वहां सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कई ने चेहरा भी ढक रखा था। इसके बाद गुलाम के शव को कब्रिस्तान में दफन किया गया।

## केजरीवाल उनके खिलाफ शुरू की गई सभी कार्रवाई का उचित समय पर जवाब देंगे: नीतीश कुमार


**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में सीबीआई द्वारा तलब किये जाने के एक दिन बाद शनिवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री उनके खिलाफ शुरू की गई सभी कार्रवाइयों का उचित समय पर जवाब देंगे। पत्रकारों से बातचीत में आबकारी नीति मामले में पूछताछ के लिए सीबीआई द्वारा केजरीवाल को समन किये जाने के बारे में पूछने पर जदयू के वरिष्ठ नेता नीतीश ने कहा, लोग जानते हैं कि उनके (केजरीवाल) खिलाफ क्या हो रहा है? वह एक जाने-माने व्यक्ति हैं और उन्होंने अपने राज्य में कई विकास कार्य किए हैं। वह अपने खिलाफ शुरू की गई सभी कार्रवाइयों का उचित समय पर जवाब देंगे।



महाराष्ट्र के पुणे से एक बड़े हादसे की खबर सामने आ रही है। यहां पुणे पुराने मार्ग पर एक यात्री बस खाई में गिर गई। ये दर्दनाक हादसा खोपोली पुलिस थाना के तहत शिंगरोबा मंदिर के पीछे घाट पर हुआ। रायगढ़ के खोपोली इलाके में बस के खाई में गिर जाने से 13 लोगों की मौत हो गई। वहीं 29 अन्य लोग घायल हो गए।

जनसंदेश टाइम्स
मनी मैटर्स
प्रयागराज, रविवार, 16 अप्रैल, 2023


**सेंसेक्स**
38.23 अंक यानी 0.06 फीसदी मजबूत होकर 60,431.00 अंक पर


**सोना**
480 रुपये उछलकर 61,780 रुपये प्रति 10 ग्राम उच्च स्तर पर पहुंच



# भारत की इकनॉमिक ग्रोथ की रफ्तार कायम रहेगी, 2022-23 में सात प्रतिशत रहने का अनुमान: सीतारमण

## क्रिप्टो से संबंधित मुद्दों पर फौरन ध्यान देने की जरूरत: निर्मला सीतारमण

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष और विश्व बैंक के 2023 में भारत के सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के अनुमानों के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार कायम रहेगी और वित्त वर्ष 2022-23 में इसकी वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने की संभावना है।

सीतारमण ने शुक्रवार को यहां आईएमएफ मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक एवं वित्तीय समिति की पूर्ण बैठक में भाग लेते हुए कहा कि संरचनात्मक सुधारों पर सरकार के ध्यान के साथ-साथ एक अनुकूल घरेलू नीति परिवेश ने भारत में घरेलू आर्थिक गतिविधियों को मजबूत बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि आईएमएफ और विश्व बैंक, दोनों ने भारत के 2023 में सबसे तेजी से वृद्धि करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था होने का अनुमान लगाया है। भारतीय अर्थव्यवस्था की गति कायम रहेगी और आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, इसके 2022-23 में सात प्रतिशत की दर से वृद्धि करने का अनुमान है।

वित्त मंत्रालय ने कई ट्वीट कर इस बैठक में सीतारमण के संबोधन के बारे में जानकारी दी। इसके मुताबिक, सीतारमण ने महामारी से मिले इस सबक पर रोशनी डाली कि डिजिटलीकरण, खासकर डिजिटल



सार्वजनिक ढांचा (डीपीआई) वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक उत्प्रेरक रहा है और भारत के डीपीआई ने किस तरह से पहुंच में क्रांति ला दी है और एक जीवंत उद्यमशील पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण किया है।

सीतारमण ने वैश्विक सरकारी कर्ज गोलमेज सम्मेलन (जीएसडीआर) का उल्लेख करते हुए कहा कि इसने अन्य कमजोर देशों के लिए बहु-हितधारक सहयोग के साथ रचनात्मक तरीके से आगे बढ़ने का प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही श्रीलंका और सूरीनाम के लिए समाधान प्रदान करने वाली टीम का हिस्सा बनकर भारत खुश है। सीतारमण ने वैश्विक चुनौतियों को कम करने के लिए हितधारकों के साथ मिलकर समाधान तलाशने की प्रतिबद्धता दोहराई। ये चुनौतियां सबसे गरीब और कमजोर देशों को असमान रूप से नुकसान पहुंचाती हैं। उन्होंने सभी जी-20 सदस्यों से बहुपक्षीय प्रयासों का समर्थन जारी रखने का आग्रह किया और वैश्विक विखंडन की चुनौती से लड़ने के लिए सकारात्मक संवाद में संलग्नता पर जोर दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जी20 देशों से क्रिप्टो मुद्राओं से संबंधित मुद्दों पर तत्काल ध्यान देने का अनुरोध करते हुए कहा है कि अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान से बचाने के साथ संभावित लाभों से वंचित न रह जाने का भी ख्याल रखना होगा। अमेरिका के दौरे पर आई सीतारमण ने यहां अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के मुख्यालय में जी20 देशों के वित्त मंत्रियों एवं केंद्रीय बैंक गवर्नरों के एक सत्र को संबोधित करते हुए क्रिप्टो मुद्राओं के व्यापक प्रभाव की चर्चा की। जी20 समूह की अध्यक्षता इस समय भारत के पास है। सीतारमण ने कहा, जी20 समूह नीतिगत एवं नियामकीय प्रारूप के प्रमुख बिंदुओं को सामने लाने में मुद्राकोष और वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) के काम के प्रति आभार जताता है। लेकिन क्रिप्टो मुद्राओं के वृहद-आर्थिक एवं नियामकीय परिप्रेक्ष्य को समाहित करने के लिए एक संश्लेषणात्मक पत्र की जरूरत है। जी20 अर्थव्यवस्थाओं के बीच चर्चा में क्रिप्टो परिसंपत्तियों का मुद्दा प्रमुखता से उभरकर सामने आया है।

## कच्चे तेल में उतार-चढ़ाव से फीकी रह सकती है पेंट शेयरों की चमक



**नई दिल्ली।** विश्लेषकों का कहना है कि वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में मुनाफा मार्जिन में संभावित सुधार पेंट कंपनियों के शेयरों का परिदृश्य मजबूत बनाने के लिए पर्याप्त नहीं होगा, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और इस क्षेत्र में तेजी से बढ़ रही प्रतिस्पर्धा से दबाव बना हुआ है। विश्लेषकों ने निवेशकों को पिछले साल के दौरान इन शेयरों में आई भारी गिरावट के बावजूद अल्पावधि से मध्यावधि के दौरान इस क्षेत्र से परहेज करने का सुझाव दिया है। एशियन पेंट्स, बर्जर पेंट्स, इंडिगो पेंट्स, कनसाई नैरोलैक और शालीमार पेंट्स में पिछले 6 महीनों के दौरान 5-27 प्रतिशत के बीच कमजोरी आई, जबकि इस अवधि में सेंसेक्स करीब 5 प्रतिशत चढ़ा।

शेयरखान में डिप्टी वीपी (फंडामेंटल रिसर्च) कौस्तुभ पावस्कर ने कहा, ह्यपेंट कंपनियां वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में मार्जिन में सुधार दर्ज करेंगी, क्योंकि हाल के महीनों में कच्चे तेल में नरमी आई है। हालांकि ओपेक+ द्वारा ताजा उत्पादन कटौती के बाद यदि कीमतें फिर से 100 डॉलर पर पहुंचती हैं तो वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही से मार्जिन पर दबाव बढ़ सकता है। इसलिए, अल्पावधि से मध्यावधि में, पेंट शेयरों से परहेज किया जाना चाहिए, जबकि दीर्घावधि नजरिये से हम एशियन पेंट्स को पसंद कर रहे हैं। पेंट निमार्ताओं का आय प्रदर्शन मॉनसून लंबा खिंचने और बिक्री में कमजोरी की वजह से दिसंबर तिमाही में सुस्त रहा, जिससे अक्टूबर और नवंबर में मांग प्रभावित हुई।

## एलेन ने पीजी मेडिकल अभ्यर्थियों के लिए सुपरएप्प लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** एलेन ने पीजी मेडिकल छात्रों को एनईईटी-पीजी, आईएनआई-सीईटी और एफएमजीई परीक्षाओं की तैयारी के लिए व्यापक समाधान प्रदान करने हेतु डिजाइन किया गया अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म एलेन नेक्सटी ऐप लॉन्च किया। इस ऐप पर कई अनूठी विशेषताएं और संसाधन उपलब्ध हैं, जो इसे परीक्षा की तैयारी हेतु बाजार में उपलब्ध अन्य प्लेटफार्मों से अलग करते हैं। एलेन नेक्स्ट वर्टिकल के पूर्णकालिक कार्यकारी, अमन माहेश्वरी ने कहा, ₹एलेन नेक्स्ट ऐप के साथ हमारा लक्ष्य मेडिकल पीजी प्रवेश परीक्षा की तैयारी प्रक्रिया को छात्रों के लिए सरल और अधिक सुलभ बनाना है, चाहे उनकी व्यस्तता कितनी भी हो। हमारा उद्देश्य एनईईटी-पीजी, आईएनआई-सीईटी और एफएमजीई परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने के लिए पूरा रोडमैप प्रदान करके पीजी मेडिकल छात्रों को उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना है।₹ इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं कि पीजी मेडिकल छात्र का जीवन चुनौतीपूर्ण होता है।

## मस्क ने एआई कंपनी एक्सडॉटएआई बनाई, माइक्रोसॉफ्ट के ओपनएआई को देगी टक्कर



**नई दिल्ली।** ट्विटर के सीईओ एलोन मस्क ने चैटजीपीटी के युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने के लिए एक्सडॉटएआई नाम से एक नई कंपनी बनाई है। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, कंपनी का मुख्ययालय टेक्सास के नेवादा में बनाया गया है और मस्क इसके एकमात्र सूचीबद्ध निदेशक हैं। मस्क के पारिवारिक कार्यालय के निदेशक जेरेड बिर्चेल को कंपनी का सचिव बनाया गया है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, एक्सडॉटएआई ने निजी कंपनी के लिए 10 करोड़ शेयरों की बिक्री को अधिकृत किया है।

मस्क एक ऐसी एआई कंपनी बनाना चाहते हैं जो चैटजीपीटी नामक सफल एआई चैटबॉट की निमार्ता कंपनी माइक्रोसॉफ्ट समर्थित ओपनएआई से मुकाबला कर सके। विडंबना यह है कि मस्क ने ही आरंभ में ओपनएआई में 10 करोड़ डॉलर लगाए थे, लेकिन बाद में वह कंपनी से बाहर हो गए।

हाल के महीनों में चैटजीपीटी और जीपीटी-4 दुनिया भर में लोकप्रिय हो गए हैं।

मार्च में, कई बड़े उद्यमियों और एआई अनुसंधानकताओं, जिनमें मस्क और एप्पल के सह संस्थापक स्टीव वोज्नियाक शामिल हैं, ने एक खुला पत्र लिखकर सभी प्रयोगशालाओं को कम से कम छह महीने के लिए जीपीटी-4 से अधिक शक्तिशाली एआई सिस्टम के प्रशिक्षण को तुरंत रोकने का अनुरोध किया था। यह ओपन लेटर ऐसे समय में लिखा गया था जब इस तरह की खबरें सामने आई थीं कि मस्क ने 2018 की शुरूआत में ओपनएआई पर नियंत्रण करने की कोशिश की थी, लेकिन सैम ऑल्टमैन और ओपनएआई के अन्य संस्थापकों ने मस्क के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। सेमाफोर के अनुसार, प्रतिक्रिया स्वरूप मस्क कंपनी से बाहर हो गए और बड़े पैमाने पर डोनेशन की वादे से मुकर गए।

ट्विटर के सीईओ एक अरब डॉलर देने के वादे से मुकर गए, लेकिन कंपनी से हटने से पहले 10 करोड़ डॉलर का योगदान दिया।

ओपनएआई ने मार्च 2019 में घोषणा की कि वह एक मुनाफे के उद्देश्य से काम करने वाली इकाई बना रहा है ताकि अपने कर्मचारियों के भुगतान के लिए पर्याप्त धन जुटा सके।

इसके बाद छह महीने से भी कम समय में माइक्रोसॉफ्ट ने ओपनएआई में एक अरब डॉलर का निवेश किया और उसके बाद जो हुआ वह ऐतिहासिक है। ओपनएआई अंतिम वैल्युएशन 20 अरब डॉलर के करीब था और यह दुनिया की सबसे बड़ी एआई समर्थित कंपनी बन गई थी।

मस्क ने हाल के दिनों में कई बार ओपनएआई की अलोचना की है।

## सीइओ संजय अग्रवाल की फिर से नियुक्ति के बाद चढ़ा एयू स्मॉल फाइनैंस बैंक का शेयर

**नई दिल्ली।** एयू स्मॉल फाइनैंस बैंक (एसएफबी) का शेयर गुरुवार को 17 फीसदी उछल गया जब भारतीय रिजर्व बैंक ने प्रबंध निदेशक व सीईओ संजय अग्रवाल की 3 साल के लिए दोबारा नियुक्ति को मंजूरी दे दी। उनका मौजूदा कार्यकाल 18 अप्रैल को समाप्त हो रहा है।

मोतीलाल ओसवाल ने एक नोट में कहा, प्रबंधन की निरंतरता पर स्पष्टता के अभाव और अनिश्चित आर्थिक माहौल के कारण एयू एसएफबी के शेयर कीमत पर दबाव रहा था। हमारा मानना है कि आरबीआई की मंजूरी से अनिश्चितता दूर हो गई है और अब बैंक के फंडामेंटल परफॉर्मेंस पर ध्यान केंद्रित हो गया है। गुरुवार की तेजी से पहले एयू एसएफबी का शेयर इस साल अब तक के लिहाज से 10 फीसदी से ज्यादा नीचे था जबकि परिचालन के मोर्चे पर प्रदर्शन अच्छा था। विश्लेषकों को उम्मीद है कि कंपनी कर्ज के मोर्चे पर बेहतर वृद्धि दर्ज करेगी।

## एचडीएफसी बैंक का मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत बढ़कर 12,594 करोड़ रुपये पर



**मुंबई।** निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक का मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 20.6 प्रतिशत बढ़कर 12,594.47 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने शनिवार को वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी एवं अंतिम तिमाही के वित्तीय नतीजे जारी करते हुए यह जानकारी दी। पिछले साल की समान अवधि में बैंक का शुद्ध लाभ 10,443.01 करोड़ रुपये रहा था। हालांकि अक्टूबर-दिसंबर, 2022 तिमाही की तुलना में एचडीएफसी बैंक का शुद्ध लाभ घट गया है जो तीसरी तिमाही में 12,698.32 करोड़ रुपये था। समूचे वित्त वर्ष 2022-23 में इस निजी बैंक ने 45,997.11 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में यह 38,052.75 करोड़ रुपये था। बैंक का एकल आधार पर शुद्ध लाभ 19.81 प्रतिशत वृद्धि के साथ 12,047.45 करोड़ रुपये हो गया। एकल आधार पर इसकी कुल आय बढ़कर 53,850 करोड़ रुपये हो गई, जबकि इससे पिछले साल यह 41,086 करोड़ रुपये रही थी। ऋण घाटों और अन्य मदों में कुल प्रावधान जनवरी-मार्च, 2023 तिमाही में 2,685.37 करोड़ रुपये रहा, जो जनवरी-मार्च, 2022 तिमाही में 3,312.35 करोड़ रुपये रहा था। सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात मार्च के अंत में 1.12 प्रतिशत रहा जबकि मार्च 2022 के अंत में यह 1.17 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 1.23 प्रतिशत रहा था।

## हार्दिक पांड्या ने कंज्यूमर फूड्स ब्रांड यू में निवेश किया

**नई दिल्ली।** शेफ द्वारा निर्मित इंस्टैंट फूड्स ब्रांड यू से हार्दिक पांड्या निवेशक और ब्रांड एम्बेसडर के रूप में जुड़े हैं। हार्दिक और यू ने भारत एवं विदेशों में इस ब्रांड का प्रचार करने के लिए एक दीर्घकालिक गठबंधन किया है।भारत भल्ला और वरुण कपूर द्वारा स्थापित, यू उपभोक्ताओं को आसान भोजन प्रदान कर पैकेज्ड फूड को ज्यादा सेहतमंद बना रहा है क्योंकि इसमें जीरो प्रिजर्वेटिव्स के साथ 100 प्रतिशत प्राकृतिक तत्वों का उपयोग किया गया है।

यह ब्रांड पास्ता, कप नूडल्स, हक्का नूडल्स, ओट्स और हलवा की श्रेणियों में 14 एसकेयू पेश करता है, जो केवल पानी को खौलाकर 5 मिनट में बनाए जा सकते हैं।

देश में ही निर्मित इस ब्रांड ने अक्टूबर, 2022 में आशीष कचौलिया और एशियन पेंट्स परिवार के नेतृत्व में अपनी सीरीज ए फंडरेज़िंग पूरी की। यू आईपीएल 2023 के सीजन के दौरान अपना पहला ब्रांड कैम्पेन लॉन्च करेगा।

## म्युचुअल फंड निवेशकों में महिलाओं की भागीदारी 20 फीसदी




**नई दिल्ली।** भारत में म्युचुअल फंडों के संगठन (एम्फी) द्वारा साझा किए गए अतिरिक्त आंकड़े से पता चलता है कि स्थायी खाता संख्या (पैन) के आधार पर महिला निवेशकों की संख्या दिसंबर 2019 के 46 लाख से बढ़कर दिसंबर 2022 में 74 लाख पर पहुंच गई। दिलचस्प तथ्य यह है कि 18-24 वर्ष उम्र वर्ग की महिला निवेशकों की संख्या समान अवधि में चार गुना तक बढ़ी है।

पिछले तीन साल में, बी-30, और टी-30 शहरों से महिला निवेशकों की संख्या में 13-13 लाख का इजाफा हुआ है। एम्फी ने यह भी कहा है कि कोविड-19 के वर्षों के दौरान महिला निवेशकों की संख्या में भारी तेजी आई। जहां 25-35 वर्ष उम्र निवेशक संख्या 2.3 गुना से ज्यादा बढ़ी, वहीं बड़ा योगदान 45 साल से अधिक उम्र वर्ग की महिलाओं का रहा। कुल महिला निवेशकों में इनकी भागीदारी 38 प्रतिशत से ऊपर रही। वित्तीय सलाहकारों का मानना है कि यह स्पष्ट नहीं है कि कुल महिला निवेशकों में से कितनी महिलाएं स्वयं के निवेश का प्रबंधन करने में सफल रही हैं। उनका मानना है कि ऐसे निवेश का बड़ा हिस्सा परिवार में पुरुष सदस्यों द्वारा कर बचत या अन्य मकसद के लिए पारंपरिक तौर पर प्रबंधित किया जाता है।

## एप्पल ने वित्त वर्ष 2023 में भारत में 7.5 अरब डॉलर मूल्य के आईफोन व आईपैड भेजे



**नई दिल्ली।** स्थानीय मैन्युफैक्च रिंग को बढ़ावा देने के बीच एप्पल ने वित्त वर्ष 2022-23 में भारत में 7.5 अरब डॉलर मूल्य के आईफोन और आईपैड भेजे। आईएएनएस को प्राप्त से डेटा में यह जानकारी दी गई है।मार्केट इंटेलिजेंस फर्म सीएमआर द्वारा उपलब्ध कराए गए शुरूआती अनुमानों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023 में, एप्पल ने देश में 7 मिलियन से अधिक आईफोन और आधा मिलियन आईपैड भेजे, आईफोन शिपमेंट के लिए 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

जैसा कि एप्पल भारत में घरेलू विनिर्माण पर दोगुना हो गया है, इस अवधि में देश में 8 मिलियन से अधिक आईफोन्स की बिक्री के साथ, तकनीकी दिग्गज वित्त वर्ष 23-34 में 6 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की संभावना है। इंडस्ट्री इंटेलिजेंस ग्रुप, सीएमआर के प्रमुख प्रभु राम ने आईएएनएस को बताया, वित्त वर्ष 22-23 की अवधि में, एप्पल ने साल-दर-साल आईफोन शिपमेंट में दो अंकों की वृद्धि के साथ भारत में अपनी गति में तेजी जारी रखी। इस बीच, मार्च तिमाही (वित्त वर्ष 2023 की अंतिम तिमाही) में, आईफोन्स ने देश में 2.1 मिलियन शिपमेंट के साथ 67 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। राम ने कहा, सबसे हाल की मार्च तिमाही में, भारत में उपभोक्ता मांग में एक मजबूत वृद्धि ने आईपैड और आईफोन्स के शिपमेंट को उत्प्रेरित किया। विशेष रूप से, वर्तमान आईफोन 14 सीरीज और पिछले आईफोन 13 लाइन-अप को अधिकांश शिपमेंट के लिए गठित किया गया है। आईफोन 13 सीरीज ने 2023 पहली तिमाही में 48 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की, इसके बाद आईफोन 14 सीरीज 44 प्रतिशत पर रही। पूरे वित्त वर्ष 2023 के लिए, आईफोन 14 सीरीज ने भारत में 36 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी दर्ज की। आगे देखते हुए, एप्पल को भारत में कुछ अनुकूल टेलविंड्स का आनंद मिलता है, जो भविष्य के विकास का एक मजबूत चालक है। एप्पल अगले हफ्ते मुंबई और नई दिल्ली में अपने दो फ्लैगशिप, खुद के ब्रांडेड रिटेल स्टोर खोलेगी। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, एप्पल के सीईओ टिम कुक, एप्पल के अपने ब्रांडेड रिटेल स्टोर (मुंबई में जियो वर्ल्ड ड्राइव मॉल और दिल्ली के साकेत में सेलेक्ट सिटीवॉक मॉल में) का उद्घाटन करेंगे। टेक दिग्गज के लिए पहली बार जिसने अपनी भारत की विकास योजनाओं को दोगुना कर दिया है। राम ने कहा, मुंबई और दिल्ली में नए एप्पल फ्लैगशिप रिटेल स्टोर आक्रामक बिक्री पहलों से समर्थित हैं, जो आने वाले वर्ष में ऐप्पल के विकास को बढ़ावा देंगे।

## हमें रियल्टी क्षेत्र में निरंतर अच्छी मांग रहने की उम्मीद : एलआईसी हाउसिंग फाइनैंस प्रमुख



**नई दिल्ली।** एलआईसी हाउसिंग फाइनैंस के महाप्रबंधक व मुख्य कार्याधिकारी वाई विश्वनाथ गौड़ ने साक्षात्कार में कहा कि हमें वित्त वर्ष 24 में रियल्टी क्षेत्र में निरंतर अच्छी मांग रहने की उम्मीद है। एलआईसी हाउसिंग फाइनैंस को आस है कि ब्याज दर स्थिर होने और रियल्टी इस्टेट के बड़े प्रोजेक्ट करीब होने के कारण प्रोत्साहन देने वाली वृद्धि होगी। दिसंबर, 2022 तक के नौ महीनों के दौरान कर्ज के वितरण की वृद्धि दर 13 फीसदी रही। यह वृद्धि अच्छी है। इसमें ज्यादातर कर्ज रिटेल क्षेत्र में दिया गया। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद यह वृद्धि दर्ज हुई। मुझे विश्वास है कि रियल्टी क्षेत्र में अच्छी मांग कायम रहेगी और यह अगले वित्त वर्ष में भी जारी रहेगी। हमें सभी शहरों झ्र यहां तक की 3 टीयर शहरों में भी नई प्रोजेक्ट के लॉन्च में तेज बढ़ोतरी नजर आ रही है। अच्छी कनेक्टिविटी और सरकार के आधारभूत ढांचे को बढ़ावा देने के कारण आधारभूत संरचना से जुड़ी कई परियोजनाएं पूरी होने के करीब हैं और इन स्थानों के करीब रियल इस्टेट निश्चित रूप से फलेगी-फूलेगी। इससे खासतौर पर मकानों की मांग तेजी से बढ़ेगी। मुझे पूरा विश्वास है कि अगले वित्त वर्ष में खासी बढ़ोतरी होगी। ऋण का वितरण कुछ सुस्त रहा था। हमारा अनुमान है कि कई ऋण लेने वालों ने रुकने और देखने की नीति अपनाई। उनकी नजर ब्याज दरों में बदलाव पर केंद्रित रही होगी। अब मैं सोचता हूं कि स्थिति काफी हद तक स्थिर हो चुकी है। लिहाजा अब खरीदारों की पसंद के लिए बदलाव आएगा। अभी तक जिन लोगों ने रुकने और इंतजार करने की नीति अपना रखी थी, वे अब खरीदारी करना शुरू करेंगे। बेतहाशा मांग सुस्त होने से सामान्य वृद्धि दर का मार्ग प्रशस्त होगा। हमने मांग के अनुरूप प्रतिस्पर्धात्मक उत्पाद और ब्याज दर मुहैया करवाई हैं। इनसे आने वाले दिनों में सकारात्मक परिणाम आने की उम्मीद है। हमारे पोर्टफोलियो में प्रोजेक्ट बुक केवल 7 फीसदी था और अब इसमें कमी आई है। अब हमने सलेक्टिव अप्रोच अपनाई है। लिहाजा आने वाले दिनों में बिल्डर बुक में भी सुधार आएगा।

## संक्षेप

### स्टारबोर्ड ने रूढ़िवादी सोशल मीडिया ऐप पार्लर का अधिग्रहण किया

**सैन फ्रांसिस्को।** स्टारबोर्ड (पूर्व में ओलंपिक मीडिया) ने एक अज्ञात राशि के लिए रूढ़िवादी सोशल मीडिया ऐप पार्लर का अधिग्रहण किया है।जनवरी 2021 में अमेरिका में कैपिटल हिल अराजकता के दौरान हिंसा को बढ़ावा देने के मद्देनजर पार्लर को ऑफलाइन होने के लिए मजबूर होना पड़ा था। गूगल और एप्पल ने भी अपनी नीतियों का उल्लंघन करने के लिए अपने संबंधित ऐप स्टोर से प्लेटफॉर्म को हटा दिया। पिछले साल, कंपनी ने बेहतर तरीके से पता लगाने और घृणास्पद भाषण को नियंत्रित करने के लिए अपने गए सुधारों के बाद दोनों कंपनियों ने पार्लर को ऐप स्टोर पर वापस आने की इजाजत दी थी। स्टारबोर्ड ने कहा कि पार्लर का बड़ा उपयोगकर्ता आधार और अतिरिक्त रणनीतिक परिसंपत्तियां इसके लिए हमारे मीडिया और प्रकाशन व्यवसाय में आक्रामक रूप से निर्माण जारी रखने के लिए एक विशाल अवसर का प्रतिनिधित्व करती हैं। स्टारबोर्ड के सीईओ रयान कोयने ने कहा, पार्लर की टीम ने एक असाधारण दर्शक वर्ग बनाया है और हम अपने सभी मीडिया प्लेटफॉर्मों में उस दर्शक को एकीकृत करने के लिए तत्पर हैं। कंपनी के मुताबिक, रणनीतिक मूल्यांकन के लिए पार्लर ऐप को ऑपरेशन से हटा दिया जाएगा। स्टारबोर्ड ने कहा, स्टारबोर्ड में हम हाशिए पर या यहां तक कि पूरी तरह से सेंसर किए गए समुदायों की सेवा जारी रखने के लिए कई क्षेत्रों में यहां तक कि घरेलू राजनीति से परे भी जबरदस्त अवसर देखते हैं। स्टारबोर्ड को उम्मीद है कि 2023 की दूसरी तिमाही के अंत तक सौदे में तेजी आएगी।

### जूम ने कर्मचारी संचार प्लेटफॉर्म वर्कवीवो का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** वीडियो-आधारित संचार ऐप जूम ने घोषणा की है कि वह एक अज्ञात राशि के लिए आयरिश कर्मचारी संचार प्लेटफॉर्म वर्कवीवो का अधिग्रहण कर रहा है।2017 में स्थापित, वर्कवीवो एक सुविधा संपन्न कर्मचारी अनुभव मंच प्रदान करता है, उन्नत आंतरिक संचार और जुड़ाव उपकरण, एक सामाजिक इंट्रानेट और एक कर्मचारी ऐप का संयोजन करता है, जो सभी एक केंद्रीय केंद्र में मिश्रित होते हैं, जो कंपनी के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र का दिल बनाते हैं। वर्कवीवो की पेशकश ने पिछले तीन वर्षों में तीन अंकों की वृद्धि देखी है और दुनिया भर में सैकड़ों ग्राहकों द्वारा इसका उपयोग किया जाता है, जिसमें लिबर्टी म्यूचुअल, लुलुलेमन, रेयानेयर, मैडिसन स्क्वायर गार्डन और व्यान रिसॉर्ट्स शामिल हैं। जूम के मुख्य वित्तीय अधिकारी केली स्टेकेलबर्ग ने कहा, वर्कवीवो के कर्मचारी अनुभव मंच की शक्ति, इसके मजबूत संचार और जुड़ाव की पेशकश के साथ जूम के ऑल-इन-वन सहयोग मंच के साथ, संगठनों को अपने कर्मचारियों की क्षमता को पूरी तरह से अनलॉक करने और हाइब्रिड दुनिया में अपनी कंपनी संस्कृति विकसित करने की अनुमति देता है। कर्मचारी संचार और एंगेजमेंट प्लेटफॉर्म जूम ग्राहकों को हाइब्रिड वर्क मॉडल में कर्मचारियों को सूचित, व्यस्त और कनेक्टेड रखने के नए तरीके देगा। वर्कवीवो के सीईओ और सह-संस्थापक जॉन गोल्डिंग ने कहा, हमारा मंच पुराने, भद्दे, आंतरिक संचार उपकरणों को एक जीवंत, परिचित सामाजिक अनुभव से बदल देता है और एडोप्शन के अद्वितीय स्तरों का एक सिद्ध इतिहास है। जूम के साथ, हम एक साथ बड़ी चीजें बना सकते हैं। जूम ने कहा कि वर्कवीवो के संस्थापक जॉन गोल्डिंग और जो लेनन और पूरी वर्कवीवो टीम कर्मचारी अनुभव नवाचार रणनीति को चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। लेन-देन वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में बंद होने की उम्मीद है।

### खुदरा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी बेस्ट बाय कर रही सैकड़ों कर्मचारियों की छंटनी

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिकी खुदरा कंपनी बेस्ट बाय उच्च मुद्रास्फीति और वैश्विक आर्थिक मंदी के बीच सैकड़ों कर्मचारियों की छंटनी कर रही है। वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, कंपनी ने अमेरिकी स्टोरों पर सैकड़ों कर्मचारियों को सूचित किया कि उनके पदों को समाप्त कर दिया गया है।रिपोर्ट में शुक्रवार देर रात कहा गया, सलाहकार की भूमिका वाले कर्मचारियों से कहा गया कि वे अन्य आंतरिक नौकरियों के लिए फिर से आवेदन कर सकते हैं या अलग हो सकते हैं। गौरतलब है कि कई स्टोर कर्मचारी जो कंप्यूटर और स्मार्टफोन जैसे अधिक जटिल उत्पादों को बेचने में माहिर हैं, उन्हें कंपनी के अंदर सलाहकार कहा जाता है। रिटेल दिग्गज के अमेरिका और कनाडा में 90 हजार से अधिक कर्मचारी हैं, इसमें 58 प्रतिशत पूर्णकालिक कर्मचारी शामिल हैं। पिछले महीने, एक और खुदरा दिग्गज वॉलमार्ट ने कहा कि वह ग्राहकों की भविष्य की जरूरतों के लिए बेहतर तैयारी करने के लिए स्टाफिंग में समायोजन के हिस्से के रूप में अमेरिका भर में अपनी ई-कॉमर्स सुविधाओं में सैकड़ों कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है। कंपनी के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, हम प्रभावित सहयोगियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि उन्हें यह समझने में मदद मिल सके कि वॉलमार्ट के अन्य स्थानों पर करियर के कौन से विकल्प उपलब्ध हो सकते हैं। वॉलमार्ट के प्रतिद्वंद्वी अमेजॅन ने दो राउंड में 27 हजार कर्मचारियों को निकाल दिया है।

### क्रिएटर्स के लिए समर्पित ट्रेंड्स सेक्शन जोड़ेगा इंस्टाग्राम रील्स

**नई दिल्ली।** मेटा के स्वामित्व वाले इंस्टाग्राम ने क्रिएटर्स को सशक्त बनाने के लिए अपने शॉर्ट-वीडियो मेकिंग ऐप पर नए फीचर्स की घोषणा की है।सोशल नेटवर्क ने ट्रेंडिंग ऑडियो और हैशटैग के लिए एक समर्पित डेस्टिनेशन जोड़ा है, रील्स इनसाइट्स के लिए दो नए मेट्रिक्स और अधिक देशों में रील्स पर उपहार लाए हैं। क्रिएटर्स अब यह देख पाएंगे कि रील्स पर टॉप ट्रेंडिंग टॉपिक और हैशटैग क्या हैं। मेटा ने कहा, हम यूनिफाइड एडिटिंग स्क्रीन पर वीडियो क्लिप, ऑडियो, स्टिकर और टेक्स्ट को एक साथ लाकर इंस्टाग्राम पर अपनी रील्स को एडिट करना आपके लिए आसान बना रहे हैं। यह फीचर विश्व स्तर पर आईओएस और एंड्रॉइड दोनों उपकरणों पर उपलब्ध है। रील्स पर जोड़े जा रहे दो नए मेट्रिक्स कुल देखने का समय और औसत देखने का समय हैं। कंपनी ने कहा कि देखने का कुल समय आपकी रील को चलाए जाने की कुल अवधि को दशार्ता है, जिसमें रील को फिर से चलाने में बिताया गया समय भी शामिल है। औसत देखने का समय आपके रील को चलाने में बिताए गए औसत समय को दशार्ता है, जिसकी गणना कुल नाटकों की संख्या के साथ देखने के समय को विभाजित करके की जाती है। उदाहरण के लिए यदि आपका औसत देखने का समय 17 सेकंड है, तो आपके रील को देखने वाले सभी लोगों में से उन्होंने औसतन 17 सेकंड देखे। इससे क्रिएटर्स को यह बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी कि लोग कहां जुड़ रहे हैं या दर्शकों को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए आपको कहां एक मजबूत हुक बनाने की आवश्यकता हो सकती है। कंपनी ने कहा, हम यह देखने के लिए एक नया तरीका भी जोड़ रहे हैं कि आपकी रील्स आपके विकास में कैसे योगदान दे रही हैं। अब आप अपने रील्स से नए फॉलोअर्स के साथ एक सूचना प्राप्त करेंगे। कंपनी क्रिएटर्स को दिखाने के लिए एक नया फीचर भी जोड़ रही है कि प्रशंसकों ने उन्हें कौन सा उपहार भेजा है, ताकि वे अपने समर्थकों को पहचान सकें।

### नंबर-1 प्रदर्शनी के रूप में असाधारण भूमिका निभाता चीनी आयात-निर्यात मेला

**बीजिंग।** 133वें चीनी आयात-निर्यात मेले का आयोजन 15 अप्रैल को औपचारिक रूप से शुरू हुआ है। इस वर्ष में कई नए निर्मित प्रदर्शनी भवनों का प्रयोग किया गया है। प्रदर्शनी का कुल क्षेत्रफल 15 लाख वर्ग मीटर तक पहुंचा। लगभग 35 हजार देशी-विदेशी उद्यमों ने ऑफलाइन प्रदर्शनी में भाग लिया। विश्व के 200 से अधिक देशों और क्षेत्रों के खरीदार मेले में आए हैं।चीनी आयात-निर्यात मेला चीन और विश्व के बीच एक व्यापार पुल है। यहां उच्च गुणवत्ता और कम कीमत के साथ विभिन्न किस्मों वाले मेड इन चाइना माल दुनिया में जाते हैं। संयुक्त अरब अमीरात में एलयूएलयू इंटरनेशनल ग्रुप के ग्लोबल मार्केटिंग डायरेक्टर लैडा कुमार ने कहा कि चीन में नंबर 1 प्रदर्शनी के रूप में, चीनी आयात-निर्यात मेला एक असाधारण भूमिका निभाता है और इसका दूरगामी प्रभाव है।

# अध्यक्ष के 44 और सदस्य पद के 128 पर्चे खरीदे गये

**चुनाव**

### 134 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किया

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के पांचवें दिन शनिवार को जौनपुर नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद के लिए 4 अभ्यर्थियों द्वारा 9 सेट में, नगर पालिका परिषद शाहगंज के लिए 3 अभ्यर्थियों द्वारा 5 सेट में, नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर 3 अभ्यर्थियों द्वारा 9 सेट में, नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 2 सेट में, नगर पंचायत कचगांव में 2 अभ्यर्थी द्वारा 2 सेट में, नगर पंचायत जफराबाद में 3 अभ्यर्थियों द्वारा 3 सेट में, नगर पंचायत खेतासराय में 4 अभ्यर्थियों द्वारा 5 सेट में, नगर पंचायत मछलीशहर में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 3 सेट में, नगर पंचायत मड़ियाहूँ में 4 अभ्यर्थियों द्वारा 7 सेट में, नगर पंचायत रामपुर में 4 अभ्यर्थियों द्वारा 7 सेट में, नगर पंचायत बदलापुर में 12 अभ्यर्थियों द्वारा 12 सेट में, नगर पंचायत केराकत में 1 अभ्यर्थियों द्वारा 1 सेट में कुल 44 अभ्यर्थियों द्वारा 66 सेट में नामांकन पत्र क्रय किया।

जौनपुर नगर पालिका परिषद में सदस्य के लिए 29 अभ्यर्थियों द्वारा 34 सेट में, नगर पालिका परिषद शाहगंज के लिए 10 अभ्यर्थियों द्वारा 10 सेट में, नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर 21 अभ्यर्थियों द्वारा 44 सेट में, नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में 16 अभ्यर्थियों द्वारा 16 सेट में, नगर पंचायत कचगांव में 0 अभ्यर्थियों द्वारा 0 सेट में, नगर पंचायत जफराबाद में 3 अभ्यर्थियों द्वारा 4 सेट में, नगर पंचायत खेतासराय में 10 अभ्यर्थियों द्वारा 10 सेट में, नगर पंचायत मछलीशहर में 10 अभ्यर्थियों द्वारा 13 सेट में, नगर पंचायत मड़ियाहूँ में 4 अभ्यर्थियों द्वारा 4 सेट में, नगर पंचायत रामपुर में 12 अभ्यर्थियों द्वारा 14 सेट में, नगर पंचायत बदलापुर में 10 अभ्यर्थियों द्वारा 10 सेट में, नगर पंचायत केराकत में 3 अभ्यर्थियों द्वारा 3 सेट में नामांकन पत्र क्रय किया गया। अध्यक्ष पद के लिए कुल 44 अभ्यर्थियों द्वारा 66 सेट में एवं सदस्य पद के लिए 128 अभ्यर्थियों द्वारा 162 सेट में नामांकन पत्र क्रय किया गया।

नगर पालिका परिषद जौनपुर में अध्यक्ष पद के लिए 1, नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में 5, नगर पंचायत कचगांव में 5, नगर पंचायत जफराबाद में 1, नगर पंचायत रामपुर में 1 एवं नगर पंचायत बदलापुर में 4 कुल 17 नामांकन किया गया। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद जौनपुर में सदस्य के लिए 16, नगर पालिका परिषद शाहगंज के लिए 12, नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर में 5, नगर पंचायत कचगांव में 24, नगर पंचायत जफराबाद में 5, नगर पंचायत खेतासराय में 6, नगर पंचायत मछलीशहर में 8, नगर पंचायत मड़ियाहूँ में 9, नगर पंचायत रामपुर में 21 एवं नगर पंचायत बदलापुर में 26, नगर पंचायत केराकत में 2 कुल 134 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र जमा किया गया।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग जिलाधिकारी ने की बैठक



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेते डीएम

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने बताया कि चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता जनपद में लागू हो गई है। जनपद में कुल 12 नगरीय निकायों में निर्वाचन कराया जाना है, सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस से अवगत कराते हुए सभी से आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किये जाने के क्रम में चुनाव प्रचार, सभाएं एवं जुलूस व प्रत्याशियों द्वारा व्यय की जाने वाली धनराशि, सहित सभी आवश्यक पहलुओं पर चर्चा करते हुए जानकारी दी गई तथा निर्वाचन दौरान जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपेक्षा की गयी। इस अवसर पर विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण, उपजिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी रामअक्षवर चौहान उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### विशेष लोक अदालत में तीन मामलों का निस्तारण

**जौनपुर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी/सचिव, पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रशान्त कुमार ने अवगत कराया है कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद व उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर वाणी रंजन अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं कुशल निर्देशन में जनपद न्यायालय परिसर में शनिवार को आर्बिट्रेशन विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। विशेष लोक अदालत में जनपद न्यायालय के सत्र न्यायाधीशगण द्वारा कुल 76 आर्बिट्रेशन निष्पादन वाद नियत किए गए। न्यायालय जनपद एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा कुल 3 मामलों का निस्तारण किया गया।

### पहले प्रयास में नेट में मिली सफलता



**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कुकड़ीपुर निहाल में रहने वाली निहारिका यदुवंशी को पहले ही प्रयास में ऐसी नेट में सफलता मिली है। बता दें कि कृषि विभाग में तैनात प्रधान सहायक कृष्ण कुमार यादव की बेटी निहारिका यदुवंशी चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर से पर्यावरण विज्ञान से पीएचडी की पढ़ाई कर रही हैं। इसी दौरान उन्होंने नेट की परीक्षा दी। नेट की परीक्षा में पहले ही प्रयास में ही सफलता हासिल की। निहारिका के सफल होने पर परिजनों में खुशी का माहौल है। निहारिका का कहना है कि आगे भी मेरा और लक्ष्य है, अभी पढ़ाई जारी रहेगी और लोग शॉर्टकट छोड़े मेहनत से तैयारी करें जिससे सफलता मिलेगी। निहारिका का परिवार थाना खुटहन क्षेत्र के स्वपुर गांव रहने वाला है लेकिन इसकी शिक्षा दीक्षा निहाल से ही हुई थी।

### साइकिल व ट्रैक्टर की आमने-सामने टक्कर में एक घायल

**मड़ियाहूं।** राष्ट्रीय राजमार्ग 31 के स्थानीय चट्टी पर शनिवार की शाम 7 बजे मोटर साईकिल व ट्रैक्टर की आमने सामने टक्कर में मोटर साईकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे मौके पर पहुंची तत्काल बैरिया पुलिस से एंबुलेंस द्वारा घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनवरसा पहुंचाया। जानकारी के अनुसार सुघरछपरा निवासी विजय कुमार पांडेय (25) वर्ष बैरिया से सुघरछपरा जा रहे थे कि मिट्टी खनन में लगा तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे थाना इंस्पेक्टर लाल मोहन शास्त्री ने एंबुलेंस द्वारा घायल विजय को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनवरसा पहुंचाया तथा साथ ही मोटर साइकिल और ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने चले गए।

### बुजुर्ग दंपति का एक साथ हुआ निधन

**सुजानगंज।** थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर ग्राम सभा में आश्चर्य कर देने वाली एक घटना सामने आई है। ग्रामसभा निवासी रामसमुझ चौबे (90) जिनकी तबीयत पिछले दो-तीन दिन से थोड़ी बहुत खराब थी घरवालों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा प्राइवेट अस्पतालों में भी इलाज कराया जा रहा था परंतु शनिवार को सुबह 10 रामसमुझ चौबे का देहावसान हो गया। घरवालों के रोने की आवाज सुनकर जब उनकी पत्नी रामदुलारी (87) ने लोगों से पूछ कि कहा से रोने की आवाज आ रही है, तब लोगों ने उन्हें जानकारी दी कि उनके पति का स्वर्गवास हो गया जिसके बाद वह भी इस हृदय विदारक घटना को सुनकर रुदन करने लगी और देखते ही देखते लगभग 15-20 मिनट बाद उनकी भी तबीयत खराब होने लगी और आंखें बंद कर ली। घरवालों ने सोचा कि वे बेहोश हो गई इसलिए उन्होंने स्थानीय डॉक्टरों को बुलाया परंतु डॉक्टरों के पहुंचने से पहले उनकी पत्नी भी अपने पति के वियोग में स्वर्ग लोक को सिधार चुकी थी। यह आश्चर्य कर देने वाली घटना जब क्षेत्र में पहुंची तब लोगों में सनसनी मच चुकी थी। गांव में कोई उनके अच्छे कर्मों का बखान कर रहा था, तो कोई उनके संबंधों को सच्चा संबंध बताकर सब भगवान के हाथों में हैं इस प्रकार की बातें कर रहे थे। साथ ही परिवार पे गमों का पहाड़ टूट चुका है।

### प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी का अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत

**गोपीगंज।** जनपद के प्रभारी मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री दानिश आजाद अंसारी का शनिवार को बाबूसराय में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सिराज अख्तर के नेतृत्व में दर्जनों वाहनों के साथ पहुंचकर फूलमालाओं से लादकर योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद दानिश आजाद अंसारी जिंदाबाद के गगनभेदी नारो के साथ उनका स्वागत किया। तत्पश्चात उनके काफिले में शामिल होते हुए ज्ञानपुर की तरफ निकल लिए जहा रास्ते में गोपीगंज चौराहे पर गगन गुप्ता अपनी पत्नी सरिता गुप्ता सहित दर्जनों महिलाओं के साथ गाड़ी में बैठे बैठे ही स्वागत को स्वीकार कर दो मिनट में वार्ता कर ज्ञानपुर से भदोही के लिए निकल पड़े। टिकट के सवाल पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि पार्टी का कर्मठ कार्यकर्ता हूं जिसको भी टिकट मिलेगा मैं पार्टी के प्रति समर्पित हूं और उसका सहयोग करूंगा।

### हादसे को दावत दे रहा विद्यालय कैम्पस में लटकता बिजली का तार

**सुरियावां।** विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय मर्दनशाहपुर की गेट बाउंड्री के बीचबीच व कक्ष के ऊपर से खतरनाक बिजली का तार जाने से विद्यार्थियों में हमेशा भय बना रहता है। बच्चे पढ़ते हैं बाउंड्री से लेकर कक्ष तक छात्र छात्रा पानी पीने व भोजन करने जरूरी कार्य हेतु बाउंड्री में आते जाते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने बिजली के इस तार को विद्यालय के बाहर बगल से कराये जाने की माँग की हैं। प्रधानाध्यापिका मीरा सिंह ने जानकारी में बताया कि बार-बार समस्याओं से अवगत कराया जा चुका है किंतु अभी तार विद्यालय के बीचो बीच से नही हटाया गया।

### नोड्यूज बनवाने के लिए उमड़ रही भीड़



नगर पालिका परिषद गोपीगंज में अदेय प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए खड़े लोग

**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद गोपीगंज के नगर निकाय चुनाव में भागेदारी लेने वाले सभासदों की नोड्यूज बनवाने के लिए भारी भीड़ लग रही।प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि चुनाव में अभी काफी समय बाकी है, परंतु अपने नामांकन के समय कागजात में कोई दुश्वारी न आए इसके लिए आय, जाति, निवास के साथ पालिका से अदेय प्रमाण पत्र की अनिवार्यता की वजह से छोटे बड़े बकायेदार पूरा बकाया जमा कर प्रमाण पत्र ले रहे है, जिससे पालिका के राजस्व की बढोत्तरी हो रही है। सूत्रों की माने तो पालिका कर्मी दरवाजे दरवाजे घूमने के बावजूद वसूली नही हो पाती रही, वही जरूरतमंद अब पालिका दफ्तर जाकर लाईन में लगकर बकाया धनराशि का भुगतान कर रहे है।

# अवकाश प्राप्त शिक्षकों का हुआ सम्मान



**जनसंदेश न्यूज**

**बख्शा।** विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय छंगापुर न्याय पंचायत लेदुका में शनिवार को अवकाश प्राप्त शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन वरिष्ठ शिक्षक संकुल सतीश चन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सरोज सिंह अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ बक्शा और विशिष्ट अतिथि शैलेंद्र सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

कंपोजिट विद्यालय छंगापुर की बच्चियों द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। अवकाश प्राप्त शिक्षक हरमेंद्र प्रताप सिंह, छोटे लाल दूबे, हौसिला प्रसाद पाण्डेय, रामकृपाल, श्यामलाल मौर्य एवं स्वर्गीय लालबहादुर विश्वकर्मा की जगह उनके पुत्र राकेश विश्वकर्मा को माल्यार्पण, अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह न्याय पंचायत लेदुका के शिक्षकों द्वारा देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एआरपी विष्णु शंकर सिंह, लाल साहब यादव, राजेश प्रजापति वरिष्ठ शिक्षक संकुल राजनाथ सिंह, मुनीश मिश्रा, मनोज उपाध्याय, विजय यादव, रामनयन यादव एवं शिक्षक अतुल पाण्डेय, सुशील उपाध्याय, विजय श्रीवास्तव, धर्मवीर सिंह, संजीव यादव, विजय यादव, अश्वनी, हरेंद्र,सौरभ, अनुराग, उमाशंकर द्विवेदी, शमसुल हक, उर्वशी देवी, बिंदु देवी, संगीता, शिप्रा ग्राम प्रधान राजेश सिंह, चन्द्र प्रकाश सिंह, वीरेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# अवैध शराब निर्माण, बिक्री पर भदोही पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**सफलता**

### सरगना सहित दो अंतर्राज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार

**जनसंदेश न्यूज**



अवैध शराब के साथ पकड़े गए तस्करों को मीडिया के सामने पेश करती पुलिस

**भदोही।** नगर निकाय चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष व पारदर्शी संपन्न कराए जाने को लेकर मुस्तैद पुलिस को बीती रात्रि में राजपुरा चौराहा पर चेकिंग के दौरान अंग्रेजी शराब में अपमिश्रण कर अन्य राज्यों में बिक्री, तस्करी करने वाले गिरोह के सरगना सहित दो शातिर अंतर्राज्यीय शराब तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है।

पुलिस का दावा है कि गिरफ्तारशुदा शराब तस्करों के कब्जे से चार पहिया वाहन में 05 जरीकेन में 50 लीटर अपमिश्रित शराब, 1017 पाउच अंग्रेजी शराब, मिश्रण केमिकल यूरिया, गंधक व सुहागा बरामद किया गया है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर शराब तस्करों के विरुद्ध थाना भदोही पर मु.अ.स.-80/2023 धारा-272 भा.द.वि. व 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रचलित की गई। गिरफ्तारशुदा अंतर्राज्यीय शराब तस्करों के विरुद्ध हरियाणा, बिहार व राजस्थान में चोरी, आबकारी व आयुध अधिनियम के अन्तर्गत आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। गिरोह के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच सहित आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार पूछताछ करने पर गिरफ्तारशुदा शराब तस्करों ने बताया कि हम लोगों का अपने आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ व ज्यादा पैसा कमाने के लिए अंग्रेजी शराब में अपमिश्रण कर बिहार राज्य में महंगे दामों पर बेचने का सक्रिय गिरोह है, लीडर प्रकाश यादव है। शराब बिक्री के पश्चात जो पैसा कमाते है उसे आपस में बांट लेते है। गिरफ्तारी/ बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक भदोही अजय सेठ आदि रहे।

## संक्षेप

### गर्भवती महिला निःशुल्क करा सकेंगी अल्ट्रासाउण्ड

**भदोही।** गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क जांच व स्वास्थ्य को लेकर अब पीएमएसएमए योजना के तहत अब 14 निजी अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर योजना से जुड़ेंगे। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सन्तोष कुमार चक ने शनिवार को पत्र जारी करके दी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों व प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र को जल्द जोड़ने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। अन्यथा कार्यवाही होगी। यह सुविधा अभी तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपीगंज, औराई व डीघ में अल्ट्रासाउण्ड केंद्रों पर ही लागू थी लेकिन अब जिले में कहीं भी कोई अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर है तो उसको अभियान के तहत जोड़ा जाएगा। इन सेंटरों पर गर्भवती महिलाओं का होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दौरान अल्ट्रासाउंड किया जायेगा। इससे उनके गर्भ में पल रहे बच्चे के विषय में आसानी से जानकारी लिया जा सकेगा। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर ओमप्रकाश शुक्ल ने बताया कि यह शासन स्तर से एक अनोखी पहल और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को देखते हुए निर्णय लिया गया है। अभी गर्भवती को डॉक्टर के लिखने पर अल्ट्रासाउण्ड कराने के लिए काफी धन खर्च करना पड़ता था लेकिन अब विभाग और शासन स्तर से पूरे प्रदेश में निःशुल्क कर दिया गया है।

**दस्तावेज आएंगे काम** : प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जिला कार्यक्रम सहायक प्रतिमा यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ लेने के लिए प्रथम बार गर्भधारण करने वाली पात्र महिला लाभार्थी राज्य स्तर से जारी हेल्पलाइन नंबर 7998799804 व क्षेत्रीय आशा एवं एएनएम से संपर्क करने और योजना का लाभ उठाएं। आवेदन के लिए जरुरी दस्तावेज आधार कार्ड की फोटोकॉपी बैक या पोस्ट ऑफिस खाता की पासबुक आधार नंबर होने पर पहचान संबंधी पत्र जरूरी है।

### पुलिस मुआयना को लेकर गई युवती निकली कोविड पॉजिटिव

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी किशोरी के पिता ने तहरीर देकर अपनी बड़ी बेटी के अपहरण की तहरीर दी, अपने ही ग्राम के तीन लोगों दो पुरुष एक महिला के ऊपर किशोरी को भगाने का आरोप लगाया। जिस पर पुलिस ने धारा 363 का मुकदमा कायम कर तफ्तीश में लग गई। साथ ही लड़की और लड़के का पता लगाने लगी। सर्विसलांस और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से युवक और किशोरी को पुलिस ने तलाश निकाला। बताते चले कि महिला पुलिस किशोरी का मुआयना कराने को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज लेकर आई तो वहां किशोरी कोविड पॉजिटिव निकाली, उसका मुआयना ठीक होने तक रोक दिया गया। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. आशुतोष पांडेय ने बताया कि लड़की कॉविड पॉजिटिव निकली, अपने अस्पताल में कोविड की व्यवस्था ना होने के कारण उसे औराई के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। निगेटिव आने पर आगे की कार्यवाही होगी।

### भदोही खुद्दामे हज समिति कैम्प कार्यालय पर ट्रेनरों ने ली वर्चुअल जानकारी

**भदोही।** हज कमेटी ऑफ इंडिया मुम्बई के सीईओ याकूब शेख द्वारा शनिवार को वर्चुअल ट्रेनिंग ट्रेनरों को दिया। वर्चुअल ट्रेनिंग में मुबारक सफरे हज व हज से सम्बंधित आवश्यक जानकारी हज ट्रेनरों को दिया गया। भदोही खुदामें हज समिति कैंप कार्यालय पर ट्रेनरों ने ध्यान पूर्वक जानकारी ली। मुफ्ती मो. मंजूर जियाई ने ट्रेनिंग के दौरान ट्रेनर्स को संबोधित करते हुए कहा की पूरी दुनिया से हज के लिए मक्का मदीना लोग जाते हैं और हर जगह उनको हर काम में जल्दी लगी रहती है। हज सब्र का नाम है उनको सब से पहले आप लोग यह सबक दें कि हाजी सब्र और शुक्र करें। वहीं कौंसुल जद्दा से शाहिद आलम ने कहा कि सभी ट्रेनर्स हाजियों को सब्र शुक्र के साथ हज करने की ट्रेनिंग दें। मो हाशिम काउनसुल जद्दा ने कहा की हज बहुत अहम फरीजा है। हाजी साहिबान कोई ऐसा काम न करें जिससे हज में कोई परेशानी आए और आप का हज में कमी रह जाए। सचिव सहायक हज ट्रेनर मौ. सोहैब आलम नदवी, समिति के मास्टर हज ट्रेनर हाजी हबीबुल्लाह शेख खादिमुल हुज्जाज मास्टर वाली उल्लाह ने ट्रेनिंग लिया। समिती के सरपरस्त हाजी शाहिद हुसैन अंसारी, हाजी मुमताज आलम अंसारी, अब्दूल कादिर बाबू अंसारी, हाजी इमाम बेग, हाजी जाहिद अली अंसारी ने हज ट्रेनर्स को मुबारकबाद देते हुए कहा हज यात्रियों की सेवा में कमी नहीं आनी चाहिए।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# एडीएम, एसडीएम, सीओ ने मतदान केंद्रों व बूथों का किया निरीक्षण

**आवश्यक निर्देश**

### नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 की नामांकन की प्रक्रिया के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों का उप जिलाधिकारियों ने लिया जायजा

**जनसंदेश न्यूज**



प्राथमिक विद्यालय अयोध्यापुरी में बने बूथ का निरीक्षण करते एसडीएम कृपा शंकर पांडेय व सीओ

**भदोही।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी गौरागं राठी के निर्देशन में आज अपर जिला मजिस्ट्रेट/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेंद्र कुमार मौर्य की देखरेख में समस्त उप जिलाधिकारियों ने अपने अपने तहसीलों में बनाए गए नामांकन स्थलों सहित मतदान केंद्रों/बूथों पर आवश्यक व्यवस्थाओं सहित समग्र तैयारियों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

तहसील भदोही उप जिलाधिकारी डा.कृपा शंकर पांडेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी अजय सिंह चौहान, अधिशासी अधिकारी जी लाल, तहसील ज्ञानपुर उप जिलाधिकारी आकाश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रभात राय, ईओ राजेंद्र दुबे, अमिता सिंह, तहसील औराई उप जिलाधिकारी योगेंद्र कुमार साहू, डॉ. उमेश्वर प्रभात ने निर्वाचन की संपूर्ण तैयारियों के दृष्टिगत अपने अपने तहसील क्षेत्रों के नामांकन स्थल, मतदान केंद्र, बूथों, स्ट्रांग रूम, मतगणना आदि का गहन निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लगातार फील्ड में रहते हुए पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में निर्देश दिए गए की कंट्रोल रूम, पार्किंग व्यवस्था व रवानगी काउंटर आदि की व्यवस्था ससमय पूरी कर ली जाए। फील्ड के एक साइड में पोलिंग पार्टी रवानगी काउंटर और दूसरे साइड पोलिंग पार्टियों को ले जाने वाले वाहनों को पार्क करने की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए।

# टोल प्लाजा पर लगने वाले जाम से वाहन चालकों में रोष

**जनसंदेश न्यूज**



लालानगर टोल प्लाजा पर जाम खुलवाने के लिए मशक्कत करते ट्रैफिक इंस्पैक्टर शशिकांत यादव

**गोपीगंज।** लालानगर टोल प्लाजा पर शनिवार को भीषण जाम की समस्या रही। सुबह से आने जाने वाहनों का जाम लगा रहा। बताते है की सात लेन बनाए गए है परंतु किन्ही कारणों से दो लेनों को बंद कर दिया गया। जिसके कारण खुली हुई सभी लेनों में जाम लगा रहता हैं। वाहनों की एक किलोमीटर दूरी तक लाइनें लगी थीं। हर कोई जल्दी निकलने के प्रयास में रहता हैं। इस बीच टोल कर्मियों की चालकों से नोकझोंक भी होती रहती हैं।

लोगो ने बताया की दक्षिण भारतीय ठेकेदार द्वारा ठेका लिए जाने की वजह से अपने यहां के सभी सुरक्षाकर्मी रख दिया है। कुछ तो भाषा की भी समस्या बन रही है। जिसकी वजह से तैनात सिक्योरिटी गार्ड लोगों से अक्सर अभद्रता करते नजर आजाते हैं। टोल प्लाजा में जाम लगने से वाहन सवारों को परेशान होना पड़ रहा है।

फास्टैग लेनों के सेंसर ठीक से काम नहीं करते हैं। इससे वाहनों को कई बार आगे-पीछे करना पड़ता है। लगभग हर वाहन को प्रत्येक लेन में ऐसा करना पड़ रहा है। इससे फास्टैग लेनों में जाम लग रहा है। वहीं कैश वाली लेनों में पहले से ही जाम की समस्या रहती है। जब जाम की जानकारी ट्रैफिक इंस्पेक्टर शशिकांत यादव को हुई तो वह अपने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचकर दो घंटे की मशक्कत के बाद जाम को खत्म कराकर आवागमन को सुचारू कराया। सुरक्षा कर्मियों की अभद्रता के मसला यहां नया नहीं है। अक्सर वाहन सवारों से टोल व सुरक्षा कर्मी मारपीट करने लगते हैं।

### निरीक्षण में गैरहाजिर मिले स्वास्थ्य कर्मियों का सीएमओ ने रोका वेतन

**ज्ञानपुर।** जनपद की स्वास्थ्य व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए सीएमओ संतोष कुमार चक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानीपुर, उपकेंद्र गौरा व उप केंद्र सदौपुर का औचक निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्साधिकारी के निरीक्षण में पन्द्रह स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित पाए गये। सीएमओ ने सभी गैरहाजिर कर्मियों का अप्रैल माह अप्रैल का वेतन रोकने की कार्यवाही की।

सीएमओ भानीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आठ बजकर पचीस मिनट पर पहुंच गये। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने उपस्थित पंजिका का अवलोकन किया जिसमें 13 स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित पाए। स्वास्थ्य केंद्र में साफ सफाई की व्यवस्था सही नहीं पाई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नोडल अधिकारी से सभी अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण लेने का निर्देश दिया। उपकेंद्र गौरा के निरीक्षण में बाउंड्री वाल ना पाए जाने पर सीएमओ ने कार्यदाई संस्था को नोटिस दिया कि कार्य पूर्ण करने पर ही भुगतान करने का निर्देश दिया। सदौपुर उप केंद्र में एएनएम व सीएचओ अनुपस्थित पाई गई जिस पर सीएमओ ने अनुपस्थित कर्मियों का वेतन रोकने की कार्यवाही की।

# मंडलायुक्त ने डीएम व एसपी से ली निकाय चुनाव संबन्धी जानकारी

**गहन समीक्षा**

### नेशनल इंटर कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

### तहसील परिसरों में स्थापित नामांकन कक्ष एवं सुरक्षा व्यवस्था की भी ली जानकारी

**जनसंदेश न्यूज**



श्री इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का स्थलीय निरीक्षण करते अधिकारीगण

**भदोही।** नगरीय निकाय निर्वाचन-2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढ़ग से सकुशल सम्पन्न कराने के क्रम में विंध्याचल मंडलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी ने शनिवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के साथ जिलाधिकारी कैंप कार्यालय पर नगरीय निकाय निर्वाचन की संपूर्ण तैयारियों पर जानकारी लेते हुए गहन समीक्षा किया।

मंडलायुक्त ने द्वयअधिकारियों सहित निर्वाचन में लगे अन्य अधिकारियों के साथ श्री इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का स्थलीय निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने मतगणना कक्ष, स्ट्रांग रूम एवं वहां पर कार्मिको एवं मतगणना एजेंट को आने जाने की व्यवस्थाओं से सम्बन्धित रूट चार्ट तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिये बैरीकेटिंग, कंट्रोलरूम आदि का भ्रमण कर निरीक्षण करते हुये अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मंडलायुक्त ने अपने आवागमन के क्रम में अन्य स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, नामांकन स्थल, मतदान केंद्रों, बूथों का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मंडलायुक्त को अवगत कराया कि नगर पालिका परिषद भदोही, नगर पंचायत सुरियावा व नगर पंचायत नई बाजार इन तीनों निकायों का स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल श्री इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज को मनाया गया है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# वैश्विक स्तर पर लहराएगा विकास का काशी मॉडल

## काशी के सौंदर्य में चार चांद लगा रहा पीएम मोदी का संकल्प





जितेंद्र श्रीवास्तव

**जी-20 सम्मेलन**

**नये कलेवर में और निखर गयी है यहां की पौराणिकता-आध्यात्मिकता**

**विदेशी मेहमानों की उपस्थिति में कल से शुरू होगा मंथन का दौर**

**वाराणसी।** बहुप्रतीक्षित जी-20 सम्मेलन का आगाज सोमवार से होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की काशी दुल्हन की तरह सज चुकी है। विदेशी मेहमानों के आवाभगत की मुकम्मल तैयारियों को अंतिम रूप दिया चुका है। जी-20 सम्मेलन में भाग लेने के लिए जी-20 में शामिल देशों के मेहमानों का आगमन शनिवार से शुरू हो चुका है। जी-20 सम्मेलन काशी में हुए अद्भुत, अकल्पनीय विकास का गवाह बनने जा रहा है। यहां हुए विकास के काशी मॉडल का परचम वैश्विक स्तर पर लहराएगा। यह सब काशी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अटूट संकल्पों के चलते हुआ है। पीएम मोदी के अटूट संकल्प की ही देन है कि काशी का आध्यामिक सौंदर्य निखर कर दुनिया को लुभाने लगा है।

पीएम नरेंद्र मोदी भी कई बार इस बात का जिक्र कर चुके हैं कि काशी के विकास से ही पूरे देश का रोडमैप तैयार होता है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ने अद्भुत, अलौकिक और भव्य विश्वनाथ धाम का रूप धारण कर विकास का नया मॉडल पेश किया। अब वैश्विक स्तर पर काशी मॉडल को पेश करने को अमलीजामा पहनाया जा चुका है। यहां आयोजित हो रहे जी-20 सम्मेलन के चरणबद्ध आयोजन के दौरान सभी 20 देशों के विकास मंत्री भी शामिल होंगे। उनकी मौजूदगी में पूरे विश्व को विकास के नये काशी मॉडल से रूबरू कराया जाएगा। नये कलेवर में काशी की पौराणिकता तथा आध्यात्मिकता और निखर गयी है। विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए काशी का कायाकल्प किया जा चुका है। चमचमाती सड़कें, सड़कों के दोनों छोर पर पेड़-पौधों की क्यारियां, तरह-तरह के लुभावने आर्टिफिशियल पशु-पक्षी, रंग-बिरंगी झालरों की रोशनी, जगह-जगह लगे जी-20 से संबंधित होर्डिंग्स विकास की कहानी खुद-ब-खुद बयां करने को काफी है।

संकरी घुमावदार गलियों के लिए के लिए मशहूर काशी की कई खूबियां है। इन खूबियों में चार चांद लग गये हैं-श्री काशी विश्वनाथ धाम का अलौकिक कायाकल्प, नमो घाट, शीतला घाट, मणिकर्णिका घाट, रुद्राक्ष, टीएफसी, सुगम यातायात के लिए सड़कों का कायाकल्प, पथ प्रकाश का आधुनिकीकरण, विद्युत तारों के संजाल से मुक्ति, प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट क्लासेज में बदलाव, किसानों के लिए पैक्ड हाउस, हवाई यात्राओं का विस्तार, रिंग रोड का जाल, जल निकासी की मुकम्मल व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, आधुनिक उपकरणों से लैस स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, उच्च शिक्षा के लिए भवनों का विस्तार व आधुनिकता का समावेश, पार्किंग की बेहतरीन व्यवस्था वगैरह-वगैरह। यह सब पीएम मोदी के संकल्पों का नतीजा है। बदलती काशी के जादू को यहां आकर ही महसूस किया जा सकता है। इसी जादू को देखने विदेशी मेहमान यहां पहुंचने लगे हैं। विदेशी मेहमानों की उपस्थिति में 17 से अप्रैल मंथन का दौर शुरू होगा। पहले चरण के इस बैठक में फूड सिक्योरिटी के इनोवेशन पर मंथन होगा। मंथन से निकले अमृत को वैश्विक स्तर पर लागू किया जाएगा।

### बदलती काशी के नजारे संजोकर ले जाएंगे मेहमान

जी-20 सम्मेलन के दौरान काशी को अपनी ब्रांडिंग का एक बेहतर अवसर मिला है। पीएम मोदी की नई काशी को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। यहां होने वाली बैठकों में दुनिया के आर्थिक महाशक्ति वाले 20 देशों के राजनयिक, ब्यूरोकेट्स और अन्य महत्वपूर्ण डेलीगेट्स काशी आएंगे, जो बदलती काशी की विरासत के नजारे को दिलों में संजो कर अपने साथ ले जायेंगे। इसका लाभ आने वाले समय में काशी के पर्यटन उद्योग को मिलना तय माना जा रहा है।

# स्वागत से अभिभूत विदेशी मेहमान

**वेलकम**

**एयरपोर्ट से होटल और बैठक वाले स्थानों तक विदेशी मेहमानों को दिखेगी सनातनी संस्कृति**

अरविन्द मिश्र



जी 20

**बाबतपुर।** जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाले विदेशी मेहमानों के स्वागत और मेहमान नवाजी के लिए लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से लेकर शहर तक काशी को दुल्हन की तरह सजा दिया गया है। 17 से शुरू होने वाले बैठक में शामिल होने के लिए शनिवार को कुछ मेहमान काशी पहुंच गये जिनका एयरपोर्ट पर सनातनी संस्कृति के बीच भव्य स्वागत किया गया। अतिथि देवो भवः के तर्ज विदेशी मेहमानों का स्वागत उन्हें न सिर्फ सनातनी संस्कृति का एहसास कराया बल्कि दुनिया के प्राचीन व जीवंत शहर होने का संदेश भी दिया। यह पहला मौका है जब हेलो हाय से इतर काशी की धरा पर अतिथियों का स्वागत सनातनी संस्कृति के साथ किया जा रहा है, इतना ही नहीं एयरपोर्ट से होटल व बैठकों वाले स्थानों तक सनातनी संस्कृति की झलक दिखायी दे रही है। अद्भुत और भव्य स्वागत के लिए एयरपोर्ट के एप्रन टर्मिनल भवन आगमन हाल सहित पूरे परिसर को विशेष तरीके से रंग बिरंगे लाइट व झालरों के साथ तिरंगे रंग में सजाया गया है, वही शिवत्व को समर्पित मोरल पेंटिंग भित्त चित्रों के माध्यम से बनाये गए अद्भुत कला कृतियाँ विदेशी मेहमानों को एयरपोर्ट पर ही काशी में होने का एहसास कराएगी जिसके लिए विशेष तैयारी है आगमन क्षेत्र में जगह जगह जी 20 का रंगोली व वसुधैव कुटुंबकम का स्लोगन भी लगाया गया है।

### पहले दिन पहुंचे ये मेहमान

पहले दिन हवाई अड्डे पर फ्रांस की मेरिन बार्डिंग, कनाडा के जिल्ले साइंडो, इटली के मार्सिलो डेनाटे ली,यूके से एनोलॉरा इरवायनी और एलिसा बेथ, सहित अन्य देशों के करीब आधा दर्जन से ऊपर कृषि वैज्ञानिक और कृषि विशेषज्ञ के साथ मेजबान भारत की तरफ से संजय अग्रवाल भी प्रतिनिधि मंडल के साथ पहुंचे। निदेशक अर्यमा सान्याल ने बताया कि वाराणसी में जी 20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने पहुंचने वाले डेलीगेट्स अतिथियों का स्वागत काशी के परम्परानुसार ही किया जा रहा है। काशी शिव की नगरी है और अतिथियों का स्वागत भी शिवत्व को समर्पित करते हुए रुद्राक्ष की माला के साथ तिलक लगाकर ही किया जाएगा।

### मंत्रोचार के साथ लगाया तिलक, पहनाया रुद्राक्ष

विदेश से आने वाले मेहमानों का स्वागत मंत्रोच्चार के साथ तिलक लगाकर माल्यार्पण व अंग वस्त्र भेंट कर किया गया इसके साथ ही अभी को रुद्राक्ष की माला भी भेंट किया गया। जो धार्मिकता के साथ शिवत्व की नगरी की महत्ता को प्रदर्शित किया।

### सांस्कृतिक झलक देख अभिभूत हुए मेहमान

एयरपोर्ट पर विदेशी मेहमानों के स्वागत के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी व्यवस्था थी। अतिथियों के स्वागत के लिए टर्मिनल भवन के बाहर आगमन द्वार पर पूर्वांचल के लोक कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रकार के लोकनृत्य व गायन प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध करने के साथ ही शहनाई की मधुर तान से अभिभूत होंगे।

# राम की शक्ति पूजा में शक्ति की आराधना

## कलाकारों ने नृत्य नाटिका से किया जीवंत, खूब बजीं तालियां

**गीत संगीत**

**पद्मश्री एन. राजम व संगीता शंकर ने वायलिन के तारों को किया झंकृत**

**पद्मश्री मालिनी अवस्थी के गायन पर श्रोता रीझे**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** संकटमोचन संगीत समारोह की छठीं निशा शनिवार को शायद यादगार बन गई। वजह समारोह में एक ओर जहां भव्यतम नृत्य नाटिका की प्रस्तुति वहीं मंच पर एक के बाद एक दिग्गज कलाकारों की प्रस्तुति जो श्रोताओं के लिए शायद अविस्मरणीय बन गई। चैत्र मास की गर्मी के बावजूद संगीत जनों का उत्साह देखते ही बनता था। यह संभव है सिर्फ संकटमोचन संगीत समारोह में जहां पर असंभव को भी संभव बना दिया जाता है। यह संभव है सिर्फ संकटमोचन हनुमान के दरबार में जहां स्वयं हनुमानजी विराजमान हैं। छठीं निशा की पहली प्रस्तुति रूपवाणी संस्खा वाराणसी की ओर से प्रस्तुत राम की शक्ति पूजा नृत्य नाटिका रही। इसका निर्देशन संस्कृतिकर्मी व्योमेश शुक्ल ने किया था। कथा के प्रसंग में राम-रावण युद्ध चल रहा है। युद्धरत राम निराश हैं और हार का अनुभव कर रहे हैं। उनकी सेना भी खिन्न है। प्रिया सीता की याद अवसाद को और घना बना रही है। वह बीते दिनों के पराक्रम और साहस के स्मरण से जाते हैं। बुजुर्ग उमंगित होना चाहते हैं लेकिन मनोबल ध्वस्त है। शक्ति भी रावण के साथ है। देवी स्वयं रावण की ओर से लड़ रही हैं राम ने उन्हें देख लिया है। वह मित्रों से कहते हैं कि विजय असंभव है और शोक में जामवंत उन्हें प्रेरित करते हैं, वह राम की आराधन-शक्ति का आह्वान करते हैं उन्हें सलाह देते हैं कि तुम सिद्ध होकर युद्ध में उतरो। राम ऐसा ही करते हैं। उधर लक्ष्मण, हनुमान आदि के नेतृत्व में घनघोर संग्राम जारी है, इधर राम की साधना चल रही है। उन्होंने देवी को एक सौ आठ नीलकमल अर्पित करने का संकल्प लिया था, लेकिन देवी चुपके से आकर आखिरी पुष्प चुरा ले जाती हैं। राम विचलित और स्तब्ध हैं। तभी उन्हें याद आता है कि उनकी आंखों को मां नीलकमल कहा करती थीं। वह अपना नेत्र अर्पित कर डालने के लिए हाथों में तीर उठा लेते हैं। तभी देवी प्रकट होती हैं। वह राम को रोकती हैं, उन्हें आशीष देती हैं, उनकी अभ्यर्थना करती हैं और राम में अंतर्ध्यान हो जाती हैं। कलाकारों में स्वाति (राम), नंदिनी (सीता और देवी दुर्गा) साखी (लक्ष्मण) हनुमान, कापस (विभीषण और जामवंत) शाश्वत (सुग्रीव और अंगद) की भूमिका में रहे।

संगीत-रचना जे. पी. शर्मा और आशीष मिश्र का रहा। नृत्य नाटिका के पश्चात मुंबई से आयी पद्मश्री डा. एन. राजम व संगीता शंकर का वायलिन वादन हुआ। उन्होंने वायलिन पर कई रागों की प्रस्तुति कर श्रोताओं को रससिक्त किया। उनके साथ तबले पर अभिषेक मिश्र ने जोरदार संगत की। तत्पश्चात प्रख्यात लोक गायिका पद्मश्री श्रीमती मालिनी अवस्थी का गायन हुआ। उन्होंने लोकगीतों के माध्यम से वहां मौजूद श्रोताओं को खूब भावविभोर किया। उन्होंने श्रोताओं की फरमाइस भी पूरी की। उनके साथ संजू सहाय (तबला) विनायक सहाय (सारंगी) पर संगत की। कलाकारों का स्वागत महंत प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र ने किया।

# मेरे मन में राम, तन में राम...





जनसंदेश न्यूज

**पांचवीं निशा**

**अनूप जलोटा ने भजनों से सभी को किया रससिक्त**

**नीलान्द्री कुमार का सितार वादन रहा सदाबहार**

**वाराणसी।** संकटमोचन संगीत समारोह की पांचवीं निशा में अर्धरात्रि में भजन सम्राट अनूप जलोटा ने अपनी बहुचर्चित भजन ऐसी लागी लगन मीरा हो गयी मगन से अपनी पारी शुरू की। अच्युतम केशवरम रामनारायणम... कौन कहता है भगवान आते नहीं..., मेरे मन में राम तन में राम...दुनिया चले न श्रीराम के बिना...,बजते बजते आज अचानक मेरी बंसी टूट गई...श्याम तेरी बंसी को बजने से काम...,जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा...इतना तो करना स्वामी जब प्राण तक से निकले...आदि गीतों-भजनों की झड़ी लगा दी। बीच बीच में चुटकुले भी सुनाते रहे। धारवाड से पधारे वरिष्ठ गायक पं. वेंकटेश कुमार ने राग कौशी कान्हडा में गायन कर मंदिर प्रागंण में मादकता सा छा दिया। इन्होंने इस राग में एक ताल व तीन ताल में बंदिशें गाने के पश्चात भजन पायोजी मैन राम रतन धन पायो के बाद एक टप्पा से गायन को विराम दिया। समारोह में मंच पर दो दिग्गजों का महामिलन हुआ। सितार के महारथी कलाकार पं. नीलाद्री कुमार व तबले के जादूगर पं. कुमार बोस। नीलाद्री कुमार ने सितार पर राग जैजवन्ती में संक्षिप्त आलापचारी के पश्चात तीन ताल में विलम्बित मध्य व द्रुत गतकारी कर वादन को संक्षिप्त विराम दिया। अंत में इन्होंने श्रोताओं का पसंदीदा धुन से अपनी प्रस्तुति को विराम दिया। इनके साथ तबले पर पं. कुमार बोस लगातार युगलबंदी करते रहे। चंडीगढ़ के डा. प्रभाकर-दिवाकर कश्यप ने राग ललित की अवतारणा की। विलंबित एक ताल में पवन पुत्र हनुमान पूरण कीजै सब काम के प्रभावी गायन के बाद झप ताल में मध्य लय में कृपा करो कपीश सुर, नर, मुनि ईश ने सुरों की साधना का परिचय दिया। एक ताल में द्रुत लय की रचना से अपने वादन को विराम दिया। धारवाड़ घराने के बहुमुखी प्रतिभा के धनी शिष्य अंकुश एन. नायक ने नायाब सितार वादन किया। उन्होंने राग बसंत मुखारी पूरी तन्मयता के साथ बजाया। मैहर घराने के वरिष्ठ कलाकार जोधपुर से आए पं. बसंत काबरा ने सरोद वादन कर आनंद की लहर का संचार किया। उनका सरोद वादन मास्टर क्लास ही रहा।

### संगीत समारोह की अंतिम निशा में आज सोनू निगम

संकटमोचन संगीत समारोह की अंतिम निशा में 16 अप्रैल रविवार को पं. रतिकांत महापात्रा (भुवनेश्वर) का ओडिसी नृत्य होगा। इसके बाद डा. राजेश्वर आचार्य (वाराणसी) का गायन, पं. विश्वनाथ का गायन होगा। डा. एल सुब्रमण्यम का वायलिन वादन, सोनू निगम (मुंबई) का गायन, एस आकाश व यज्ञेश (मुंबई) का बांसुरी व वायलिन वादन होगा। तत्पश्चात कंकणा बनर्जी का गायन व पं. साजन मिश्र, स्वरांश मिश्र का गायन तथा संजू सहाय (लंदन) का तबला वादन होगा।

# फिल्म पिंकी ब्यूटी पार्लर में काशी के कलाकार

**मिल रहा मौका**

**इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सराहनीय प्रदर्शन**

**वाराणसी।** देश भर में बड़े पर्दे पर रिलीज हुई फिल्म पिन्की ब्यूटी पार्लर पूर्व में विश्व के 30 से ज्यादा इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सराहनीय प्रदर्शन कर चुकी है । इस फिल्म की आकर्षक बात यह है कि इसकी ज्दातर शूटिंग वाराणसी और गाजीपुर में हुई है और इसमें वाराणसी के देवेंद्र गुप्ता, बाल मुकुंद त्रिपाठी, श्रावन्ती मुखर्जी, अमलेश श्रीवास्तव, जयदेव, जुबेर, मीनू शर्मा आदि दर्जनों कलाकारों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। फिल्म के प्रमुख कलाकारों में अक्षय सिंह, सुलग्ना पाणिग्रही, खुशबू गुप्ता, विश्वनाथ चटर्जी और जोगी मलंग हैं। प्रमुखतया काली चमड़ी वाले लोगों का हमारा देश होने के बावजूद हमारे देश में सौन्दर्य की परिभाषा ही गोरा होना है। इस गुलाम मानसिकता के कारण सांवली/सांवले इंसान की काबिलियत तक को नजरंदाज कर दिया जाता है । काले और गोरे रंग के भेदभाव और उससे जुड़े तमाम हास, उपहास, उत्पीड़न और प्रताड़ना को बेहद चुटीले और मनोरंजक ढंग से फिल्म के लेखक, निर्देशक और अभिनेता अक्षय सिंह ने बहुत ही खूबसूरत ढंग से प्रस्तुत किया है, यही इस फिल्म की ताकत और उपलब्धी है । फिल्म दो बहनों पिन्की (सुलग्ना पाणिग्रही) और बुलबुल (खुशबू गुप्ता), गोरी-सांवली, के इर्द-गिर्द घूमती है जो आपको पूरे समय हंसाते गुदगुदाते हुए बांध कर रखती है पर जब खत्म होती है तब आप गम्भीर हो चुके होते हैं ।

# संस्कृति के मोह में हम साधना से हो रहे दूर

**कार्यक्रम**

**गायत्री परिवार ने 25 लोगों को दिया दीक्षा संस्कार**



**वाराणसी।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान एवं गायत्री परिवार के संयोजन में एकता पार्क, हरिनगर, कालोनी,चंदुआ छित्तूपुर वाराणसी के प्रांगण में चल रहे संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा के अंतिम सत्र में सामूहिक जप, ध्यान, प्रज्ञा योग के साथ शुरू हुआ। कथा वाचिका श्रीमती कमला शर्मा ने कहा कि आज हम पाश्चात्य संस्कृति के मोह में पड़ कर साधना से दूर होते जा रहे हैं। भारत की भूमि इतनी पवित्र है कि महान ऋषियों, मनीषियों,महामानव एवं देवताओं ने इसी भूमि पर जन्म लिया । पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का कार्यक्रम गायत्री महामंत्र के सस्वर उच्चारण के साथ शुरू हुआ । श्रीमती कमला शर्मा ने षष्ठ कर्म कराने के साथ विविध संस्कार कराया जिसके तहत 25 लोगों का दीक्षा संस्कार, एक गर्भवती महिला का पुंसवन संस्कार एवं 7 बच्चों का विद्यारम्भ संस्कार एवं 3 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार से संस्कारित कराया। इस मौके पर दीप महायज्ञ में 524 दीप प्रज्वलित किये गये। आरती कार्यक्रम संयोजक श्री प्रेम चंद बरनवाल ने सपत्नीक किया। कार्यक्रम में प्रेम चंद बरनवाल, पंडित गंगाधर उपाध्याय, देवता प्रसाद शर्मा, जनार्दन पाण्डेय, रमन कुमार श्रीवास्तव रमेश गुप्ता,घनश्याम राम, रजनीश कुमार मल्होत्रा, अनिल कुमार पांडेय, मुन्ना, अचल कुमार श्रीवास्तव, मन्नू जी बृजेश कुमार पांडेय, धर्मवीर, श्रीमती पुष्पा बरनवाल, समेत काफी लोग मौजूद थे।



# भूल गए काशी के इस प्राचीन पुस्तकालय को

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

**आज पुस्तकालय की कहानियां और किताबों से प्यार, ये गुजरे जमाने का किस्सा बनती जा रही है। पुरानी पीढ़ियां किताबों को अपना दोस्त समझती थी। 90 की दशक तक लोग दिन के कई घंटे पुस्तकालय में गुजार देते थे। और साहित्यिक किताबों से लगायत धार्मिक ग्रंथों को पढ़ते उसपर बहस करते और फिर नवीन जानकारी के साथ उसे अपने जीवन में उतारते थे, किताबों से मिलने वाले ज्ञान का कभी ह्रास नहीं होता था। लेकिन आज की युवा पीढ़ी किताबों से बहुत दूर हो चुकी है। इस पीढ़ी के कई युवा ऐसे भी हैं, जिन्होंने पुस्तकालय का दरवाजा तक नहीं देखा। यह पीढ़ी सोशल नेटवर्किंग साइटों को दोस्त ही नहीं, बल्कि अपनी जिंदगी समझने लगी है। इसका नतीजा है कि स्कूली बच्चे सिर्फ अपने पाठ्यक्रम की किताबें ही पढ़ रहे हैं। साहित्य की दुनिया से बच्चे और अभिभावक दोनों ही दूर हो रहे हैं। जिसका नतीजा की शहर में आजादी के पूर्व से स्थापित कई पुस्तकालय पूरी अब पूरी तरह से बंद हो चुके हैं। इन्हें आज फिर से संरक्षित करने की जरुरत है।**

**कौन करेगा संरक्षित**

**गुरुबाग क्षेत्र में 1932 में स्थापित अभिमन्यु पुस्तकालय आज पूरी तरह से बंद है**

**कभी यहां पुस्तक को बाचने के लिए लोगों को घंटों लाइन में लगना पड़ता था**

**वाराणसी।** गुरुबाग तिराहे पर बड़े गुरुद्वारा के ठीक सामने स्थित अभिमन्यु पुस्तकालय को काशी के पुरातन वाचनालयों में से एक है। ब्रिटिश हुकूमत में वर्ष 1932 में पंडित अभिमन्यु की ओर से इस पुस्तकालय की स्थापना की गयी थी, सुबह सात से अपराह्न 11 बजे व शाम चार से रात आठ बजे तक संचालित होने वाले इस पुस्तकालय में बैठने के लिए लोगों की होड़ लगती थी। इतना ही नहीं समय से नहीं पहुंच पाये तो बैठने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता था, लेकिन आज यह सब गुजरे जमाने की बात हो गयी। 1932 में स्थापित यह पुस्तकालय अपनी शताब्दी वर्ष की ओर से तेजी से बढ़ रहा है, लोग जहां किसी संस्था के शताब्दी वर्ष होने पर उसे जश्न के तौर परमनाते हैं वहीं इस पुस्तकालय की दीवारें अपने अस्तित्व पर रो रहीं हैं, इस पुस्तालकय ने अंग्रेजों के घोड़ों के टापू की आवाजों को सुना है, इतना ही नहीं आजादी के दीवानों की टोलियों को अंग्रेजी हुकूमत के लिए लड़ने के लिए मसौदो को भी इन्हीं वाचनालय ने सुना है। लेकिन आज यह पुस्तकालय अपने अस्तित्व पर रो रहा है।

### शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर

वर्ष 1932 में स्थापित यह पुस्तकालय अपनी शताब्दी वर्ष की ओर बढ़ रहा है, लेकिन इसके जश्न के लिए किसी भी तरह की तैयारियां नहीं दिखायी दे रहीं, गेट बंद होने के चलते इसके प्रांगण में प्रवेश करने का सौभग्य तो नहीं मिल पाया लेकिन अंदर किताबों की स्थिति का आकलन स्वयं ही लगाया जा सकता है। काशी में प्राचीन पुस्तकालय की श्रृंखला में अब कुछ कही वाचनालय अपनी अस्तित्व में हैं। इन सब को संरक्षित करने की जरुरत है।

### पुस्तकालय से युवा पीढ़ी को जोड़ने की जरूरत

पुस्तकालयों से आज की युवा पीढ़ी को जोड़ने की अत्यंत आवश्यता है। इससे ना सिर्फ उन्हें अपनी संस्कृति से जोड़ा जा सकता है, बल्कि किताबों की दुनिया को फिर से जीवंत भी कर सकते हैं। इसके लिए हम सब को एक बार फिर से पहल करनी होगी, हांलाकि सरकार को भी इसके लिए कदम उठाने होंगे, प्राचीन पुस्तकालयों को संरक्षित करना होगा। भागदौड़ भरे जीवन में साहित्य पीछे छूट रहा है। भविष्य बनाने की दौड़ में युवा अपने साहित्य, इतिहास और धर्म से परिचित नहीं होना चाहता। इसके लिए जरूरी है कि बचपन से ही साहित्य के प्रति रूझान बढ़ाया जाए, जिससे कि पुस्तकों के प्रति लगाव बना रहे।

### तिलक ने बताया था पुस्तक को दोस्त

बाल गंगाधर तिलक ने कहा था कि मैं नरक में भी पुस्तकों का स्वागत करूंगा, क्योंकि जहां ये रहती हैं, वहां अपने आप ही स्वर्ग हो जाता है। लोकमान्य के इस कथन से पुस्तकों की महत्ता स्वयं स्पष्ट हो जाती है। माना भी जाता है कि पुस्तकों से अच्छा कोई दोस्त नहीं होता।

### बोले स्थानीय



अभिमन्यु पुस्तकालय के बगल में अपनी किताबों के दुकान पर बैठे अजय वर्मा ने बताया कि उनकी दुकान भी लगभग 50 साल पुरानी है, बचपन से ही इस पुस्तकालय को देखा जा रहा है, कभी यहां किताब पढ़ने वालों की लाइन लगती थी। करीब 12 से 15 साल पहले यह पुस्तकालय बंद हो चुका है। लोग इसकी राह भी भूल चुके हैं।

### कलाम ने कहा था, लाइब्रेरी को दोस्त

पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने भी कहा था कि एक अच्छी पुस्तक हजार दोस्तों के बराबर होती है जबकि एक अच्छा दोस्त एक लाइब्रेरी (पुस्तकालय) के बराबर होता है।